


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 तीसरे अंपायर को देना चाहिए था दखल : पंत

शी ने मुझसे कहा था कि चीन के खिलाफ है क्वाड : बाइडन 12



वर्ष : 12 | अंक : 343 | नई दिल्ली, रविवार, 24 अप्रैल, 2022 | वैशाख कृष्ण, अष्टमी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 41.0°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज का मौसम खुश्क और गर्म रहेगा, कहीं-कहीं तेज गर्मी के आसार हैं।

**पोल**

**क्या भारत में कॉमन सिविल कोड लागू हो पाएगा?**

| | |
|---|---|
| हां | 80% |
| नहीं | 10% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 54,030 |
| चांदी | 67,100 |
| सेंसेक्स | 57,197 |
| निफ्टी | 17,171 |

गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सीमा पार आतंकी सरगनाओं को दिया कड़ा संदेश

# आतंक के खिलाफ भारत सख्त

गुवाहाटी, एजेंसी

गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सीमा पार आतंकी सरगनाओं को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत को निशाना बनाने वाले आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में कोई संकोच नहीं किया जाएगा। भारत पहले ही यह संदेश दे चुका है कि आतंकवाद से सख्ती से निपटा जाएगा। मौजूदा वक्त में बांग्लादेश से घुसपैठ बंद हो गई है। पूर्वी सीमा पर शांति और स्थिरता बरकरार है क्योंकि बांग्लादेश मित्र राष्ट्र है।

1971 युद्ध के वीरों के सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सीमा पार से देश को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने में नहीं हिचकेगा। इस बार इंडो-चाइना के टकराव के समय मैंने अपने सेना के शौर्य और पराक्रम को देखा। मेरा भरोसा पक्का हो गया है कि दुनिया की कितनी बड़ी ताकत हो वह भारत माता के शीश को झुका नहीं सकती है।



राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार देश से आतंकवाद का सफाया करने के लिए काम कर रही है। भारत पहले ही यह संदेश देने में सफल रहा है कि आतंकवाद से सख्ती से निपटा जाएगा। यदि देश को बाहर से निशाना बनाया जाता है तो हम सीमा पार करने से नहीं हिचकिचाएंगे। भारत पश्चिमी सीमा पर जिस तनाव का अनुभव कर रहा है वह पूर्वी सीमा पर मौजूद नहीं है।

पूर्वी सीमा पर शांति कायम है क्योंकि बांग्लादेश एक मित्र देश है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि हाल ही में असम के 23 जिलों से अफ्सपा को पूरी तरह हटाया गया है। मणिपुर और नगालैंड के 15-15 पुलिस थानों से भी अफ्सपा हटाया गया है। यह इस इलाके में आई शांति और स्थिरता के कारण ही संभव हो पाया है। इसमें पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों की जितनी सराहना की जाए कम है। पहले एक भ्रांति थी कि सेना हमेशा AFSPA को लागू रखना चाहती है। राजनाथ सिंह ने कहा, 'कुछ लोगों को लगता है कि जम्मू-कश्मीर में सेना अफस्पा को जारी रखना चाहती है।

मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि आंतरिक सुरक्षा में भारतीय सशस्त्र बलों का नाममात्र का हस्तक्षेप है, लेकिन सशस्त्र बल चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर में शांति और शांति बनी रहे ताकि एपीएसपीए को स्वचालित रूप से निरस्त किया जा सके।'

**कड़ी चेतावनी**

- भारत पश्चिमी सीमा पर जिस तनाव का अनुभव कर रहा है वह पूर्वी सीमा पर मौजूद नहीं है। पूर्वी सीमा पर शांति कायम है क्योंकि बांग्लादेश एक मित्र देश है।

## प्रयागराज में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या

प्रयागराज, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के गंगापार थरवई क्षेत्र में शनिवार सुबह एक ही परिवार के पांच सदस्यों की नृशंस हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र के खेवराजपुर गांव निवासी राज कुमार(55)पत्नी कुसुम (50), पुत्री मनीषा (25) बहू सबिता और उसकी पुत्री मीनाक्षी की सोते समय अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। परिवार में एक पांच साल बच्ची जीवित बची है। सभी के सिर पर डंडे के चोट के निशान है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विस्तृत जानकारी हासिल हो सकेगी।

उन्होंने बताया कि मकान के एक कमरे में आग भी लगने की जानकारी है जिसे दमकल ने बुझाया। पुलिस को घटना की सूचना शनिवार की सुबह में मिली। पुलिस ने जांच के लिए सात टीमों का गठन किया है। परिवार की एक युवती एवं बहू से दुष्कर्म की आशंका पर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिल जाती है, इस मामले में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। इससे पहले गंगापार के नवाबगंज में पिछले सप्ताह एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या हुई थी। उनमें पति-पत्नी और उनकी तीन बेटियां थीं। बाद में पता चला था कि गहस्वामी ने ही पहले सभी की हत्या कर खुद भी आत्महत्या कर लिया था।



**दुखद घटना**

- खेवराजपुर गांव निवासी राज कुमार (55) पत्नी कुसुम (50), पुत्री मनीषा (25) बहू सबिता और उसकी पुत्री मीनाक्षी की सोते समय अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी।

केंद्र सरकार ने टीवी चैनलों के लिए जारी की सख्त एडवाइजरी, कहा-

# सनसनीखेज कवरेज और भड़काऊ हेडलाइन से बचें

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

यूक्रेन-रूस युद्ध और दिल्ली दंगों की टेलीविजन कवरेज पर आपत्ति जताते हुए केंद्र सरकार ने शनिवार को समाचार चैनलों को सख्त एडवाइजरी जारी किया है। सरकार ने उनसे संबंधित कानूनों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम संहिता का पालन करने को कहा है केंद्र सरकार ने इसके लिए यूक्रेन-रूस युद्ध पर रिपोर्टिंग करते समय समाचार एंकरों द्वारा 'हाइबरबोलिक' (बढ़ा-चढ़ाकर) बयानों और निंदनीय सुर्खियों और टैगलाइनों' के विशिष्ट उदाहरणों का हवाला दिया। टीवी चैनलों ने असत्यापित सीसीटीवी फुटेज को प्रसारित कर उत्तर पश्चिमी दिल्ली में घटनाओं की जांच प्रक्रिया को बाधित किया। एडवाइजरी में यह भी कहा कि उत्तर पश्चिमी दिल्ली की घटनाओं पर टेलीविजन चैनलों पर कुछ बहसों में असंसदीय, उत्तेजक और सामाजिक रूप से अस्वीकार्य भाषा का प्रयोग किया गया। पिछले हफ्ते हनुमान जयंती जुलूस के दौरान उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी में दो समुदायों के बीच झड़प हो गई थी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एडवाइजरी में टेलीविजन चैनलों पर सामग्री प्रसारित करने के तरीके के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की है। इसने चैनलों को दृढ़ता से सलाह दी कि वे केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम 1995 और उसके तहत नियमों का उल्लंघन करने वाली किसी भी सामग्री को प्रकाशित और प्रसारित करने से तुरंत बचें।अधिनियम के तहत कार्यक्रम संहिता की धारा 6 में कहा गया है कि केबल सेवा में कोई भी कार्यक्रम नहीं चलाया जाना चाहिए, जो अच्छे स्वाद या शालीनता के खिलाफ हो। जिसमें मित्र देशों की आलोचना शामिल है, जिसमें धर्मों या समुदायों पर हमला या धार्मिक समूहों के प्रति अवमानना करने वाले दृश्य या शब्द शामिल हैं या जो सांप्रदायिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हैं। जिसमें अश्लील, मानहानिकारक, जानबूझकर, झूठे और विचारोत्तेजक संकेत और अर्धसत्यकुछ भी शामिल हों। एडवाइजरी में कहा गया कि रूस-यूक्रेन युद्ध पर रिपोर्टिंग करते समय यह देखा गया है कि चैनल झूठे दावे कर रहे हैं और अक्सर अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों या एक्टर्स को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। इस दौरान निंदनीय सुर्खियों या टैगलाइन का उपयोग पूरी तरह से समाचार से संबंधित नहीं है। यह भी देखा गया कि इन चैनलों के कई पत्रकारों और समाचार एंकरों ने दर्शकों को उकसाने के इरादे से 'मनगढ़ंत और अतिशयोक्तिपूर्ण' बयान दिए। एडवाइजरी में 'परमाणु पुतिन के बारे में चिंतित जेलेंस्की', 'परमाणु एक्शन की चिंता से जेलेंस्की को डिप्रेशन' जैसे टैगलाइन या सुर्खियों के उपयोग के उदाहरणों का भी हवाला दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के असत्यापित दावे को गलत तरीके से उद्धृत करते हुए कहा गया कि तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका है। एडवाइजरी में कहा गया कि एक चैनल ने यूक्रेन पर आगामी परमाणु हमले का सबूत होने का दावा करते हुए मनगढ़ंत तस्वीरें प्रसारित कीं।

**हिदायत**

- एडवाइजरी में 'परमाणु पुतिन के बारे में चिंतित जेलेंस्की', 'परमाणु एक्शन की चिंता से जेलेंस्की को डिप्रेशन' जैसे टैगलाइन या सुर्खियों के उपयोग के उदाहरणों का भी हवाला दिया गया है

सत्यमेव जयते
Ministry of Information and Broadcasting
Government of India

## भारत की आर्थिक वृद्धि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में मजबूत और उच्चतम : सीतारमण

वाशिंगटन, एजेंसी

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामले मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि चालू वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में मजबूत और उच्चतम है और यह भारत की उदार नीति और मजबूत रिकवरी को दशार्ती है। श्रीमती सीतारमण ने यहां विकास समिति के पूर्ण सत्र की 105वीं बैठक में यह बात कही। बैठक में डिजिटलीकरण और विकास, विकास और व्यापक आर्थिक स्थिरता के लिए ऋण और यूक्रेन में युद्ध के वैश्विक प्रभावों के प्रति विश्व बैंक समूह की प्रतिक्रियाः एक प्रस्तावित प्रारूप जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

उन्होंने कहा कि भारत ने बेहद सक्षमता के साथ कोविड-19 महामारी संकट का सामना किया और टीकाकरण में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए अब तक लोगों को 1.85 अरब से अधिक कोविड-19 वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ने स्वेच्छा से सभी देशों को कोविड वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (कोविन) प्लेटफॉर्म की पेशकश की और वह इस प्रमाणित और महत्वपूर्ण रूप से उपयोगी डिजिटल प्लेटफॉर्म के महत्व को पहचानते हुए अन्य सार्वजनिक-वस्तुओं के प्लेटफॉर्म के लिए भी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। वित्त मंत्री ने बैठक में श्रीलंका की संकटपूर्ण स्थिति की भी चर्चा की और आशा व्यक्त की कि श्रीलंका को निर्णायक राहत मिलेगी ताकि वह संकट से बाहर आ सके।



- वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ने स्वेच्छा से सभी देशों को कोविड वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क प्लेटफॉर्म की पेशकश की

## संक्षिप्त खबर

### कोविड टीकाकरण में 187.46 करोड़ टीके लगे

नई दिल्ली। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 187.46 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 187 करोड़ 46 लाख 72 हजार 536 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 2527 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश के विभिन्न अस्पतालों में उपचार करा रहे कोरोना रोगियों की संख्या 15 हजार 79 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.04 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.56 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 1656 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख 17 हजार 724 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.75 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में 4 लाख 55 हजार 179 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 83 करोड़ 42 लाख 81 हजार 170 कोविड परीक्षण किए हैं।

### उच्च शिक्षा के लिए पाकिस्तान न जाएं छात्र: यूजीसी

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने भारतीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए पाकिस्तान न जाने की सलाह दी है। इन दोनों संगठनों ने एक वक्तव्य जारी करके भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीय छात्रों को उच्च शिक्षण के लिए पाकिस्तान न जाने की सलाह दी है। वक्तव्य में कहा गया है कि पाकिस्तान से किसी भी तरह का उच्च शिक्षण हासिल करने वाले छात्रों को वहां की डिग्री के आधार पर भारत में कोई रोजगार या अन्य उच्चतर अध्ययन संस्थानों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। संगठनों ने यह स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान से विस्थापित होकर यहां लौटे लोग और उनके बच्चे जिन्हें भारत की नागरिकता मिल गई है वे पाकिस्तान में हासिल की गई शिक्षा के आधार पर भारत में रोजगार पाने के योग्य होंगे लेकिन इसके लिए उन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय से सुरक्षा संबंधित मंजूरी लेनी होगी।

### 'मंदिर वहीं बनाएंगे, तोड़ने वालों पर होगी एफआइआर', अलवर मामले में कांग्रेस का ऐलान

जयपुर। राजस्थान के अलवर में 300 साल पुराना मंदिर ढहाए जाने के मामले में अब कांग्रेस एकदम फ्रंटफुट पर है। कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने अलवर जिले के राजगढ़ का दौरा किया। कांग्रेस नेताओं को इस दौरान लोगों के आक्रोश का भी सामना करना पड़ा। कांग्रेस नेता भंवर जितेंद्र सिंह ने ऐलान किया है कि उसी जगह मंदिर का फिर से बनवाएंगे।

भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा- आश्वस्त करना चाहता हूं कि उसी जगह मंदिर का निर्माण कराएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि नगर पालिका चेयरमैन के साथ ही मंदिर तोड़े जाने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी।

## हनुमान चालीसा पढ़ने 'मातोश्री' जाने का फैसला बदला

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा और लाउडस्पीकर पर राजनीति बढ़ती जा रही है। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा ने आज मातोश्री के बाहर हुनमान चालीसा पढ़ने का ऐलान किया था। इसके बाद नवनीत राणा की बिल्डिंग के नीचे भारी संख्या में शिवसैनिक सुबह से ही डटे हैं। हालांकि, दिन भर के हंगामे के बाद बडनेर सीट से निर्दलीय विधायक रवि राणा ने एक बयान जारी कर कहा कि कल प्रधानमंत्री मोदी मुंबई आ रहे हैं और हम उनके कार्यक्रम में किसी तरह का विघ्न नहीं चाहते हैं, इसलिए मातोश्री जाकर 'हनुमान चालीसा' पढ़ने के अपने फैसले को वापस लेते हैं।

**शिवसेना गुंडों की पार्टीः नवनीत राणा**

अपने इस फैसले के बाद सांसद नवनीत राणा ने कहा कि हमारा उद्देश्य था कि संकट मोचन संकट हटाएं। उद्धव ठाकरे ने हमारे घर गुंडे भेजे हैं। शिवसेना तो खत्म हो गई है। असली शिवसैनिक तो बाला साहब के साथ चले गए हैं। अब गुंडों की शिवसेना रह गई है। हमारे मुख्यमंत्री का सिर्फ यही काम रह गया है कि किस पर क्या कार्रवाई करवानी है, किसे जेल भेजना है और किसे तड़ीपार करना है।

नवनीत राणा ने आगे कहा कि उट का ध्यान किसान सुसाइड पर नहीं रहता। बिजली समस्या पर नहीं बोलते। बेरोजगारी पर चुप रहते हैं। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से गुजारिश है कि हमारे महाराष्ट्र को बचाया जाए। यहां के हालात खराब हैं। दो साल तक CM मंत्रालय तक नहीं गए। हमारा मकसद पूरा हो गया है।

अब मातोश्री के बाहर प्रदर्शन नहीं करेंगे। इससे पहले दिन भर राणा दंपत्ति के खार स्थित घर पर जमकर हंगामा हुआ। पुलिस और शिवसैनिकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

शिवसैनिकों ने राणा के घर के बाहर लगे बैरियर तोड़ दिए और घर में घुसने की कोशिश की। शिवसैनिकों ने कहा कि हम अमरावती का कचरा साफ करने आए हैं। इस पूरे विवाद पर महाराष्ट्र के गृहमंत्री दिलीप वालसे पाटिल ने कहा,'मुंबई और महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी है। कुछ लोग विभिन्न घटनाओं के माध्यम से यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है और यहां राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए।'

**राजनीति**

- नवनीत राणा ने कहा-शिवसेना अब गुंडों की पार्टी, हमारा मकसद पूरा हुआ इसलिए नहीं जाएंगे मातोश्री

## इतिहासकारों ने किया कुंवर सिंह की वीरता के साथ अन्याय, मगर उनका नाम मिटने वाला नहीं: शाह

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

अंग्रेजों पर बाबू कुंवर सिंह की बड़ी जीत की याद में बिहार के जगदीशपुर में शनिवार को आयोजित विजयोत्सव में सबसे ज्यादा राष्ट्रीय ध्वज फहराने का विश्व कीर्तिमान बना। एक साथ 77 हजार 793 लोगों ने तिरंगा लहराया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कुंवर सिंह के प्रति इतिहासकारों ने अन्याय किया था। उनकी वीरता के अनुरूप जगह नहीं दी गई, लेकिन आज फक्र के साथ कह सकता हूं कि उनका नाम मिटने वाला नहीं है। लाखों की संख्या में एकत्र लोगों के भाव को देखकर कहा जा सकता है कि बाबू कुंवर सिंह को भुलाया नहीं जा सकता है। 23 अप्रैल वही ऐतिहासिक तिथि है, जब 1858 में कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की उम्र में भी बहादुरी से लड़ते हुए अंग्रेजों की बड़ी सेना को पराजित किया था। उन्होंने 163 साल पहले इस धरती को आजादी का मतलब बताया था। अमित शाह ने कहा कि इतिहासकारों ने 1857 की क्रांति को विफल क्रांति कहकर अपमानित किया था। किंतु वीर सावरकर ने पहली बार इसे आजादी की पहली लड़ाई बताकर सम्मान दिया। उस संग्राम में कुंवर सिंह अकेले ऐसे पराक्रमी पुरुष थे, जिन्होंने आरा से अयोध्या तक अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और उन्हें पराजित किया। 1857 में कुंवर सिंह ने सिर्फ बिहार ही नहीं, यूपी के रीवा, बांदा, आजमगढ़, बलिया, बनारस, गाजीपुर और अयोध्या तक अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। वादा किया कि केंद्र सरकार आरा में उनकी स्मृति में भव्य स्मारक बनाएगी। अमित शाह ने कहा कि मैंने ऐसा कार्यक्रम पहले कभी नहीं देखा। निशब्द हूं।



**पटना दौरा**

- मैंने ऐसा कार्यक्रम पहले कभी नहीं देखा। निशब्द हूं। लाखों लोग चिलचिलाती धूप में तिरंगा लेकर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि दे रहे हैं: अमित शाह

**निमंत्रण** मध्यप्रदेश में स्टार्टअप बड़ी तेजी से उभर रहे हैं : शिवराज सिंह चौहान

## शिवराज ने की पीएम से मुलाकात, मध्यप्रदेश आने का दिया निमंत्रण

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें खरगोन में हुई सांप्रदायिक हिंसा, राज्य की कानून व्यवस्था, नक्सल समस्या, स्लीपर सेल से जुड़े आतंकवादियों की गिरफ्तारी से जुड़ी घटनाओं को लेकर ताजास्थिति से अवगत कराया और प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन एवं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए मध्यप्रदेश आने का निमंत्रण दिया।

प्रधानमंत्री के सात लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर करीब 45 मिनट तक चली इस मुलाकात में श्री चौहान ने श्री मोदी को अगले वर्ष 2023 में नौ जनवरी को इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में आने का निमंत्रण दिया जिसे प्रधानमंत्री ने स्वीकार कर लिया।



इससे पहले सात एवं आठ जनवरी को इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाएगा। बैठक में श्री चौहान ने आदिवासी वर्ग के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों को लेकर भी चर्चा की।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद चौहान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को मध्य प्रदेश में चल रहे विकास के कामों और जनकल्याणकारी कामों की जानकारी दी। वह मैन ऑफ आइडियाज यानी नये विचारों एवं प्रेरणा का स्रोत हैं। उनका मार्गदर्शन हमें मिलता रहता है। उनके सुझावों को हम क्रियान्वित करने जा रहे हैं। मुख्य रूप से जो चीजें तय हुई हैं, वह यह है कि पहले हम 4 से 6 नवंबर के बीच इन्वेस्टर्स समिट करने वाले थे। अब हम इसे जनवरी में आयोजित करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि उज्जैन में महाकाल महाराज के मंदिर परिसर बनकर तैयार है। यह अपने आप में अद्भुत है। इस परिसर में रूद्र सागर सरोवर, शिव स्तंभ, सप्त ऋषि स्थल, कमल-कुंड, नवग्रह वाटिका है, जिनका लोकार्पण हम उनके हाथों संपन्न कराना चाहते हैं। शिवकथा को चित्रित करने का काम हुआ है। यह अपने आप में अद्भुत है। प्रधानमंत्री जी से निवेदन किया कि इसका लोकार्पण उनके हाथों से संपन्न हो जिस पर उनकी सहमति मिल गयी है। वे इस परिसर को लोकार्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में स्टार्टअप बड़ी तेजी से उभर रहे हैं। राज्य सरकार ने अपनी स्टार्टअप की पॉलिसी बनाई है। उसको हम लॉन्च करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने उसके लिए भी मई में हमको वर्चुअली जुड़ने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण तथा एनपीसीआई के साथ विशेषज्ञ परामर्श कर मध्य प्रदेश में ई-रुपी का उपयोग प्रारंभ किया गया है। विभिन्न शासकीय योजनाओं में कृषि उपकरण खरीद के लिए ई-रुपी का उपयोग किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा हर साल 5.75 लाख छात्रों को साइकिल खरीदने हेतु 200 करोड़ की राशि का वितरण होता है। ई-रुपी के माध्यम से साइकिल वितरण हेतु राशि वितरण भोपाल तथा इंदौर जिले में की जाएगी। इसके लिए 2022-23 में पायलट योजना का क्रियान्वयन होगा।

**चर्चा**

- मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण तथा एनपीसीआई के साथ विशेषज्ञ परामर्श कर मध्य प्रदेश में ई-रुपी का उपयोग प्रारंभ किया गया है।

## राजस्थान को तालिबान बना दिया: राज्यवर्धन सिंह राठौर

जयपुर, एजेंसी

पूर्वी केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर राज्य को तालिबान बना देने का आरोप लगाया। अलवर की घटना पर बोलते हुए राठौर ने कहा, ररराजस्थान को तालिबान बना दिया है। हमारा प्रदेश जो बहादुरी व महिला सम्मान के लिए जाना जाता था वो अब महिला उत्पीड़न में पहले नंबर पर है। मंदिर तोड़ने में राज्य पहले नंबर पर है, जैसे किसी एक विशेष समुदाय के लिए सरकार चला रहे हों। अलवर जिले के राजगढ़ कस्बे में अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान दो मंदिरों को ध्वस्त किए जाने को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। राजगढ़, कांग्रेस शासित राज्य में भाजपा शासित नगरपालिका है। अलवर से भाजपा सांसद बालकनाथ ने आरोप लगाया कि इस सप्ताह की शुरूआत में की गई कार्रवाई में एक मंदिर की प्रतिमा को भी नुकसान पहुंचा है। राजस्थान के मंत्री शांति धारीवाल ने भाजपा पर आरोप लगाया और कहा कि राज्य सरकार मामले पर नजर रख रही है। गौरतलब है कि राजगढ़ में रविवार और सोमवार को दो मंदिरों और कुछ दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने कस्बे में एक सड़क को चौड़ा करने के लिए की गई इस कार्रवाई को अतिक्रमण रोधी अभियान बताया है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई की मंजूरी भाजपा शासित राजगढ़ नगरपालिका बोर्ड ने दी थी और कार्रवाई में किसी भी प्रतिमा या गर्भगृह को नुकसान पहुंचने से इंकार किया है।

- महिला उत्पीड़न और मंदिर तोड़ने में पहले नंबर पर प्रदेश: राज्यवर्धन

## संक्षिप्त खबरें

### हल्द्वानी में प्रांतीय नगर व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष की पत्नी ने फांसी लगाकर जान दी


हल्द्वानी। प्रांतीय नगर व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता की पत्नी ने खुदकुशी कर ली। उसका शव फंदे से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की तैयारी शुरू कर दी है। इधर, मृतका के स्वजनों ने बेटी को खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। राजेन्द्रनगर राजपुरा गली नम्बर एक निवासी सचिन गुप्ता प्रांतीय नगर व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। पुलिस के मुताबिक शनिवार की सुबह साढ़े छह बजे उनकी पत्नी क्षमा (26) ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जिस कमरे में महिला ने फांसी लगाई वहां उसका पति सोया हुआ था। उसकी आंख खुली तो पत्नी को फंदे पर पाया। उसने शोरशराबा कर स्वजनों को बुलाया। मृतका को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाल हरेंद्र चौधरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मजिस्ट्रेट अधिकारी के सामने पंचनामा भरा। वहीं सूचना पर मृतका के मायके पक्ष के लोग कस्बा दिवचरा, बलिया, बरेली से पहुंच गए हैं। उनका आरोप है कि बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाया गया है। बहरहाल, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के ढाई साल का एक बेटा व एक बेटी दोनों जुड़वा बच्चे हैं। स्वजनों के अनुसार सुबह छह बजे उठकर क्षमा ने स्वजनों को चाय पिलाई थी।

### जंगल की आग से पारा ही नहीं प्रदूषण में भी इजाफा

अल्मोड़ा। जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के वैज्ञानिकों ने कहा कि जंगलों की आग से हवा में 50 फीसद तक ब्लैक कार्बन की मात्रा बढ़ गई है। जिसने पहाड़ की शुद्ध हवा को जहरीला बना दिया है। इससे तापमान में 0.9 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि भी हो गई है। पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद खतरनाक जंगल की आग का असर आंधी-तूफान, बाढ़, बादल फटने, तेजी से ग्लेशियर पिघलने की घटनाओं के रुप में दिखाई देगा। ग्लेशियर भी तेजी से पिघलेंगे। जंगलों की आग से निकलने वाला ब्लैक कार्बन जहां पर्यावरण को नुकसान कर रहा है वहीं यह धरती के तापमान को भी बढ़ा है। ब्लैक कार्बन पूरे इको सिस्टम पर असर डाल रहा है।

# हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन विषय पर हुआ परिचर्चा का आयोजन

**लक्सर, प्रात: किरण संवाददाता**




कल्याण सिंह रावत देवभूमि विचार मंच रुड़की के द्वारा पृथ्वी दिवस पर हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, मैती आंदोलन के जनक प्रोफेसर सुमिता झा, सोशल साइंस डिपार्टमेंट आईआईटी रुड़की और सानिध्य के रूप में भगवती प्रसाद राघव, क्षेत्रीय संयोजक प्रज्ञा प्रवाह रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ किरन बाला द्वारा किया गया। परिचर्चा में पद्म श्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि अगर समृद्ध जीवन जीना चाहते हैं तो हमें पृथ्वी के बारे में भी चिंतन करना होगा। उन्होंने बताया कि 26 प्रतिशत ग्लेशियल लुप्त हो रहे हैं। हिमालय के संरक्षण के लिए गंभीरता से विचार करना होगा। उत्तराखंड में हरित समृद्धि वेदों में इसको अरुणा प्रदेश यानी सदाबहार जंगल वाला प्रदेश का आ गया लेकिन आज लोग पानी के लिए तरस रहे हैं क्योंकि हम पानी का सही तरीके से संवर्धन नहीं कर पा रहे जंगल में आंख का मुख्य कारण चीड़ का पेड़ है मिश्रित जंगल में जहां बांस के पेड़ होते थे वहां भी आज चीड़ के पेड़ ने अपना साम्राज्य जमा दिया है। कोरोना के समय पर्यावरण की स्थिति जरूर सुधरी लेकिन लॉकडाउन खुलते ही फिर से आज पर्यावरण खतरनाक स्थिति में है। कहा मैती आंदोलन को शुरू करने का उद्देश्य यह था कि जब बेटी घर से विदा होती है तो वह एक पेड़ लगाएगी और उसके घर वाले बेटी के लगाए गए पेड़ की रक्षा करेंगे ताकि वह उसकी याद को संजो कर रखें इसी प्रयास से आज उत्तराखंड में काफी वृक्ष हो गए हैं प्रोफेसर स्मिता जाने कहां की भारत एक विकासशील देश है और जो स्वामीनाथन कमेटी के द्वारा हरित क्रांति की बात की गई थी उस हरित क्रांति को आज पूर्ण रुप से लागू करने की जरूरत है उन्होंने बताया की कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों के साथ काफी विकास हुआ है लेकिन आज दूषित पर्यावरण है हमें यह सोचने को मजबूर कर दिया है कि आने वाला समय कैसा होगा उन्होंने बताया कि आज फिर से एकजुट होकर पर्यावरण को बचाने के लिए जन आंदोलन की दरकार है कार्यक्रम के आयोजक डॉ किरण बालन ने कहा कि पृथ्वी दिवस का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना और इसके संरक्षण के लिए प्रेरित करना है उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष की थीम इन्वेस्ट इन अवर प्लेनेट है। प्रज्ञा प्रवाह के क्षेत्र के संयोजक भगवती प्रसाद राघव ने कहा कि पृथ्वी दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रदूषण वनों की कटाई और ग्लोबल वार्मिंग सहित मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाना है। लोगों को एक साथ आने के लिए प्रेरित करना और धरती की समस्या का समाधान खोजने में मदद करना है। प्रो. राजेश पालीवाल ने कहा की प्रकृति और पर्यावरण की जिम्मेदारी किसी अकेले की नहीं पूरे समाज की है लेकिन लोग उसे सरकार पर छोड़ देते हैं। यदि धरती से प्यार है तो धरती की सिसकी भी सुननी होगी। परिचर्चा में डॉ तीर्थ प्रकाश विवेक कंबोज डॉ अनुराग अग्रवाल, डॉ. काला एवं सामाजिक कार्यकताओं शोधकताओं और छात्रों ने भाग लिया। कहा कि समसामयिक विषयों को लेकर देवभूमि विचार मंच शोध कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श कर रहा है और इस दिशा में हर शहर में शोध केंद्रों को खुला जाएगा। जहां शोधार्थी शिक्षार्थी सामाजिक कार्यकर्ता के अलावा प्रशासन के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को भी अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। साथ ही उनसे यह भी प्रयास किया जाएगा कि वह नई नई चीजों को खोज कर समाज के सामने लाने का प्रयास करें।

## अवैध कब्जों पर करें कार्रवाई अन्यथा कार्रवाई को रहे तैयार : डीएम

**हरिद्वार, प्रात: किरण संवाददाता**

जिलाधिकारी हरिद्वार विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में शासकीय भूमिए सम्पत्तियों से अनधिकृत कब्जा हटाये जाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व में शासकीय भूमिए सम्पत्तियों से अनधिकृत कब्जा हटाये जाने के सम्बन्ध में दिये गये निदेर्शों के क्रम में अब तक विभिन्न विभागों द्वारा क्या कार्रवाई की गई के बारे में प्रत्येक विभाग के अधिकारियों से सिलसिलेवार विस्तृत जानकारी ली। विनय शंकर पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय भूमिए सम्पत्तियों से अनधिकृत कब्जा हटाये जाने के प्रकरण को गंभीरता से लें।

उन्होंने कहा कि इसकी मॉनिटरिंग राज्य स्तर पर हो रही है। जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को पुनः स्पष्ट निर्देश दिये कि वे अपने. अपने कार्यालय में रखे सम्पत्ति रजिस्टर के अनुसार शासकीय भूमिए सम्पत्ति का मिलान कर लें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि उनकी विभागीय सम्पत्तिए भूमि पर कोई अवैध रूप से काबिज तो नहीं है। उन्होंने निर्देश दिये कि इस सम्बन्ध में वे अपनी सुस्पष्ट आख्या भूमिध सम्पत्ति के सुस्पष्ट अभिलेखों एवं स्पष्ट नजरी नक्शे सहित एक माह के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा यह भी सूचना दें कि अवैध कब्जाधारी कौन है। विनय शंकर पाण्डेय ने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिये कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी इस आशय का एक प्रमाण पत्र जारी करेंगे कि उनके यहां कौन सी शासकीय भूमिध्सम्पत्तियां उनके कब्जे में हैं तथा कौन सी अनधिकृत कब्जे में है। उन्होंने कहा कि इसका अभिलेखीकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ सौरभ गहरवार, अपर जिलाधिकारी; वित्त एवं राजस्वद्ध बीर सिंह बुदियालए अपर जिलाधिकारी प्रशासन पीएल शाहए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रूड़की अंशुल सिंहए एमएनए दयानन्द सरस्वती, एसडीएम पूरन सिंह राणाए एसडीएम लक्सर संगीता कनौजिया, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी, मुख्य उद्यान अधिकारी नरेन्द्र यादव, महाप्रबन्धक उद्योग पल्लवी गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण सुरेश तोमर, ईओ नगर पंचायत पिरान कलियर रमेश सिंह रावत, ईओ नगरपालिका परिषद मंगलौर विजय चौहान, कर अधिकारी भानु प्रताप सिंहए एसडीओ अजय कुमार, एसडीओ वन केएस रावत, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि लक्सरए खण्ड विकास अधिकारियों समेत जनपद के सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने बांटी महिलाओं को फोर्टिफाइड चावल किट

**हरिद्वार, प्रात: किरण संवाददाता**

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकासए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलेए खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री रेखा आर्य ने शुक्रवार को गोविन्दपुरी राजीव नगर में आजादी का अमृत महोत्सव अन्नोत्सव के अन्तर्गत निःशुल्क खाद्यान्न एवं फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया। समारोह में मंत्री खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरूआत कोराना काल में अन्न की सुरक्षा प्रदान करते हुये उस समय कीए जिस समय आम जन को इसकी नितान्त आवश्यकता थी।उन्होंने कहा कि उसी कड़ी में अब भोजन को और पोषणयुक्त बनाने के लिये हरिद्वार जनपद से फोर्टिफाइड चावल के वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फोर्टिफाइड चावल की यह विशेषता है कि इसमें बिटामिट बी.12ए आइरन होने के साथ.साथ यह नाड़ी तंत्र को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि कुपोषण के खिलाफ अब लड़ाई खाद्य विभाग के माध्यम से भी लड़ी जायेगी। रेखा आर्या ने कहा कि आने वाले समय में हम ऐसी.ऐसी वस्तुयें राशनकार्ड धारकों को फोटीर्फाइड नमक उपलब्ध करानाए चीनी की मात्रा बढ़ानाए तेल उपलब्ध कराना तथा मातृशक्ति को अन्त्योदय योजना में एक वर्ष में तीन एलपीजी सिलेण्डर मुफ्त देने के प्रस्ताव पर कार्य कर रहे हैं ताकि महंगाई का आप पर कोई प्रभाव न पड़े। कार्यक्रम में मंत्री रेखा आर्या ने हरदेईए विनीताए बालाए रमोलीए विद्यादेवीए मायाए पार्वतीए पंकजए घनश्यामए शारदा आदि को फोर्टिफाइड चावल के किट वितरित किये। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने ष्पृथ्वी दिवसष् के अवसर पर प्रकृति के संरक्षणार्थ गोविन्द घाट के निकट स्थित गोविन्द उद्यान में नीमए पीपल एवं आम के पौंधों का रोपण भी किया।

मंत्री रेखा आर्या ने बाल विकास गृह रोशनाबाद भी पहुंचीए जहां उन्होंने बाल विकास गृह का औचक निरीक्षण किया तथा वहां बच्चों से मुलाकात करते हुये बाल विकास गृह की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर आयुक्त खाद्य पीएस पांगतीए आरएसपी गढ़वाल मण्डल बीएल राणा, मुख्य विपणन अधिकारी एमएस विशेन, डीएसओ केके अग्रवाल, जिला क्रीड़ा अधिकारीए जिला महामंत्री भाजपा आदेश सैनी, डॉ. विशाल गर्ग, विदित शर्माए तेज प्रताप साहूए सस्ता गल्ला यूनियन अध्यक्ष समेत सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोदी के मन की बात से आया आइडिया, नौकरी छोड़ बलवंत आधुनिक खेती से कमा रहे पांच से आठ लाख

**बागेश्वर, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में स्वरोजगार का संदेश ऐसा जंचा कि दिल्ली में होटल की नौकरी छोड़ बागेश्वर जिले के गैराड़-बिलखेत गांव निवासी बलवंत सिंह नगरकोटी गांव लौट आए। आज वह आधुनिक खेती से सालाना पांच से आठ लाख तक कमा रहे हैं।

उन्होंने शुरूआत मशरूम उत्पादन से की। इसके बाद पालीहाउस लगाकर शिमला मिर्च और नवीन प्रजाति के टमाटर की पैदावार शुरू की। अभी वह डिमरी मशरूम के उत्पादन में जुटे हैं। विगत दिनों जिले के भ्रमण पर आए राज्यपाल गुरमीत सिंह ने प्रभावित होकर उन्हें सम्मानित भी किया।

आज बलवंत सिंह से प्रेरित गांव के 10 युवा भी बाहर की नौकरी छोड़ उद्यान व कृषि विभाग की योजनाओं की मदद से आत्मनिर्भर बने हैं। उनकी सोच और मेहनत ने गांव की 100 नाली परती जमीन को भी हरियाली से भर दिया। इस पहल से आज गांव में खुशहाली है। रिवर्स पलायन की भी उम्मीद जगी है। गैराड़-बिलखेत के लोग यूं तो पारंपरिक खेती करते हैं। लेकिन गांव के युवा बलवंत ने जिला योजना से चार पालीहाउस लगाए। उन्हें 80 प्रतिशत अनुदान भी मिला, जिसमें 25 क्विंटल शिमला मिर्च, 50 क्विंटल टमाटर का उत्पादन हुआ। वर्तमान में कद्दू, लौकी, खीरा, करेला तैयार है।

काश्तकार बलवंत सिंह नगरकोटी ने बताया कि मशरूम उत्पादन के लिए 10 क्विंटल कंपोस्ट पर भी राज सहायता प्रदान हुई है। ज्योलीकोट से खाद लेकर आए, जिसमें डिमरी मशरूम का उत्पादन कर रहे हैं। बटन मशरूम का 250 क्विंटल उत्पादन किया और लगभग एक लाख रुपये का लाभ हुआ। इस काम में गांव के 10 युवाओं को भी साथ जोड़ा है।

जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि दो हजार वर्ग मीटर में पालीहाउस बनाया गया है। उन्हें मलिचिंग सीट भी उपलब्ध कराई गई है, जिसमें नमी रहती है। सिंचाई की बार-बार जरूरत नहीं होती। बलवंत बेहतर काम कर रहे हैं और आठ लाख रुपये तक सालाना आय भी करने लगे हैं।

## उत्तराखंड में सीएम की सीट पर पुरुषों से आगे रहती हैं महिला वोटर

**हल्द्वानी, एजेंसी**



भाजपा विधायक कैलाश गहतोड़ी के इस्तीफे के बाद चम्पावत सीट से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अब उपचुनाव के मैदान में उतर चुके हैं। जबकि कांग्रेस इस हाट सीट पर टक्कर देने के लिए प्रत्याशी ढूंढने में जुटी हैं। पूर्व विधायक व हाल में प्रत्याशी भी रहे हेमेश खर्कवाल समेत अन्य चेहरों में से किसी एक पर मुहर हाईकमान का निर्देश मिलते ही लग जाएगी।

बात मतदाताओं की करें तो पहाड़ और मैदानी क्षेत्र से जुड़ी इस सीट पर भले पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या कम हो। लेकिन मतदान के दिन बूथ पर जाकर लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करने में महिलाएं पिछले 15 साल से आगे हैं। उपचुनाव में भी महिला वोटर निर्णायक भूमिका निभाएंगी। राज्य गठन के बाद से चम्पावत सीट पर तीन बार भाजपा और दो बार कांग्रेस ने परचम लहराया है। हर चुनाव में यहां के मतदाता विधायक को बदल देते थे। लेकिन 2022 के चुनाव में कैलाश गहतोड़ी लगातार दूसरी बार यहां से चुनाव जीते। कई दिनों से चर्चा थी कि सीएम धामी चम्पावत से चुनाव लड़ेंगे।

गहतोड़ी के इस्तीफे से मुहर भी लग गई। गुरुवार को सीएम चम्पावत विधानसभा पहुंचे भी थे। वहीं, हालिया चुनाव की बात करें तो पता चलता है कि मतदाताओं के तौर पर महिलाओं की संख्या पुरुषों से 4098 कम थी। लेकिन बूथ तक पहुंचने में वह आगे रही। महिला मत 32602 पड़े थे। जबकि 30768 पुरुषों ने वोट दिया था।

## डीजीपी से मिले विपक्षी विधायक, कानून व्यवस्था को लेकर उठाए सवाल

**देहरादून, प्रात: किरण संवाददाता**



● डाडा जलालपुर मामले की हो निष्पक्ष जांच: ममता राकेश

जनपद हरिद्वार के गैर भाजपाई विधायकों ने शनिवार को उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार से मुलाकात कर उन्हे ज्ञापन सौंपा। इसमें विधायको ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए।

विधायको ने भगवानपुर के डाडा जलालपुर हुए बवाल में निष्पक्ष जांच की मांग की। भगवानपुर विधायक ममता राकेश ने डीजीपी से मांग की कि मामले में पुलिस एकतरफा रवैया न अपनाए। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और इसमें जो भी दोषी हैं उस पर कार्रवाई की जाए।

विधायको ने डाडा जलालपुर हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा को अपरम्परागत बताते हुए इसके बिना अनुमति के निकलने की बात कही। कहा कि शोभायात्रा के दौरान दो सम्प्रदायों के मध्य कहासुनी व मारपीट की अशोभनीय घटना घटित हो गई थी। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तत्काल कार्रवाई शुरू की, लेकिन इसमें एक पक्षीय कार्रवाई की गई। विधायको ने आरोप लगाया कि जहां भी विपक्षी विधायक है वहां पुलिस द्वारा भेदभाव भरा रवैया अपनाया जा रहा है। इस पर डीजीपी ने पूरे मामले में जांच और डाडा जलालपुर में निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक ममता राकेश, मो. हाजी शहजाद अली, हाजी फुरकान अहमद, निर्दलीय विधायक उमेश कुमार, रवि बहादुर, विरेंद्र जात्ति, अनुपमा रावत आदि मौजूद रहे।

जनपद हरिद्वार के गैर भाजपाई विधायको के साथ ही कांग्रेस के दिग्गज विधायक प्रीतम सिंह भी डीजीपी कार्यालय में विपक्षी विधायको के साथ मौजूद रहे।

## दो जगहों पर लगी आग, फायर ब्रिगेड़ ने पाया काबू

**रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता**

फायर स्टेशन रुड़की पर स्थापित एमडीटी पर सूचना प्राप्त हुई की ग्राम शेरपुर हरिद्वार रोड में उपलों के ढेर में आग लगी है सूचना पर फायर यूनिट रुड़की तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए घटनास्थल पर पहुंच कर देखा तो रास्ता संकरा होने के कारण मोटर फायर इंजन मौके पर नहीं पहुंच पाई कर्मचारियों द्वारा पैदल ही जाकर ग्रामीणों के सहयोग से उपलब्ध संसाधनोंपीट पाटकर उपलब्ध संसाधनों से पूर्ण रूप से बुझाया आग से उपले आदि जल गए थे अन्य कोई जनहानि नहीं हुई।

दूसरी घटना में फायर स्टेशन रुड़की पर स्थापित एमडीटी पर समय 16:40 बजे सूचना प्राप्त हुई कि इमली खेड़ा के पास राजकीय इंटर कॉलेज के ग्राउंड में झाड़ियों आदि में आग लगी है सूचना प्राप्त होते ही फायर यूनिट रुड़की तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई घटनास्थल पर पहुंच कर होज रील फैलाकर पंपिंग कर उक्त आग को पूर्ण रूप से बुझाया एवं आग को फैलने से भी रोका आग राजकीय इंटर कॉलेज बिल्डिंग को भी खतरा बन सकती थी आग से कुछ पेड़ आदि जल गए थे अन्य कोई जनहानि नहीं हुई। दोनों घटनाओं के संबंध में द्वारा मोबाइल कंट्रोल रूम रुड़की को अवगत करा दिया गया है।

दोनों घटनाओं में वरिष्ठ चालक भजन सिंह नेगी, लीडिंग फायरमैन अतर सिंह राणा, लीडिंग फायरमैन राजेश कुमार, लीडिंग फायरमैन भरत सिंह भंडारी, चालक विपिन सिंह तोमर, फायरमैन सुनील कुमार, फायरमैन मदन सिंह चैहान, फायरमैन हरिश्चंद्र आदि शामिल रहे।

## कंगारूस ऑल इंडिया आर्ट कम्पीटिशन में खानपुर प्रधानाचार्य हुए सम्मानित

**लक्सर, प्रात: किरण संवाददाता**



कंगारूस ऑल इंडिया आर्ट कम्पीटिंशन मुम्बई द्वारा नेशनल कन्या इण्टर कालेज खानपुर के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता, ड्राईंग टीचर कुशमणि चैहान समेत 108 छात्रों को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय मोस्ट एक्टिव अवार्ड भी प्रदान किया गया।

कालेज प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने बताया कि मुम्बई की कंगारूस संस्था द्वारा छात्रों में रचनात्मकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष ऑल इंडिया स्तर पर ड्राईंग, हैण्ड राइटिंग तथा अन्य प्रतियोगिताऐं आयोजित की जाती है। सत्र 2021-22 में नेशनल कन्या इण्टर कालेज खानपुर की ड्राईंग टीचर कुशमणि चैहान के अथक प्रयासों से विद्यालय के 108 छात्रों ने ड्राईंग कम्पीटिशन में प्रतिभाग किया जिसके लिये कला अध्यापिका तथा प्रधानाचार्य को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलरिंग कम्पीटिशन, मेहंदी मेकिंग कम्पीटिशन, कार्टन मेकिंग कम्पीटिशन, ग्रीटिंग कार्ड कम्पीटिशन, हैण्ड राइटिंग कम्पीटिशन में तुषार को डिक्शनरी, कम्पास बाक्स व स्मृति चिह्न, पारूल को बैटमिन्टन व स्मृति चिह्न, मोहित, निशान्त, अंश चैधरी, नितेश, आंरजू, तुषार, विधि, दीपांशु, को लिटिल स्टार अवार्ड व स्मृति चिह्न तथा अलका व साक्षी को सांत्वना पुरस्कार के रूप में चैस बौर्ड गिफ्ट किये गये। साथ ही 95 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी है।

## हंगामेदार रही बोर्ड बैठक, 62 प्रस्ताव हुए पास, उमेश कुमार ने दी नसीहत

**रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता**

नगर निगम रुड़की सभागार में बोर्ड की हुई बैठक काफी हंगामेदार रही। बैठक के दौरान पार्षदों ने काफी शोर किया। बोर्ड की बैठक शुरू होने से पूर्व खानपुर विधायक उमेश शर्मा ने अपना संबोधन किया,जिसमें उन्होंने नसीहत देते हुए मेयर,पार्षदों तथा निगम अधिकारियों से नगर के विकास तथा नगर हित के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।बोर्ड बैठक में कुल 62 प्रस्ताव लाए गए।पार्षदों ने अपने सभी प्रस्ताव को पास कराने की अनुमति दी तो वहीं मेयर गौरव गोयल ने किसी भी प्रस्ताव पर मोहर नहीं लगने दी,जिसपर पार्षदों ने जोरदार हंगामा करते हुए बोर्ड की बैठक को बीच में ही समाप्त कर दिया।इसके बाद मेयर गौरव गोयल ने पार्षदों सहित पूर्व नगर आयुक्त तथा सहायक नगर आयुक्त पर मिलीभगत कर करोड़ों रुपए के घोटाले करने का आरोप लगाया,कि यह लोग रुड़की का विकास नहीं चाहते और अपने मनमर्जी से कुछ लोगों को आर्थिक लाभ देने का प्रयास कर रहे हैं,जिसे वह बर्दाश्त नहीं करेंगे और इसके लिए अदालत का दरवाजा खट खटाऐंगें।

बैठक के दौरान मेयर विरोधी गुट के पार्षदों ने सर्वसम्मति से अनाज मंडी की भूमि की लीज की रिन्यूअल पर मोहर लगाई,जिसका प्रस्ताव पास होने पर मेयर पक्ष के पार्षदों ने दूसरे गुट के पार्षदों पर आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया,जिससे माहौल काफी गर्मा गया,जिसे देख कलियर विधायक फुरकान अहमद,झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती तथा खानपुर विधायक उमेश शर्मा बैठक समाप्त होने से पहले ही सभागार से उठ कर चले गए। रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा इस बोर्ड की बैठक में शामिल नहीं हुए जो चर्चा का विषय रहा।इस अवसर पर नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ला,सहायक नगर आयुक्त एसपी गुप्ता,अब्दुल कय्यूम व पार्षदों सहित निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।

# केंद्रीय विद्यालय नंबर-1 में हुआ विश्व पुस्तक दिवस समारोह का आयोजन

**रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता**



केंद्रीय विद्यालय नं.-1 रूडकी में विश्व पुस्तक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य वीके त्यागी ने इस दिवस की महत्ता बताते हुए बताया कि किताबें हमारी सच्ची मित्र हैं। ये न सिर्फ हमारी दोस्तग बल्कि पथ प्रदर्शक भी हैं और उस वक्ति हमेशा हमारे साथ होती हैं जब हमें इनकी सबसे ज्यातदा जरूरत होती है। इस दौरान विद्यालय में बुक बैंक की स्थापना की गई। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ अतुल अग्रवाल (मुख्य वैज्ञानिक, केंद्रीय भवन अनुसन्धान, रूडकी) द्वारा किया गया। इसके बारे में बताते हुए प्राचार्य वीके त्यागी ने कहा कि बुक बैंक की स्थापना बच्चों में पढने की आदत को विकसित करने के साथ साथ पर्यावरण को भी संरक्षित करने की दिशा में एक प्रयास है। हम सब जानते है कि कागजपेड़-पौधों से ही बनता है, अतः पुस्तकों के दुबारा इस्तेमाल से हम पेड़ द पौधों को बचा सकते है। प्रत्येक वर्ष विद्यालय में करीब 6000 पाठ्य पुस्तकें विद्यार्थी आपस में बदल कर पढ़ते है। इस प्रयास से हम सैकड़ों पेड़ों को काटने से बचाते है।

वैज्ञानिक डॉ अतुल अग्रवाल ने कहा कि विश्व पुस्तक दिवस इसलिए मनाया जाता है ताकि किताबों की अहमियत को समझा जा सके. किताबें महज कागज का पुलिंदा नहीं बल्कि वे भूतकाल और भविष्यशकाल को जोड़ने की कड़ी का काम करती हैं. साथ ही संस्क्रीतियों और पीढ़ियों के बीच में एक सेतु की तरह है। पुस्तकालयाध्यक्ष पूनम कुमारी ने कहा किबच्चों के बीच पढ़ने की आदत को आसानी से बढ़ावा देना, कॉपीराइट का प्रयोग कर बौद्धिक संपत्ति का प्रकाशन और सुरक्षित रखने के लिये यूनेस्को द्वारा पूरे विश्व भर में इसे मनाने की शुरूआत हुइ। विश्व साहित्य के लिये 23 अप्रैल एक महत्वपूर्ण तारीख है वास्तव में अगर किताबें न हों तो बहुत से कार्य तो हमारे अधूरे ही रह जाएँगे। इनके पन्नों पर जीवन का हर अर्थपूर्ण अनुभव सहेज लिया जाता है ताकि आने वाला कल और भी सुंदर बन सके। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों में पुस्तकों के प्रति रूचि जागृत करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से अनन्या (4 ब) ने प्रथम, दक्षिता त्यागी (5 अ) ने द्वितीय एवं सक्षम (4 ब) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग से पायल वानखेड़े (9 स) ने प्रथम, अंश राणा (7 ब) ने द्वितीय एवं प्रियांशु यादव (7 ब) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुस्तक समीक्षा लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 के वर्ग में अंशिका (7 अ) ने प्रथम, अर्थ (6 स) ने द्वितीय एवं माहि शर्मा (6 ब) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुस्तक समीक्षा लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 के वर्ग में प्रिया बिष्ट (12 अ) ने प्रथम, नैंसी सिंह (12 ब) ने द्वितीय एवं पारुल सिंह (12 अ) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उप प्राचार्या श्रीमती अंजू सिंह ने कहा कि ज्ञान, मनोरंजन और अनुभव की बात कहती ये किताबें यूँ ही नहीं पूजी जातीं।अभिभावकों को भी चाहिए कि वे अपने बच्चों के लिए अच्छी)-अच्छी किताबें पढने के लिए प्रेरित करें तथा उनके सामने खुद भी पुस्तक पढ़ेद्य अपने बच्चों में किताबें पढ़ने के संस्कार विकसित करें।

(आदेश 05 नियम 1 व 5 सी.पी.सी.)
माननीय पीठासीन अधिकारी श्री इन्द्रपीत सिंह जोश, वाणिज्यिक न्यायालय गौतमबुद्धनगर।
मूलवाद सं– 18 सन 2021
श्री विशाल गुप्ता प्रोपराईटर मै. तायल आईल इन्डस्ट्रीज 307, राम नगर गाजियाबाद उ.प्र. आधार नंबर 9904 8993 6419 मो नं. 9810746888 ईमेल vishal-gupta_1985@rediffmail.com ....वादी
बनाम
1. मै. कोहली जनरल स्टोर द्वारा प्रोपराईटर/पार्टनर/अधिकृत प्रतिनिधि
2. श्री नितिन कोहली प्रोपराईटर/पार्टनर/अधिकृत प्रतिनिध मै. कोहली जनरल स्टोर
वार्ड नंबर 3 पहाडी गली विकासनगर जिला देहरादून (उत्तराखण्ड) मो. नंबर 7060901960 ईमेल gau-tamkohli108@gmail.com ....प्रतिवादीगण
हरगाह प्रार्थी ने आपके नाम एक नालिश बावत वसूलयावी रूपये अंकर 4,33,170/– रूपये मय ब्याज पाने हेतु प्रतिवादीगण के विरूद्ध माननीय न्यायालय, गौतमबुद्धनगर में दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 09.06.2022 समय 10 बजे दिन के असलातन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात के करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमराई अहम मुतालिका मुकदमा का जबाब दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने दस्तावेज पेश करें। जिस पर आप अपनी जबाबदेही के दस्तखतक करना चाहते हों।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हा. जिरी आप मसमूअ और फैसला होगा।
बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत को आज बतारीख 07.04.2022 जारी किया गया।
आदेशानुसार मुंसरिम
वाणिज्यक न्यायालय, गौतमबुद्धनगर।

# भाजपा की केंद्र सरकार ने अवैध वसूली के लिए नीलकंठ मंदिर को तोड़ने का आदेश दिया :आतिशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने अवैध वसूली के लिए नीलकंठ मंदिर को तोड़ने का आदेश दिया है। आम आदमी पार्टी मंदिर पर बुलडोजर नहीं चलने देगी। भाजपा ने अवैध वसूली के लिए श्रीनिवासपुरी में भगवान नीलकंठ के मंदिर पर नोटिस चिपकाया है। भाजपा बुलडोजर राजनीति के माध्यम से पूरी दिल्ली में घर और दुकानों से उगाही कर रही है। अब इनके पैसे की हवस यहां तक आ पहुंची है कि भगवान श्रीराम को भी नहीं छोड़ रहे हैं। श्रीनिवासपुरी के मंदिर को बचाने के लिए यहां लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी ने मन बना लिया है कि इस मंदिर पर बुलडोजर नहीं चलने देंगे। विधायक मदन लाल ने कहा कि श्रीनिवास पुरी में पुराने नीलकंठ मंदिर पर चिपके नोटिस को देखकर लोगों को अचानक सदमा लगा है। बीजेपी की केंद्र सरकार ने यह नोटिस जारी किया है। इसके पीछे का सिर्फ एक कारण अवैध वसूली है। आम



आदमी पार्टी की विधायक आतिशी और मदनलाल ने आम जनता के साथ मिलकर मंदिर बचाने के लिए प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और विधायक आतिशी आज श्रीनिवासपुरी में पुराने नीलकंठ मंदिर पहुंचीं। यहां पर स्थानीय लोगों के द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन में शामिल हुईं। इस दौरान विधायक आतिशी ने कहा कि भाजपा की बुलडोजर की राजनीति है। बुलडोजर राजनीति के माध्यम से पूरी दिल्ली में उगाही कर रहे हैं। लोगों के घर, दुकानों पर जाकर कहते हैं कि हमें पैसे दीजिए नहीं तो घर-दुकान तोड़ डालेंगे। अब इनके पैसे की हवस यहां तक आ पहुंचा है कि वह भगवान श्रीराम को भी नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने मंदिर पर भी बुलडोजर के द्वारा डिमोलिशन का नोटिस लगा दिया है। यह कैसी पैसे की हवस है कि आम लोगों की आस्था भगवान नीलकंठ के मंदिर पर भी बुलडोजर चलाने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी की सिर्फ पैसे की हवस है। इस पैसे की हवस के तहत पूरी दिल्ली में उगाही कर रहे हैं। अब यह पैसे की हवस ऐसी हो गई है कि मंदिरों पर बुलडोजर चलाने की बात कर रहे हैं। आम व्यक्ति की आस्था पर बुलडोजर चलाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अभी भी मंदिर में कीर्तन कर रही हैं। इससे दो दिन पहले भंडारा आयोजित हो रहा था। नवरात्रे पर भव्य आयोजन होते हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी को लोगों की आस्था की कोई चिंता नहीं है, भाजपा को सिर्फ उगाही करनी है और अब भगवान की गुल्लक से भी उगाही करनी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने बताया कि 1 सप्ताह पहले नोटिस चिपका है। कल से पूरे क्षेत्र के लोगों से बात कर रहे हैं। लोगों से शिकायतें आ रही थी कि लोगों को धमकी दी जा रही है। बुल्डोजर के नाम पर धमकाकर पैसा मांगा जा रहा है। तब श्रीनिवासपुरी के लोगों ने बताया कि यहां का मंदिर करीब 30 साल पुराना है, जिसपर बुलडोजर से ढहाने का नोटिस लग गया है। सिर्फ आम आदमी पार्टी की तरफ से प्रदर्शन नहीं किया जा रहा बल्कि आम लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी ने अपना मन बना लिया है कि इस मंदिर पर बुलडोजर नहीं चलने देंगे। विधायक मदन लाल ने कहा कि श्रीनिवास पुरी में पुराना नीलकंठ मंदिर है। यहां के लोगों को अचानक एक नोटिस देखकर सदमा पहुंचा है। आस्था का केंद्र भगवान नीलकंठ के मंदिर को लेकर लोगों को कभी नहीं लगा कि इसे तोड़कर हटाने की जरूरत हो। यहां 25 30 साल से लोग पूजा कर रहे हैं। बीजेपी के लोग और पार्षद सब जगह से उगाही करने में लग गए हैं। अब उन्होंने भगवान राम को भी छोड़ दिया है। नोटिस देखने के बाद लोगों ने मन बना लिया है कि अब उस मंदिर को किसी भी हाल में नहीं टूटने देंगे। यही कारण है कि लोग यहां खड़े हुए हैं लेकिन भाजपा अपने पैसे की हवस को रोक नहीं पा रही है और अब मंदिरों पर भी निशाना साधना शुरू हो गया है। बीजेपी की केंद्र सरकार ने यह नोटिस जारी किया है। इस धमकाने के पीछे एक कारण पैसा है। यह धरना प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक की मंदिर सुरक्षित नहीं रहेगा।

## दिल्ली के आश्रम अंडरपास पर 24 अप्रैल को रहेगा रूट डायवर्ट

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली के आश्रम अंडरपास पर 24 अप्रैल को आवागमन बंद रहेगा। ऐसे में आश्रम अंडरपास की ओर जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी हो सकती है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से 24 अप्रैल यानी रविवार को आश्रम अंडरपास की ओर नहीं जाने की अपील की है। जानकारी के मुताबिक आश्रम अंडरपास का कार्य आखिरी चरण में है और इसका उद्घाटन समारोह भी है। इसलिए ट्रैफिक पुलिस ने आश्रम अंडरपास (न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी से भोगल की ओर और इसके विआश्रम अंडरपास के पास निर्माण कार्य के चलते लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। यहां वाहन चालकों को कई कई घंटे तक जाम में फंसना पड़ता है। फिलहाल, आश्रम अंडरपास को जल्द ही लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। रविवार को आश्रम अंडरपास पर लोगों की आवाजाही बंद रहेगी।

## दिल्ली में दूसरे के वीजा पर कनाडा भेजने की कोशिश, दो लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

कनाडा भेजने के नाम पर बोर्डिंग पास व अन्य कागजात की अदला-बदली के मामले में आइजीआइ थाना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान बलजिंदर सिंह तेजा और मनजिंदर सिंह के रूप में हुई है। इस मामले में रमनलाल खोड़ीदास, शांतिबेन रमनदास, हरसिमरनजीत सिंह और प्रियंका को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चार अप्रैल को शिकायत मिली थी कि हरसिमरनजीत सिंह व प्रियंका के पास पासपोर्ट नहीं है। बोर्डिंग पास में रमनलाल खोड़ीदास व शांतिबेन रमनलाल खोड़ीदास लिखा है। बाद में सीसीटीवी फुटेज में पता चला कि हरसिमरनजीत सिंह और प्रियंका व रमनलाल खोड़ीदास, शांतिबेन रमनलाल खोड़ीदास ने इंटरनेशनल रिटेल एरिया में कागजात का आदान प्रदान किया है। दरअसल, प्रियंका व हरसिमरनजीत सिंह को कनाडा जाना था और उनके पास वीजा नहीं था। वहीं रमनलाल खोड़ीदास व शांतिबेन रमनलाल के पास कनाडा का वीजा था। ऐसे में ये दोनों अपना वीजा हरसिमरनजीत व प्रियंका को दे रहे थे।



सुरक्षा जांच से बचने के लिए ये चारों एयरपोर्ट के अंदर चले गए और बाद में कागजात का आदान-प्रदान किया। इसके बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों से पूछताछ के बाद पुलिस ने बलजिंदर सिंह तेजा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बलजिंदर ने पुलिस को बताया कि प्रियंका व हरसिमरनजीत सिंह ने कनाडा जाने के बारे में संपर्क किया था। इसके बाद बलजिंदर ने मनजिंदर उर्फ राजवीर सिंह से संपर्क किया। मनजिंदर ने कहा कि वे एक गुजराती परिवार को जानते हैं, जिनके पास कनाडा का वीजा है। इसके बाद प्रियंका व हरसिमरनजीत सिंह से बात करने के बाद यह तय हुआ कि दोनों कोलंबो का टिकट कटाएंगे और बोर्डिंग पास मिलने के बाद एयरपोर्ट के अंदर जाकर रमनलाल खोड़ीदास व शांतिबेन रमनलाल खोड़ीदास से कागजात की बदली कर लेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरू तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व मनाने पर सिखों को दी बधाई

नई दिल्ली। दिल्ली से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मेंबर रामगढ़िया कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर तथा श्री गुरु तेघ बहादुर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट के चेयरमैन हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के प्रकाश पर्व पर समूह साथ संगत को लख लख बधाई देते हुए कहा कि आज जरूरत है भारतवर्ष के सभी लोगों को सिखों के सभी गुरुओं के इतिहास के बारे में घर-घर तक पहुंचाने की जिससे हमारा समाज पूर्ण रूप से और सुखी हो सके! सरदार हरजीत सिंह पप्पा ने माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी व उनके पूरे सहयोगी यों का धन्यवाद करता हूं की श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज का प्रकाश पर्व दिल्ली के लाल किले से मनाया गया!

### दक्षिणी निगम ने 90 किलो प्लास्टिक की थैलियां जब्त की

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 90 किलो प्लास्टिक की थैलियां जब्त कर 70 चालान किए। इस दौरान अम्बेडकर स्टेडियम में स्कूली बच्चों व स्वच्छता सैनिक को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ भी दिलाई गई। निगम अधिकारियों का कहना है कि लाजपत नगर में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया और स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अभियान के तहत दक्षिण जोन के ग्रेटर कैलाश मार्केट एम ब्लॉक, अरबिंदो मार्केट, वसंत विहार, कैलाश कालोनी मार्केट, साकेत में भी जन जागरुकता अभियान चलाया गया।

### ट्रेन में यात्रियों को मिलेंगे खादी और हैंडलूम के कंबल-चादर

नई दिल्ली। ट्रेन में यात्रियों को अब खादी और हैंडलूम के बेडरोल मिलेंगे। रेलवे ने इसके लिए बड़े पैमाने पर बेडरोल खरीदने की तैयारी की है। इसमें नई चादर, तकिया कवर, कंबल व छोटे तौलिया खरीदे जाएंगे। खास बात यह है कि 20 फीसदी या इससे अधिक की खरीदारी खादी या हैंडलूम से की जाएगी। इससे सहकारिता और स्वयं सहायता समूह के जरिए कपड़ा बनाने वाले उद्योगों व कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। रेल मंत्रालय ने इस बाबत बेडरोल खरीदने के लिए नोडल एजेंसियां नियुक्त कर दी हैं। अधिकारियों ने बताया कि देशभर में चलने वाली करीब साढ़े तीन हजार लंबी दूरी की ट्रेनों के एसी कोच में बेडरोल की आपूर्ति के लिए खरीदारी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### गोगी गैंग का शार्प शूटर पुलिस हिरासत से फरार

नई दिल्ली। कड़कड़डूमा अदालत में शुक्रवार को गोगी गैंग का शॉर्प शूटर मोहित उर्फ अनुज पुलिसकर्मी को धक्का देकर फरार हो गया। आरोपी को पिछले साल मार्च में जीटीबी अस्पताल में पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में पेशी पर लाया गया था। पिछले साल अक्तूबर में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी मोहित समेत लापरवाही बरतने वाले कांस्टेबल योगेश के खिलाफ केस दर्ज किया है। दिल्ली पुलिस के एएसआई राजेंद्र कड़कड़डूमा अदालत के हवालात में तैनात हैं। राजेंद्र के अनुसार, पिछले साल मार्च में जीटीबी अस्पताल में पुलिस टीम पर हमला कर बदमाश को छुड़ाने के मामले में आरोपी मोहित को शुक्रवार को पेशी पर लाया गया था।

## पदयात्रा कर आप कार्यकर्ता लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने भाजपा की उगाही की राजनीति के खिलाफ 24 अप्रैल को दिल्ली के सभी वार्डों में पदयात्रा करने का एलान किया है। आप एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि पदयात्रा के दौरान आप कार्यकर्ता लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। पूरी दिल्ली के लोगों को संगठित करेंगे जिसकी मदद से भाजपा की अवैध वसूली और गुंडई के खिलाफ हम लड़ सकें। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि पिछले 15 सालों से भारतीय जनता पार्टी ने एमसीडी में खूब बदमाशी की है जिससे दिल्ली की जनता इनसे बहुत नाराज है। यही कारण रहा कि भाजपा ने चुनाव टाल दिए। लेकिन पिछले दो दिनों से इन्होंने दिल्ली में एक नई बदमाशी शुरू की है। भाजपा के सभी नेता दिल्ली के हर घर में जाकर कह रहे हैं कि हमें पैसे दो नहीं तो तुम्हारे घर पर बुलडोजर चलवा देंगे। सभी जानते हैं कि यदि



एमसीडी अपने ऊपर आ जाए तो वह दिल्ली के हर घर में कोई ना कोई कमी निकाल सकती है। एमसीडी चाहे तो सबके घर गिरा सकती है और भारतीय जनता पार्टी इसी बात का फायदा उठा रही है। भाजपा एक बहुत बड़े भ्रष्टाचार की योजना बना रही है। इनके लोग घर-घर जाकर उगाही कर रहे हैं। दुर्गेश पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता के साथ खड़ी है। कल 24 अप्रैल को दिल्ली के सभी वार्डों में हमारे कार्यकर्ता पदयात्रा कर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। पूरी दिल्ली के लोगों को संगठित करेंगे जिससे भाजपा के इस भ्रष्टाचार और उनकी गुंडई के खिलाफ हम लड़ सकें।

## महंगाई के मुद्दे से ध्यान भटकाने और नफरत को बढ़ाने के लिए भाजपा गरीबों पर बुलडोजर चलवा रही

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा शासित दिल्ली नगर निगमों को गरीब और असहाय लोगों के घरों को ध्वस्त कर नफरत फैलाने की बजाय भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेताओं और पार्षदों के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार पर बुलडोजर चलाना चाहिए। उन्होंने ने दिल्ली निगम निगम में शासित भाजपा व दिल्ली में शासित आप पार्टी की सरकारों से आग्रह किया कि गरीब लोगों के घरों को तोड़कर उन्हें बेघर करके न सताया जाए, गैर कानूनी तरीके से तोड़े गए मकानों के पुनः निर्माण की व्यवस्था की जाए। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा ने उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवमानना की है क्योकि भाजपा ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद जहांगीरपुरी में गरीब लोगों के घरों को तोड़ने का काम रोकने की बजाए गरीब लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाने का काम जारी रखा, जिससे कई गरीब लोग बेघर हो गए तो कईयों के रोजगार छिन गए है। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा पूरी दिल्ली में अनधिकृत निमार्णो



को गिराए जाने का आदेश जारी करके एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ खड़ा करके विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा की वर्तमान में नफरत और महंगाई में बेतहाशा वृद्धि हो रही है और महंगाई के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए नफरत को बढ़ाया जा रहा है। ये देश के लिए घातक है। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद जो अपनी पार्टी के नेताओं की एक साफ-सुथरी छवि का झूट बखान करते फिरते है उन्हे इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि उन्हें हाल ही में अपनी पार्टी के चार पार्षदों को निष्कासित करने के लिए मजबूर होना पड़ा था, जब एक स्टिंग ऑपरेशन ने उन्हें कुछ काम करने के लिए रिश्वत की मांग करते हुए पकड़ा था। उन्होंने कहा की नगर निगम पहले भ्रष्टाचारी नेताओ की काली कमाई से बनाए गय आशियानों पर बुलडोजर चलाए। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि यह बात किसी से छूपी नहीं है कि भाजपा और आप नेता व पार्षद दुकानदारों, व्यापारियों, मकान मालिकों और घरों में मरम्मत कार्य / निर्माण करने वालों से जबरन वसूली करते रहे हैं, लेकिन जहांगीरपुरी में हुए विध्वंस अभियान से एमसीडी की अमानवीय तस्वीर सामने आ गई है, और एमसीडी द्वारा अवैध गतिविधियों की भी पोल खुल गई है। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में भाजपा और आप दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू है क्योंकि वे गरीबों को लूटने के लिए संयुक्त रूप से काम करते है, लेकिन जहांगीरपुरी में भाजपा शासित एमसीडी द्वारा विध्वंस अभियान के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनके उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित अन्य आप नेताओं ने अपने स्वयं के काले कामों को छिपाने के लिए तरह तरह की बयानबाजी करके अपने आप को बेदाग दिखाने की कोशिश करे रहे है।

## टाइम बम जैसी हैं दिल्ली और दूसरे शहरों में मौजूद लैंडफिल साइटें

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

एनजीटी ने लैंडफिल साइटों पर आग लगने की घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई है। एनजीटी का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और अन्य शहरों में मौजूद कचरे के ढेर यानी डंपिंग साइट किसी टाइम बम की तरह हैं। एनजीटी की यह कठोर टिप्पणी ऐसे वक्त में सामने आई है जब कुछ ही दिन पहले दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल साइट पर भीषण आग लग गई थी। बीते 28 मार्च के बाद से गाजीपुर लैंडफिल साइट पर तीन बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। बीते बुधवार को गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग के कारण आसमान में धुएं का गुबार फैल गया था जिससे हवा प्रदूषित हो गई थी। यही नहीं पिछले साल गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग लगने की चार घटनाएं हुई थीं। सनद रहे कि साल 2017 में गाजीपुर में मौजूद कचरे के इस पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर सड़क पर गिर गया था जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई थी। एनजीटी के अध्यक्ष



न्यायमूर्ति एके गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि दिल्ली समेत दूसरे शहरों में मौजूद कचरा फेंकने की जगहें किसी टाइम बम की तरह हैं क्योंकि इन जगहों पर लगातार मीथेन गैस पैदा होती है जिससे आग लगने और विस्फोट होने का खतरा बना रहता है। न्यायमूर्ति एके गोयल का कहना है कि डंपिंग साइटों पर आग लगने की घटनाएं अन्य शहरों में भी हो रही हैं जो बेहद चिंता की बात है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एके गोयल ने कहा कि दिल्ली में स्थिति बेहद गंभीर हो सकती है। इसके लिए संबंधित विभागों और प्रशासन की ओर से तेजी से कार्रवाई करने की जरूरत है।

## अगले शनिवार के दिन लगेगा सूर्य ग्रहण

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

शादी समारोह समेत अन्य अच्छे कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त शुरू हो चुके हैं। 17 अप्रैल से ही शादी विवाह के लिए शुभ मुहूर्त की शुरूआत हुई है। वहीं, शुभ मुहूर्त के दौरान वर्ष 2022 का पहला सूर्य ग्रहण अगले सप्ताह शनिवार (30 अप्रैल) को लगने जा रहा है। इस लिहाज से साल का पहला ग्रहण लगने में अब सिर्फ एक हफ्ते का ही समय बाकी है। वहीं शुभ मुहूर्त के दौर में क्या सूर्य ग्रहण का असर होगा? इस पर ग्रेटर नोएडा के जलवायु वायु विहार परिसर स्थित रामजानकी मंदिर के पुजारी चंद्रकांत दीक्षित का कहना है कि ग्रहण कोई भी उसका असर मनुष्य के जीवन पर तो पड़ता है, लेकिन शुभ मुहूर्त पर विवाह में यह (सूर्य ग्रहण) कोई अड़चन नहीं है। वैसे भी 3 मई को अक्षय तृतीया पर सबसे अच्छा शुभ मुहूर्त होता है, तो लोग ग्रहण से प्रभाव से इतर धूमधाम से विवाह समेत अन्य कार्य करें। गौरतलब है कि शनिवार (30 अप्रैल) को वर्ष 2022 का पहला सूर्य ग्रहण लगेगा, लेकिन यह दिल्ली-एनसीआर समेत भारत में



कहीं भी दिखाई नहीं देगा। ऐसे में सूतक काल भी नहीं होगा, लेकिन कुछ लोग यह मानते हैं कि ग्रहण कहीं भी लगे वह सूतक काल को मानते हैं, इसलिए इस दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। वैसे ज्यादातर पुजारियों और ज्योतिषाचार्या का कहना है कि 30 अप्रैल को लगने वाला सूर्य ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देगा इसलिए सूतक काल भी नहीं मान्य होगा।

**कहां-कहां दिखेगा सूर्य ग्रहण?**

शनिवार (30 अप्रैल) को लगने वाला सूर्य ग्रहण दिल्ली-एनसीआर समेत भारत में कभी भी नहीं दिखाई देगा। यह सूर्य ग्रहण सिर्फ अंटार्कटिका, अटलांटिक, प्रशांत महासागर, दक्षिण अमेरिका और पश्चिम दक्षिण अमेरिका में ही दिखाई देगा।

**कब लगेगा सूर्य ग्रहण?**

साल का पहला सूर्य ग्रहण शनिवार, 30 अप्रैल 2022 को भारतीय समय के अनुसार रात 12 बजकर 15 मिनट पर लगेगा और अगली सुबह 4 बजकर 7 मिनट पर समाप्त होगा। इस सूर्य ग्रहण का दिल्ली-एनसीआर समेत भारत पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, इसलिए सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। बता दें कि साल का दूसरा सूर्य ग्रहण 25 अक्टूबर को होगा। यह आंशिक होगा यानी भारत में नहीं दिखाई देगा। उधर, ज्योतिषाचार्यों की मानें तो धनु, मेष और सिंह राशि वाले जातकों को इन ग्रहणों का विषेश लाभ मिलेगा। ज्योतिषियों के मानें तो इन राशि के लोगों को कारोबार-व्यवसाय और नौकरी के अच्छे लाभ मिलेंगे। मां लक्ष्मी की कृपा से आर्थिक हालात में तेजी से सुधार होगा।

## पति से किराया दिलाने वाली याचिका नामंजूर

नई दिल्ली। अदालत ने एक महिला की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने पति से गुजाराभत्ता के अलावा किराये के लिए अलग से राशि दिलाने की मांग की थी। महिला का कहना था कि पैसे की तंगी की वजह से वह अपने माता-पिता के साथ रहने को मजबूर है। ऐसे में अदालत उसके पति से किराये की रकम भी दिलवाए। कड़कड़डूमा स्थित प्रिंसिपल जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार की अदालत ने महिला की याचिका को यह कहते हुए नामंजूर कर दिया कि उसने अदालत के समक्ष किराया समझौता पत्र पेश नहीं किया है। अदालत किस आधार पर उसको किराये के लिए अलग से रकम दिलाने के आदेश दे। अदालत का मानना था कि पति की मासिक कमाई के हिसाब से पहले ही सात हजार रुपये प्रति महीना गुजाराभत्ता तय कर दिया गया है। ऐसे में अतिरिक्त रकम प्राप्त करने के लिए पत्नी को दस्तावेज पेश करने होंगे, जोकि सुनवाई के दौरान वह नहीं कर पाई है। पेश मामले में महिला का कहना था कि निचली अदालत ने उसके लिए प्रतिमाह सात हजार रुपये का गुजाराभत्ता तो निर्धारित कर दिया है। लेकिन किराये के लिए उसे कोई राशि नहीं दी जा रही है।

## दिल्ली के ऊर्जा विहार अपार्टमेंट के पीछे मंडावली मोड़ पर जलभराव, आवगमन

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

ऊर्जा विहार अपार्टमेंट के पीछे मंडावली की तरफ जाने वाले मोड़ पर हर बरसात में पानी भर जाता है। कई बार तो बगैर बरसात भी नाला व सीवर ओवरफ्लो होने पर यह रास्ता तालाब बन जाता है। क्षेत्रीय लोगों की मानें तो एक दशक से ज्यादा वक्त से यहां जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई। कई स्तरों पर समस्या को उठाया गया, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। रेलवे स्टेशन व डिस्पेंसरी जाने का मुख्य रास्ताः यह मोड़ एक तरह से ऊर्जा विहार अपार्टमेंट की तरफ से आने वाले लोगों के लिए मंडावली का प्रवेश स्थल है। यहां से लोग मंडावली सब्जी मंडी और मंडावली रेलवे स्टेशन जाते हैं। मोड़ के पास में ही डिस्पेंसरी है, जिसमें लोगों का आना-जाना लगा रहता है। नाला नहीं होता साफः इस मोड़ से सौ मीटर आगे एक घर के बगल से नगर निगम का नाला बना हुआ है, जो पूरी तरह से ढका हुआ है। यह नाला बुद्ध विहार होते हुए आगे जाकर



पीडब्ल्यूडी के नाले में मिल गिरता है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि निगम के नाले की सफाई नहीं होती। इस कारण बरसात में इसके ओवरफ्लो होने से गंदा पानी मोड़ पर भर जाता है। लोगों का कहना है कि आए दिन सामान्य दिनों में भी नाले का पानी ओवरफ्लो होकर मोड़ पर भरता है। इससे आने-जाने में दिक्कत होती है। ऊर्जा विहार अपार्टमेंट के पीछे मंडावली की तरफ जाने वाले मोड़ पर मानसून में जलभराव की समस्या होती है। इसे दूर करने के लिए निगम के नाले को साफ कराया जाता है, लेकिन यह ईंट का बना नाला काफी पुराना है। कई बार इसकी ईंटे गिरने की वजह से यह जाम हो जाता है। इस नाले को दोबारा से बनाने की जरूरत है, जिसके लिए मोटी धनराशि चाहिए। कई बार पीडब्ल्यूडी के नाले की सफाई की वजह से भी निगम के नाले के पानी की निकासी न होने से भी मोड़ पर जलभराव होता है। गोविंद अग्रवाल, स्थानीय पार्षद मुझे मोड़ के पास दुकान चलाते हुए 20 साल हो गए। एक दशक से ज्यादा वक्त से यहां पर बरसातों में जलभराव की समस्या देख रहा हूं। निगम के नाले की सफाई न होने की वजह से यह समस्या बनी हुई है। अब तो सीवर लाइन का पानी भी बाहर आने लगा है। पुन्ना ठाकुर, स्थानीय दुकानदार मैं 1985 से यहां पर घड़ी ठीक करने की दुकान चला रहा हूं। कई साल से मानसून में मुझे दुकान बंद करनी पड़ती है। मोड़ पर घुटने तक जलभराव हो जाता है। निगम के नाले की सफाई न होने से यह परेशानी होती है। समस्या का समाधान करने को कोई तैयार नहीं है।

**सूचना** होटल मालिक पहले से ही कोरोना महामारी के कारण आर्थिक रूप से तनाव में चल रहे हैं– विशेष रवि

## पहाड़गंज और करोलबाग के 400 होटल मालिकों को राहत सीलिंग की नोटिस पर तत्काल लगाई रोक :केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) द्वारा करोल बाग व पहाड़गंज क्षेत्र के 400 होटल मालिकों के भेजे सीलिंग नोटिस को रद्द कर दिया है। करोल बाग के विधायक विशेष रवि ने दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय को पत्र लिखकर इन 400 होटलों को बंद होने से बचाने का निवेदन करते हुए इस नोटिस को रद्द करने का अनुरोध किया था। विधायक विशेष रवि ने कहा कि मुझे इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना पड़ा, क्योंकि ये होटल पहले से ही अपना गुजारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वे करोल बाग क्षेत्र के नागरिकों को रोजगार देते हैं, जो इस आदेश के लागू होने पर बेरोजगार हो जाते। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल 2022 को इस मामले की पैरवी करने



के लिए प्रभावित होटल मालिकों का एक प्रतिनिधिमंडल पर्यावरण मंत्री गोपाल राय से भी मिला। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पूरी गंभीरता के साथ होटल प्रतिनिधियों की समस्याएं सुनी और होटल प्रतिनिधि मंडल की मांग पर सही तरीके से विचार विमर्श कर सीलिंग की नोटिस को तत्काल रद्द करने का आदेश दिया। विधायक विशेष रवि ने कहा कि इस तरह की त्वरित और उपयुक्त कार्रवाई पर्यावरण मंत्री गोपाल राय जी की नागरिक केंद्रित मानसिकता को दशार्ती है और मैं उन्हें स्नेह पूर्वक धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि नोटिस जारी होने के बाद एसडीएम करोल बाग द्वारा 10 होटलों को पहले ही सील कर दिया गया था, लेकिन पर्यावरण मंत्री

- -डीपीसीसी ने पहाड़गंज और करोलबाग क्षेत्र के करीब 400 होटल मालिकों को सीलिंग के लिए जारी किया था, मैंने नोटिस रद्द करने के लिए पर्यावरण मंत्री को लिखा था पत्रः विशेष रवि

गोपाल राय ने होटल मालिकों के दर्द को समझा और पिछले आदेश को रद्द करने का आदेश दिया। दिल्ली सरकार के इस निर्णय पर होटल प्रतिनिधि मंडल ने केजरीवाल सरकार को धन्यवाद दिया है। उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल सरकार के इस कदम से होटल मालिकों ने राहत की सांस ली और इस कदम के लिए सरकार का तहे दिल से शुक्रिया किया है। साथ ही, होटल प्रतिनिधि मंडल, विधायक विशेष रवि के प्रति भी आभार जताया और उद्योग के हितों की रक्षा के लिए बार-बार हस्तक्षेप करने के लिए उन्हें धन्यवाद किया।

## निगम पार्षदों ने मुख्यालय से अपना सामान समेटना शुरू किया

नई दिल्ली। राजधानी की तीनों नगर निगमों के महापौर सहित सभी पार्षदों का कार्यकाल धीरे-धीरे समाप्ति की तरफ बढ़ रहा है। इसके साथ ही एक तरफ पार्षदों ने निगम मुख्यालय आना बंद कर दिया है, तो वहीं दूसरी तरफ कमेटियों के अध्यक्ष रहे पार्षदों ने मुख्यालय से अपना-अपना सामान समेटना शुरू कर दिया है। पार्षदों का कहना है कि मुख्यालय की बजाय वह अपने वार्ड में लोगों के दैनिक कार्यो में लगे रहते हैं, लेकिन इनमें विकास से जुड़े कार्य नहीं है। सिविक सेंटर में दक्षिण और उत्तरी दिल्ली नगर निगम का मुख्यालय है, जबकि पूर्वी निगम का कार्यालय पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र में है। निगमों के एकीकरण बिल के मंजूर होने के बाद से निगम मुख्यालयों में पार्षदों की आवाजाही बेहद कम हो गई है। मुख्यालय में स्वास्थ्य, डेम्स, शिक्षा और उद्यान सहित विभिन्न समितियों के अध्यक्षों के लिए जो कार्यालय बनाए गए थे उनमें अध्यक्ष पार्षदों का आना पूरी तरह से बंद हो गया है। चूंकि महापौरों का कार्यालय पूर्वी निगम में 18 मई और दक्षिणी व उत्तरी निगम में 22 मई तक है, इस वजह से महापौर, स्थायी समिति अध्यक्ष और नेता सदन कार्यालय आ रहे हैं।

## कोर्ट ने एनएसए लगे चार आरोपितों को 8 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

जहांगीरपुरी हिंसा मामले में शनिवार को दिल्ली पुलिस ने नौ आरोपितों को रोहिणी कोर्ट में पेश किया था। इसमें कोर्ट ने उन चार आरोपितों को जिन पर एनएसए के तहत कार्रवाई हुई थी, आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इन चारों में अंसार, सोनू, सलीम, दिलशाद और अहीर शामिल हैं। जबकि हिंसा में शामिल बाकी अन्य पांच आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दरअसल, 16 अप्रैल को हनुमान जयंती के धार्मिक जुलूस के दौरान जहांगीरपुरी हिंसा हुई थी। इसमें मुख्य आरोपी असलम व अंसार हैं। जिन्होंने शोभायात्रा के दौरान पथराव व फायरिंग की थी। हिंसा के दौरान आठ पुलिस कर्मियों और एक नागरिक सहित नौ लोग घायल हुए थे। दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया था कि मुख्य आरोपी अंसार और असलम को 15 अप्रैल के दिन निकने वाली शोभा यात्रा के बारे में जानकारी पहले से थी। वहीं, प्रत्यक्षदर्शी और इलाके में रहने वालों की मानें तो अंसार ही इस पूरे दंगे का मुख्य साजिशकर्ता है। जुलूस की गाड़ी खींच रहे सुरेश ने कहा कि अंसार हिंसा से पहले शोभायात्रा का विरोध करने वाले लोगो का नेतृत्व कर रहा था और भीड़ को भड़का रहा था। अंसार ने उन्हें धक्का देकर जुलूस को रोकने के लिए कहा। क्राइम ब्रांच ने 10 हजार से अधिक नंबरों के डंप डाटा को भी स्कैन किया है जो हमले के समय क्षेत्र में सक्रिय थे। इसके अलावा इलाके के जो छुटभैया बदमाश है वो सब इलाके से गायब है, उन सभी के नंबर बंद है। ये भी पता चला है कि इसमें से अधिकतर या तो बांग्लादेश भाग गए हैं ये किसी दूसरे राज्य में जाकर छिप गए हैं। जिस तरह से उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगे के मामले में पीएफआई व अन्य जगहों से दंगाइयों को करोड़ो की फंडिंग की बात सामने आई थी। हो सकता है उसी तरह जहांगीरपुरी मामले में भी दंगे के लिए फंडिंग हुई हो। इसके धन के सोर्स का पता लगाने के लिए पुलिस आयुक्त ने ईडी को भी जांच करने का अनुरोध किया है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 24 अप्रैल, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### पति ने पत्नी का चेहरा फर्श से टकराकर की हत्या, गिरफ्तार

नई दिल्ली। मामूली बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद पति ने पत्नी को कथित तौर पर घूंसा मारने के बाद उसका चेहरा लगातार फर्श से टकराकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़िता की पहचान झारखंड की रहने वाली गुड़िया देवी (32) के रूप में हुई है। देवी और उनके पति जन्म जय सिंह (35) हरियाणा के अंबाला में रहते थे। पुलिस ने कहा कि बृहस्पतिवार को दंपति अपनी बेटी को लेने के लिए यहां बुद्धपुर में जयसिंह के भाई के घर पहुंचे थे, जो पिछले 15 दिनों से दिल्ली में रह रही थी। अंबाला में एक मुर्गी फार्म में काम करने वाले सिंह उसी दिन लौटना चाहते थे। जबकि उनकी पत्नी ने रात में रुककर अगले दिन वापसी पर जोर दिया। पुलिस ने कहा कि इससे दंपति के बीच हाथापाई शुरू हो गई और गुस्से में सिंह ने देवी को घूंसा मारा और कई बार उनके चेहरे को फर्श से टकराया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) बृजेंद्र कुमार यादव ने कहा, जब हम उनके घर पहुंचे, तो हमने पाया कि महिला को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल महिला के शव को शवगृह में रखवा दिया गया है। यादव ने बताया कि उसके चेहरे पर कई चोटें पाई गईं। आरोपी जयसिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मई के पहले हफ्ते तक प्रगति मैदान टनल खोलने की तैयारी

नई दिल्ली। प्रगति मैदान टनल को खोलने की दिशा में अब काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। निर्माण एजेंसी कोशिश में लगी है कि मई के पहले सप्ताह तक टनल को ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाए। अभी टनल को रिंग रोड (आईटीओ से सराय काले खां) से जोड़ा जाना बाकी है। टनल के निकासी प्वाइंट और रिंग रोड के बीच में खाली जगह है, जहां पर बिजली की हाईटेंशन केबल को अंडरग्राउंड किया जाना है। दो दिनों से केबल को डालने का काम चल रहा है। यह काम पूरा होने के बाद टनल को रिंग रोड से जोड़ने वाली करीब 20 से 30 मीटर की सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि तय समयसीमा के तहत टनल को 21 मार्च तक खोला जाना था लेकिन निर्माण कार्य में तकनीकी दिक्कतों के चलते देरी हुई। अब निर्माण एजेंसी काम को जल्द पूरा करना चाहती है इसलिए टनल पर 24 घंटे काम चल रहा है। पटियाला हाउस कोर्ट रोड से रिंग रोड तक बनाई जा रही सबसे लंबी टनल का काम एक तरफ पूरा कर लिया गया है। टनल के बाहर मथुरा रोड को जोड़ने वाली दोनों तरफ की सड़क के चौड़ीकरण का काम भी चल रहा है। वहीं, आईटीओ से सराय काले खां की तरफ जाने वाली सड़क को टनल के प्रवेश और निकासी से जोड़ा जाना है। इसके लिए टनल के सामने सड़क बनाने का काम बचा है, जो केबल डालने का काम पूरा होने पर बनेगी। सीधे टनल में जा सकेंगे: इस सड़क बनने से आईटीओ की तरफ आने वाले वाहन सीधे टनल में जा सकेंगे। वहीं, टनल के रास्ते सराय काले खां की तरफ जाने वाले वाहन सीधे रिंग रोड पर चढ़ सकेंगे। रिंग रोड की सराय काले खां से आईटीओ की तरफ जाने वाली सड़क को टनल से जोड़ने के लिए प्रवेश और निकासी प्वाइंट (द्वार) के बाहर काम लगभग पूरा हो चुका है।

### दिल्ली में अगले दो दिन हवा खराब श्रेणी में बने रहने के आसार

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में अगले दो दिन वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में बने रहने के आसार हैं। शनिवार को भी दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 245 अंक पर दर्ज किया गया। इसे खराब श्रेणी में रखा जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक राजधानी के कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खराब श्रेणी में रहा। नरेला में वायु गुणवत्ता सूचकांक 305 और मुंडका में 359 अंक पर दर्ज किया गया। इसे बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। वहीं, करीब आधा दर्जन से अधिक इलाकों में एक्यूआई का स्तर 250 से अधिक अंक पर रहा। वहीं, आयानगर में एक्यूआई 168, पूसा रोड में 186 और लोधी रोड में 188 अंक पर दर्ज किया गया। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता निगरानी एजेंसी सफर के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में प्रदूषक तत्व पीएम 10 की मात्रा 254 अंक पर रही। यह मानकों से दो गुना से अधिक है। वहीं, पीएम 2.5 की मात्रा 102 अंक पर दर्ज की गई। बता दें कि हवा में पीएम 10 की मात्रा 100 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर और पीएम 2.5 की मात्रा 60 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# एंबियंस ग्रुप के अध्यक्ष ने लगाया बैंकों को करोड़ों रुपये का चूना

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

प्रवर्तन निदेशालय की जांच से पता चला है कि एंबियंस ग्रुप ने राष्ट्रीय राजधानी के शाहदरा इलाके में बनी लीला एंबियंस होटल परियोजना में निर्धारित 462 करोड़ रुपये का योगदान नहीं दिया है जबकि उसने इसी शर्त के साथ जम्मू कश्मीर बैंक की अगुवाई वाले कंसर्टियम से 810 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त किया था। एंबियंस ग्रुप की इस परियोजना की कुल लागत 1,272 करोड़ रुपये है, जिसमें 462 करोड़ रुपये का निवेश खुद ग्रुप को करना था और शेष 810 करोड़ रुपये बैंक कंसर्टियम से ऋण के रूप में लिया गया था। इस बात का खुलासा एंबियंस ग्रुप के अध्यक्ष राज सिंह गहलोत की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान हुआ। गहलोत गत साल जुलाई से जेल में बंद हैं। उन्हें ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया है। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह पता चला कि एंबियंस ग्रुप ने ऋण प्राप्ति की जरूरी शर्त की नहीं मानी और साथ ही बैंक से प्राप्त धन राशि कागजी कंपनियों के माध्यम से हेरफेर कर दीं। यह सारा मामला 2006 से शुरू हुआ, जब एंबियंस ग्रुप की इकाई अमन हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने दिल्ली विकास प्राधिकरण से नीलामी में शाहदरा की कमर्शियल जमीन खरीदी। यह जमीन होटल बनाने के उद्देश्य के साथ ली गयी थी। तकनीकी विश्लेषण के बाद इस परियोजना में 867 करोड़ रुपये लागत का अनुमान किया गया, जिसमें से 287 करोड़ रुपये प्रमोटर को देने थे और शेष 580 करोड़ रुपये बैंकों से ऋण के रूप में लेना था। इसी विश्लेषण को लेकर एंबियंस ग्रुप 2009 में जम्मू कश्मीर बैंक की अंसल प्लाजा स्थित शाखा में पहुंचा। उसने उस वक्त 75 करोड़ रुपये का ऋण मांगा। बैंक गारंटी के रूप में 15 करोड़ रुपये की राशि थी। बाद में एंबियंस ग्रुप ने अपनी रणनीति बदल दी। उसने निर्णय लिया कि अब दो छोटे होट बनाने के जगह एक बड़ा लग्जरी होटल बनाया जायेगा। इसके कारण लागत भी बढ़ गयी। इसके लिये फिर ग्रुप बैंक के पास गया। अब बजट 1,272 करोड़ रुपये का था, जिसमें से प्रमोटर को 462 करोड़ रुपये लगाने थे और 810 करोड़ रुपये जम्मू कश्मीर की अगुवाई वाले बैंक कंसर्टियम ने दिये। कंपनी ने जब ऋण राशि नहीं चुकायी तो कंसर्टियम ने ऋण का पुनर्गठन किया लेकिन फिर भी कंपनी डिफॉल्टर ही बनी रही। इसके कारण जम्मू कश्मीर बैंक ने कंपनी के खाते को 2018 में गैर निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में घोषित कर दिया। ईडी का कहना है कि 810 करोड़ रुपये में से 781 करोड़ रुपये की हेरफेर की गयी। इस राशि को 25 पार्टियों ने रिसीव किया, जो कागज में शामिल भी नहीं थीं। उन्होंने इसे दो कंपनियों को ट्रांसफर किया, जिन्होंने आगे इसे एंबियंस ग्रुप की कंपनियों में ट्रांसफर कर दिया। वहां इस पैसे का इस्तेमाल ग्रुप के कर्ज चुकाने और अपव्यय, उसके परिवार और मित्रों के खर्च के मद में किया गया। एंबियंस ग्रुप का जवकि कहना है कि ऋण राशि मिलने से पहले ही प्रमोटर्स ने 267.33 करोड़ रुपये होटल निर्माण में लगाये थे। इस होटल में 480 कमरे हैं, जो दस लाख वर्ग फुट में बने हैं।



### कंझावला हत्याकांड में दो आरोपी पकड़े

नई दिल्ली। कंझावला इलाके में बीते मंगलवार को एक युवक का शव पुलिस को बरामद हुआ था। वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान राजकुमार उर्फ रमन और कार्तिक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मृतक और आरोपियों के खून से सने कपड़े बरामद कर लिये हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार को कंझावला पुलिस को वर्धमान एन्क्लेव, शिव विहार, कराला में पानी से भरे खाली मैदान में नगन हालत में एक युवक का शव बरामद हुआ था। शव के शरीर पर चोट के काफी ज्यादा निशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। एसएचओ जरनैल सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिये जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों और पुलिस स्टेशनों से संपर्क कर शव की पहचान करने की कोशिश की। जिसकी पहचान शिव विहार कराला में रहने वाले एक परिवार ने जोगिन्द्र के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वारदात के आने जाने वाले रूटों पर लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। परिजनों से पूछताछ कर आरोपियों के बारे में जानने की कोशिश की। फुटेज में पकड़े गए दोनों आरोपी संदिग्धावस्था में दिखाई दिये।

# दिल्ली एनसीआर में तेजी से पैर पसार रहा है कोरोना, चौथी लहर की आशंका

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

अप्रैल माह में राजधानी दिल्ली सहित एनसीआर के शहरों में कोरोना संक्रमण के मामलों में इजाफा देखा जा रहा है। कोरोना केस लगातार बढ़ने के बाद कई एक्सपर्ट चौथी लहर की आशंका भी जता रहे हैं। दिल्ली में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन कोरोना के 900 से अधिक नए मरीज मिले। संक्रमण दर मामूली रूप से घटकर 4.64 प्रतिशत होने के बावजूद 1042 नए मामले सामने आए। साथ ही 757 मरीज ठीक हुए। चिंता की बात यह है कि लगातार मरीजों की मौत होने का सिलसिला एक बार फिर शुरू हो गया है। पिछले 24 घंटे में कोरोना से दो मरीजों की मौत हो गई। इससे पहले मंगलवार और बुधवार को भी एक-एक मरीज की मौत हुई थी। जबकि इससे पहले मरीजों की दो-चार दिन के अंतर से मौत हो रही थी। 24 घंटे में 22 हजार 442 सैंपल की जांच हुई। हालांकि, राहत की बात यह है कि अभी अस्पतालों में मरीजों की संख्या नहीं बढ़ रही है। अधिकतर मरीजों को हल्के लक्षण हैं, जिससे वह होम आइसोलेशन में रहकर ही ठीक हो रहे हैं। नोएडा में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को बीते 24 घंटे में 16 स्कूली बच्चों समेत कोरोना के 108 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं 75 लोग स्वस्थ हुए हैं। अब सक्रिय केस 569 हो गए हैं। सक्रिय मरीजों में 10 मरीजों का इलाज कोविड अस्पतालों में चल रहा है। पिछले दो सप्ताह में 187 बच्चे संक्रमित हो चुके हैं। विभाग की ओर से सार्वजनिक जगहों पर मास्क अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं बाहर से आने वालों की जांच कराई जा रही है। पिछले एक सप्ताह में प्रदेश में सबसे ज्यादा नए मरीज गौतमबुद्ध नगर में सामने आए हैं। वहीं सक्रिय मामलों में जिला लगातार नंबर एक पर बना हुआ है। प्रदेश में कोरोना के दो सालों का इतिहास देखें तो सक्रिय मामलों में जिला टाप 10 में शामिल रहा है। सीएमओ डा. सुनील शर्मा के अनुसार सभी कोविड संक्रमितों के इलाज की जरूरी सुविधाएं, दवाएं जिले में पर्याप्त रूप से मौजूद हैं। अब तक मिले केसों में ज्यादातर हल्के लक्षण वाले होने की वजह से कोई दिक्कत नहीं हो रही है। दैनिक जांच के मुकाबले संक्रमण दर पांच प्रतिशत है। शुक्रवार को 285 नए मरीज मिले। 177 स्वस्थ हुए। सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 1165 हो गई है और 1153 होम आइसोलेशन में इलाज ले रहे हैं। 22 दिन में 2693 मरीज मिल चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग 29,26,747 लोगों की कोरोना जांच कर चुका है। इसमें 2,63,582 मरीज मिले हैं और 2,61,410 मरीज स्वस्थ हुए। 1007 की मृत्यु हुई है। गाजियाबाद में शुक्रवार को पांच छात्रों समेत 35 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं।

# होमगार्ड ने लिव इन रिलेशनशिप में रह रही प्रेमिका को गला घोंटकर मौत के घाट उतारा

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

फर्श बाजार इलाके में दिल्ली पुलिस के एक होमगार्ड ने लिव इन रिलेशनशिप में रह रही प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या कर दी और निगम बोध घाट पर शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया। मृतका की पहचान प्रीति के रूप में हुई है। चार दिन के बाद जब परिवार के सदस्य महिला को ढूंढ़ते हुए उसके घर पहुंचे तो इस हत्याकांड से पर्दा उठा। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि आए दिन के झगड़े से परेशान होकर उसने प्रीति की गला घोंटकर हत्या कर दी। प्रीति संदीप के साथ भोलानाथ नगर में लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी। संदीप होमगार्ड है और उत्तर पूर्वी जिले में तैनात है। प्रीति के स्वजन नंद नगरी में रहते हैं। पिता उदयवीर ने बताया कि तीन साल पहले उनकी बेटी का तलाक हो गया था। प्रीति के दो बेटे व एक बेटी हैं। दोनों बेटे अपने पिता के साथ रहते हैं और सात वर्षीय बेटी प्रीति के साथ रहती थी। प्रीति मई 2021 से संदीप के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी। कुछ साल पहले संदीप की पत्नी की मौत हो गई थी। पहली पत्नी से उसे दो बच्चे हैं। गत 14 अप्रैल को संदीप ने उनकी बहू सोनम के मोबाइल पर काल करके कहा कि प्रीति कहीं चली गई है। अगले दिन सोनम ने संदीप को फोन करके प्रीति के बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह घर आई थी और बेटी और उसके कपड़े लेकर एक मोटरसाइकिल सवार के साथ कहीं चली गई है। जाते वक्त उसने प्रीति से उसका मोबाइल ले लिया था। प्रीति के पिता की शिकायत पर पुलिस ने शुक्रवार को हत्या का केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पड़ोसी सौरभ ने 15 अप्रैल को ही पुलिस को फोन करके बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाली प्रीति नाम की महिला की मौत हो गई है। उन्हे आशंका है कि महिला के साथ रहने वाले व्यक्ति ने उसकी हत्या की है। सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला महिला को अंतिम संस्कार के लिए निगम बोध घाट लेकर गए हैं, पुलिस के वहां पहुंचने से पहले ही महिला का अंतिम संस्कार हो चुका था। पुलिस ने संदीप से पूछताछ की तो उसने बताया कि प्रीति की अचानक तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। रात को दवा खाकर सो गई थी, सुबह जब उठी तो उसकी मौत हो गई थी।




पिता उदयवीर ने बताया कि तीन साल पहले उनकी बेटी का तलाक हो गया था

### छह महीने से तड़ीपार रह रहा था मंगोलपुरी में, पकड़ा

नई दिल्ली। मंगोलपुरी पुलिस ने दो शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हरिजन बस्ती मंगोलपुरी के रहने वाले सुरेन्द्र उर्फ कड्डू और परदीप उर्फ कालू के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से दो चाकू भी जब्त किये। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगोलपुरी और इसके आसपास के एरिया में स्ट्रीट क्रॉइम पर लगाम लगाने के लिये एसीपी वीरेन्द्र कादयान की देखरेख में एसएचओ मनोज कुमार के निर्देशन में पुलिस टीमें बदमाशों को पकडें के लिये सरप्राईज चैकिंग और बेरिकेटस लगाकर दोपहिया वाहनों की तलाशी ली रही थी। कांस्टेबल महेश और राहुल आठ बजकर बीस मिनट पर जब छठ पूजा घाट के पास गश्त कर रहे थे। तभी एक युवक को संदिग्ध हालत में देखकर रूकने का ईशारा किया था। लेकिन उसने भागने की कोशिश की। जिसका काफी दूरी तक पीछा करने के बाद उसे दबोच लिया। आरोपी की पहचान सुरेंद्र उर्फ कड्डू के रूप में हुई। उसके खिलाफ फरवरी के महीने में 06 महीने की अवधि के लिए दिल्ली एनसीआर के क्षेत्र से बाहरी प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन वह गुप्त रूप से मंगोल पुरी इलाके में रह रहा था।

# सूरत जैसा प्रदर्शन दोहराने की तैयारी में आप, रविवार को होगी वोटों की गिनती

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

गुवाहाटी नगर निगम चुनाव 2022 के नतीजे रविवार को घोषित किए जाएंगे। 60 सीटों वाले गुवाहाटी नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के तीन उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा चुके हैं। ऐसे में बची 57 सीटों के लिए रविवार को वोटों की गिनती होगी। भारतीय जनता पार्टी, असम गण परिषद, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के साथ कई अन्य राजनीतिक दल मैदान में हैं। वहीं, पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में ऐतिहासिक जीत हासिल करने वाली आम आदमी पार्टी के लिए रविवार का दिन अहम है। दरअसल, गुवाहाटी नगर निगम चुनाव में कुछ सीटों पर जीत हासिल कर आप मुखिया अरविंद केजरीवाल उत्तर पूर्व के इस महत्वपूर्ण राज्य में एंट्री मारना चाहते हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी अब सूरत निकाय जैसा प्रदर्शन गुवाहाटी नगर निगम चुनाव 2022 में भी दोहराना चाहती है। आप ने 60 सीटों में 40 पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। ऐसे में रविवार को आने वाले नतीजों में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने बाजी मारी तो यह अरविंद केजरीवाल के लिए बड़ी खुशखबरी होगी। इससे वह उत्तर पूर्व के इस महत्वपूर्ण राज्य में अपनी राजनीतिक जमीन तलाश सकते हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार (22 अप्रैल) को नगर निगम चुनाव में 57 सीटों पर मतदान के लिए पहली बार मतदान के लिए ईवीएम का इस्तेमाल किया गया। इसके साथ ही गुवाहाटी नगर निगम चुनाव में लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुआ है।




आम आदमी पार्टी अब सूरत निकाय जैसा प्रदर्शन गुवाहाटी नगर निगम चुनाव 2022 में भी दोहराना चाहती है


### पश्चिम विहार महिला से लूटपाट में हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। पश्चिम विहार ईस्ट पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जितेंद्र पाल सिंह और रविंदर सिंह के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से छह हजार रुपये,लूटा हुआ बैग और एक स्कूटी जब्त की। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते वीरवार पश्चिम विहार पूर्व पुलिस को बीजी-6, बाजार के पास बैग छीनने की एक पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। महिला शिकातयकर्ता ने बताया कि जब वह बी 3 ब्लॉक की ओर जा रही थी। बीजी-8 मार्केट के पीछे गोदाम रोड के पास दो अज्ञात व्यक्ति उनके पीछे से स्कूटी पर आए और उनसे रुपये से भरा बैग छीन लिया। बैग में करीब 12 हजार रुपये, पैन कार्ड, घर की चाबियां और कुछ अन्य कार्ड रखे थे। आरोपी वारदात के बाद रामदेव मार्ग की ओर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया। कांस्टेबल नवीन और संदीप को आरोपियों को पकडें का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस ने 25 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और कई संदिग्धों से पूछताछ की।

# नई परिभाषाएं गढ़ गांवों को चमका रहीं युवा महिला सरपंच

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

अपने गांव के विकास का मोह एमए, एलएलबी भक्ति शर्मा को अमेरिका की लाखों रुपयों की नौकरी के प्रस्ताव छुड़वाकर गांव ले आया और वह राजनीति को ही अपना करियर बनाकर गांव के विकास में जुट गईं। बीएससी (आइटी) पल्लवी ठाकुर जब सरपंच बनीं तो उन्होंने गांव को शहर की तर्ज पर चमका दिया। सरपंच सीमा रानी ने इस कथन को बेमानी साबित कर दिया कि लड़की है क्या कर पाएगी? पढ़-लिखकर जमीनी विकास की सोच रखने वाली ये युवा महिला सरपंच अपने जज्बे और पहल से स्वावलंबन की नई कहानी लिख रही हैं। बताया आदरपूर्वक जीने का तरीकाः भक्ति शर्मा अमेरिका में थीं, लेकिन पिता के कहने पर खेती-बाड़ी करने अपने गांव आ गईं। गांव की सीट सुरक्षित हुई तो पंचायत की प्रधान भी चुन ली गईं। आज भोपाल जिले के बरखेड़ी अब्दुल्ला गांव की पंचायत का नेतृत्व करते उन्हें सात साल हो गए हैं। उनकी पंचायत को प्रधानमंत्री की ओर से पुरस्कार भी मिल चुका है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। गांव की सूरत बदल देने वाली भक्ति कहती हैं, भोपाल से 12 किमी. दूर बरखेड़ी अब्दुल्ला गांव में ढांचागत सुविधाएं, जैसे-शहर से जोड़ने वाली सड़कें, पक्के मकान, बिजली, पानी और शौचालय की सुविधा विकसित करने के साथ हमने यह भी सोचा कि हम महिलाओं को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर कैसे बनाएं? बच्चों की शिक्षा को क्या स्वरूप दें? कैसे लोगों को आदरपूर्वक जीने के काबिल बनाएं? हमने उनके लिए पुस्तकालय और डिजिटल शिक्षा तक पर काम किया है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी हमारा पूरा ध्यान है। 21 की उम्र में संभाली कमानः पंजाब की सबसे युवा सरपंच पल्लवी ठाकुर को जब प्रधानमंत्री कार्यालय से फोन आता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधे घंटे में उनसे बात करेंगे तो पल्लवी हैरान रह जाती हैं। प्रधानमंत्री पठानकोट जिले के धारकलां ब्लाक के गांव हाड़ा की सरपंच पल्लवी के सामने वीडियो बातचीत के लिए सामने आते हैं। पल्लवी उन्हें कोरोना के दौरान गांव में किए गए उपायों और किसानों की मदद के बारे में बताती हैं। प्रधानमंत्री उनके हौसले और नेतृत्व की सराहना करते हैं।



# विजयनगर इलाके में फुटपाथ पर सजीं दुकानें

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

फुटपाथों पर बढ़ रहे अतिक्रमण से राहगीर परेशान हैं। हमेशा उन्हें हादसे का डर सताता रहता है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम और पुलिस के ध्यान न देने के कारण फुटपाथ अतिक्रमण की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। हर इलाकों में फुटपाथों पर दुकानदारों का कब्जा है। इस वजह से पता ही नहीं चलता कि यहां फुटपाथ है या नहीं। हमेशा राहगीरों को दुर्घटना होने का डर सताता रहता है, वहीं नगर निगम का दावा है कि समय-समय पर अभियान चलाकर फुटपाथों को अतिक्रमण से मुक्त किया जाता है, लेकिन अतिक्रमणकारी फिर से कब्जा कर लेते हैं। इस वजह से पहले जैसी स्थिति हो जाती है। रोहिणी के विजय विहार इलाके की बात करें तो यहां लोगों के चलने के लिए बनाई एक फुटपाथ पर दुकानें बन गई हैं। रही-सही कसर रेहड़ी-पटरी वालों ने कब्जा कर पूरा कर दी है। वहीं इसके पास श्मशान भूमि वाले मार्ग पर भी अतिक्रमण के कारण लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। इसके आसपास के इलाकों में रोहिणी सेक्टर एक, दो, पांच के मुख्य मार्ग पर भी अतिक्रमण है। सड़क किनारे लगे हुई रेहड़ियां पूरे दिन राहगीरों को परेशान करती हैं और इसके कारण जाम भी लगा रहता है। इसके अलावा विजय विहार के 40 फुटा रोड के फुटपाथ पर पक्की दुकानें बनाकर कब्जा कर लिया गया है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम और पुलिस की कार्रवाई न होने से इस फुटपाथ पर दुकानें और रेहड़ियां बढ़ती ही जा रही हैं। पास की गलियों से लेकर मुख्य मार्ग तक दुकानें सजी हैं। मकान और दुकान बनाकर सड़क पर किया कब्जा विजय विहार के घोड़े वाले मंदिर वाला रोड पर मकान और दुकान बनाकर कब्जा कर लिया गया है। इस वजह से सड़क संकरी हो गई है। यहां से चार पहिया वाहन तो दूर दोपहिया वाहनों का भी निकलना मुश्किल हो रहा है। यह मार्ग विजय विहार को बुद्ध विहार से और रोहिणी सेक्टर चार और पांच से जोड़ता है, वहीं सेक्टर पांच के पेट्रोल पंप के पास मुख्य मार्ग पर रेहड़ी के अतिक्रमण से लोग काफी परेशान हैं।



**प्रयास** अस्पतालों के निर्माण में और अधिक बेड बढ़ाए जाने की भी कोशिश की जा रही है

# दिल्ली के चार अस्पतालों में बढ़ेंगे 3114 बेड

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

मादीपुर, हस्तसाल, सिरसपुर और नांगलोई के ज्वालापुरी और इनके आसपास के लोगों को अब इलाज के लिए दूर नहीं जाना होगा। यहां दिल्ली सरकार चार नए अस्पताल बना रही है। इसमें से तीन अस्पतालों के अंदर बेड की क्षमता 650-650 होगी और सिरसपुर में बन रहे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की बेड क्षमता 1164 होगी। इस तरह चारों अस्पताल बनने के बाद 3114 बेड का इजाफा होगा। हालांकि, इन अस्पतालों के निर्माण में और अधिक बेड बढ़ाए जाने की भी कोशिश की जा रही है। वित्त व लोक निर्माण मंत्री मनीष सिसोदिया ने भी अस्पतालों के निर्माण को लेकर बजट में जिक्र किया है। उनका कहना है कि दिल्ली सरकार का मकसद आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इस दिशा में प्रयास जारी है। पश्चिमी दिल्ली के मादीपुर में पहले कोई सरकारी अस्पताल नहीं था। इस विधानसभा क्षेत्र की जनता इलाज के लिए राजौरी गार्डन विधानसभा की ओर रुख करती है। इलाके के विधायक गिरीश सोनी कहते हैं कि इस अस्पताल को 2024 तक शुरू कर देने का लक्ष्य है। अधिकतर ढांचागत काम हो चुका है। इस अस्पताल के बन जाने से बहुत राहत मिलेगी। अस्पताल को 650 बेड का बनाया जाना निर्धारित हुआ था, मगर इसे 700 बेड से अधिक तक लेकर जाने की कोशिश की जाएगी। इसी तरह तीन अन्य अस्पतालों का निर्माण पूरा हो जाने के बाद लाखों लोगों को इसका फायदा मिलेगा। अभी इलाज के लिए पांच-पांच किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। इन अस्पतालों के बनने के बाद दिल्ली सरकार के अन्य अस्पतालों पर भी दबाव कम होगा। ये सभी अस्पताल पूरी तरह से वातानुकूलित और हाईटेक सुविधाओं से युक्त होंगे। लोक निर्माण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं कि इन चारों अस्पतालों को दो साल से पहले तैयार कर लिया जाएगा। इनमें 40 से लेकर 50 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है। कोरोना महामारी के दो साल गुजरने के बाद अब निर्माण कार्य की गति बढ़ाई जा चुकी है। अन्य तीनों अस्पतालों की इमारतें सात-सात मंजिल की होंगी, जबकि सिरसपुर अस्पताल की इमारत 11 मंजिला होगी। इसके बनने से उत्तरी दिल्ली के लोगों को काफी फायदा होगा। यहां पहले चरण में 1,164 बिस्तर और दूसरे चरण में 1,500 से अधिक बिस्तरों की क्षमता होगी। 2020 में मुख्यमंत्री अरच्वद केजरीवाल ने अस्पताल की आधारशिला रखी थी। बजट में है प्रविधानः दिल्ली सरकार ने वर्ष 2022-23 का बजट पेश करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 9,769 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की है। इसमें से 1900 करोड़ रुपये नए अस्पतालों पर खर्च होंगे। सात नए कोरोना अस्पतालों पर 1200 करोड़ रुपये और 500 करोड़ रुपये 15 पुराने अस्पतालों के पुनर्विकास के लिए निर्धारित हैं। इसके अलावा 200 करोड़ रुपये चार नए अस्पतालों के लिए निर्धारित किए गए हैं। राजधानी में बन रहे सात कोरोना अस्पतालों से भी 6800 बेड बढ़ जाएंगे।



## बिरला नगर स्टेशन तक मई से तीसरी रेलवे लाइन पर चलेंगी ट्रेन

नई दिल्ली। नई दिल्ली स्टेशन से बीना तक बिछाई जा रही तीसरी रेलवे लाइन का काम बानमौर से बिरला नगर स्टेशन तक पूरा कर लिया गया है। हाल ही में रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने इसका निरीक्षण किया है। अनुमति मिलने के बाद मई से इस पर रेलगाड़ियां दौड़ने की उम्मीद है। इससे दिल्ली-ग्वालियर के रेल मार्ग पर रोजाना आवाजाही करने वाले करीब 70 हजार से अधिक लोगों को फायदा मिलेगा। तीसरी लाइन पर अभी आगरा के भांडई से लेकर धौलपुर तक रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक नई दिल्ली से मथुरा, आगरा, धौलपुर, ग्वालियर, झांसी होते हुए बीना तक तीसरी लाइन बिछाई जा रही है। पिछले माह इस लाइन पर रायरू और बिरला नगर पर नॉन इंटरलॉकिंग यानी सिग्नल, प्वाइंट्स, ट्रैक का काम पूरा किया किया गया था। बानमौर से बिरला नगर स्टेशन तक करीब 16 किलोमीटर की नई तीसरी लाइन चालू होने से लोगों के करीब पांच मिनट तक बचेंगे। इस लाइन के चालू होने पर मालगाड़ियों के संचालन के लिए एक अलग रास्ता मिल जाएगा।

### केरल के शिक्षा अधिकारी दिल्ली के स्कूल पहुंचे

नई दिल्ली। केरल के सीबीएसई स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के रीजनल सेक्रेटरी विक्टर टीआई और कंफेडेरशन ऑफ केरल सहोदया कॉम्प्लेक्सेस के ट्रेसरर डॉ. एम दिनेश बाबू ने शनिवार को दिल्ली के स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी और शिक्षा निदेशक के प्रधान सलाहकार शैलेन्द्र शर्मा से भी उन्होंने मुलाकात की।

**Public Notice**

It is for general information that VANDANA KHINCHI W/o PANKAJ KUMAR BAGRE employed as Senior Manager of Canara Bank in Govt. of India, R/o Flat. no. A3-512, Block no-13 Kailash Dham Sector-50 Noida District Gautam Buddha Nagar UP-201301, declare that the name of mine has been wrongly written as VANDANA BAGRE in my Passport no-K0174226, Driving Licence no-MP04n-20100335958 and voter Card-ZYH6586481. The actual name of mine VANDANA KHINCHI, which may be amended accordingly.

## क्लासिफाइड

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व विदित हो कि मकान स्थित सी–17 शीशम एस्टेट गामा–प्रथम ग्रेटर नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) एक विवादित सम्पत्ति है जिसकी बाबत माननीय न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) महोदय, गौतमबुद्धनगर में विचाराधीन वाद संख्या 184/2020 सुषमा आदि बनाम संगीता चौधरी रावल व जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष संगीता चौधरी का वाद संख्या 10/2019 विचाराधीन है। उक्त सम्पत्ति की बाबत एक पुलिस कम्पलेंट दिनांकित 25.08.2021 पुलिस कमिशनर एवं थाना बीटा–2 ग्रे. नोएडा में भी दर्ज है और जिसमें विवेचना भी जारी है। उपरोक्त सम्पत्ति में 5 सहखातेदार है, उक्त सम्पत्ति में सभी सहखातेदारों को अपने–अपने हिस्से के अधिकार प्राप्त है। ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में उक्त सम्पत्ति पर संगीता रावल ने केवल अपना नाम स्थानान्तरण हेतु एक प्रार्थना पत्र दिया था जिसको प्राधिकरण ने बजरिये पत्रांक संख्या जी 01/2020/3900 दिनांक 05.02.2020 को आपका प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है यदि उपरोक्त सम्पत्ति को कोई भी क्रय–विक्रय आदि करता है तो वह लेन देन अवैध शून्य व निष्प्रभावी होगा और होगा और ऐसा करने पर श्रीमती संगीता रावल पत्नी डी.डी. रावल या अन्य कोई कानूनी वारिस या उत्तराधिकारी विक्रेता एवं क्रेता होगा तो वह फौजदारी व दीवानी प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार होगा।

सूचनादातागण
दीपक सैनी एडवोकेट

# ऑटो यूनियन तथा ऑटो चालकों के साथ किया बैठक आयोजित

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



देश में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत फरीदाबाद की यातायात पुलिस द्वारा डीसीपी ट्रैफिक सुरेश कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित करके ऑटो यूनियन के सदस्यों तथा ऑटो चालकों को रोड सेफ्टी के बारे में जागरूक किया। पूरे भारतवर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पूरे फरीदाबाद में विभिन्न संस्थाओं द्वारा विभिन्न मुद्दों के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा तथा ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से फरीदाबाद पुलिस की यातायात विंग द्वारा यातायात प्रबंधन में अहम योगदान देने वाले ऑटो चालक यूनियन तथा ऑटो चालकों को रोड सेफ्टी के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व डीसीपी ट्रैफिक श्री सुरेश कुमार द्वारा किया गया। इसके साथ ही एसीपी ट्रैफिक आत्माराम, एसएचओ ट्रैफिक दर्पण, ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र, एडवोकेट बीएस विर्दी, नवनीत गुंबर, दीपक झा, रोहित नेहरा, महेंद्र गहलावत तथा फरीदाबाद के सभी ऑटो यूनियन के प्रधान अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने फरीदाबाद की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि फरीदाबाद में ऑटो चलाकर जीवन यापन करने वाले ऑटो चालकों की संख्या बहुत अधिक है। जनसंख्या घनत्व ज्यादा होने के कारण यहां पर ऑटो की डिमांड भी बहुत अधिक है। सभी ऑटो यूनियन प्रधानों से अपील की गई कि वह ऑटो चालकों को इस प्रकार से तेज गति में ऑटो न चलाने की हिदायत दें तथा उन्हें इस प्रकार की सड़क दुर्घटना से लोगों को बचाने के लिए जागरूक करें ताकि किसी भी व्यक्ति को जान या माल की हानि न पहुंचे और नागरिक सुरक्षित अपनी मंजिल तक पहुंच सकें। बैठक में मौजूद ऑटो यूनियन मेंबर्स तथा ऑटो चालकों ने पुलिस अधिकारियों को यह विश्वास दिलाया कि सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के बारे में ऑटो चालकों को अधिक से अधिक जागरूक करेंगे और यातायात पुलिस द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य में अपना पूरा सहयोग देंगे।

## श्री गुरु तेग बहादुर के दिखाएं मार्ग का करें अनुसरण: यादव

गुरुग्राम। हिंद की चादर श्री गुरु तेगबहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व पर पानीपत में 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर जिला में चल रही व्यापक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। लोग इस कार्यक्रम में भागीदार बनने के लिए बड़े ही उत्साहित नजर आ रहे है डीसी निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन तथा एडीसी विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में इन तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। श्री गुरु तेगबहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों, ग्रन्थियों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। डीसी ने कहा कि श्री गुरु तेगबहादुर जी का 400वें प्रकाश पर्व ऐतिहासिक मौका है, और लोग इस समागम में पहुंचकर पुण्य के भागीदार बने। उन्होंने कहा कि पानीपत जाने वाली संगत को किसी तरह की कोई परेशानी न आए, इसके लिए पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा सरकार द्वारा पानीपत में श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400वां प्रकाश पर्व बड़ी ही श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

# नवकल्प ने पक्षियों के लिए दाना-पानी नेस्ट लगाने का अभियान किया शुरू

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



भीषण गर्मी से जहां आमजन परेशान है, वहीं पशु-पक्षियों का भी हाल-बेहाल हो गया है। ऐसे में उनके लिए पानी व दाने आदि की व्यवस्था करने में सामाजिक संस्थाएं जुट गई हैं। इसी क्रम में सामाजिक संस्था नवकल्प फाउंडेशन द्वारा रेजीडेंसी ग्रीन सोसायटी से विश्व पृथ्वी दिवस से अभियान की शुरूआत की गई। फाउंडेशन के महासचिव डा. सुनील आर्य, रेजीडेंसी ग्रीन आरडब्ल्यूए के प्रधान नरेंद्र यादव, उप-प्रधान जितेंद्र बोकन, सुधीर नागपाल, डा. योगिंद्र, डा. सुनील आर्य, राज सिह, सूरज गर्ग, डा. कौशल, आदित्य समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने पेड़ों व अन्य स्थलों दाना-पानी नेस्ट लगाए। डा. सुनील आर्य ने कहा कि हम सबका यह कर्तव्य है कि हम अपने साथ पक्षियों, जानवरों के लिए दाना, पानी, चारे का प्रबंध करें। गुरुग्राम जैसे महानगर में ये सब इंसानों पर ही निर्भर हैं। क्योंकि यहां पर प्राकृतिक संसाधनों का अभाव है। कंक्रीट का शहर गुरुग्राम भले ही इंसानों के लिए आरामगाह बन गया हो, लेकिन बेजुबान पक्षी यहां पर पीड़ित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को भी ऐसे संस्कार देने चाहिए कि वे अभी से ऐसे कार्यों में रुचि लें। उन्होंने बताया कि हम सभी को इस कार्य के लिए आगे आना चाहिए। रेजीडेंसी ग्रीन आरडब्ल्यूए के प्रधान नरेंद्र यादव ने कहा कि नवकल्प फाउंडेशन द्वारा हर साल यह कार्य किया जाता है। उनका यह कार्य काबिले तारीफ है। जनता के जागरुक भी इस तरह से किया जा रहा है। रेजीडेंसी ग्रीन के निवासियों को भी उनका संदेश है कि वे अपने घरों में छाया वाली जगह पर पानी और दाना रखें, ताकि पक्षी अपना पेट भर सकें। उन्होंने कहा कि पक्षियों का पालन-पोषण हम जिम्मेदारी के साथ करें।

# राजकीय महाविद्यालय सेक्टर 9 ने लगाया जॉब फेयर



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

राजकीय महाविद्यालय सैक्टर 9 में प्लेसमेंट सैल द्वारा जॉब फेयर का आयोजन किया गया जिसमें तीन कॉरनीवॉल हॉलीडे प्रा. लि., इनोवेशन ट्रिगर मैनेजमेंट प्रा. लि. तथा ए एच आई रिएलिटी ने अपनी टीम के साथ इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया। इस ड्राइव में बी कॉम पास, बी ए पास, ऑनर्स, बी सी ए, एम सी ए तथा बी टी टी एम के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉरनीवॉल कम्पनी ने प्रमुख रूप से बी टी टी एम विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया तथा चार विद्यार्थियों का चयन किया। इनोवेशन ट्रिगर मैनेजमेंट प्रा. लि. ने ऑटो, कैमीकल, रिफाइनरी, फार्मा आदि क्षेत्र के लिए सभी संकायों से 17 विद्यार्थियों का चयन किया। ए एच आई रिएलिटी ने मार्किटिंग तथा सेल्स क्षेत्र के लिए 13 विद्यार्थियों का चयन किया। इस अवसर पर 130 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। जॉब फेयर को लेकर प्राचार्य डॉ सत्यमन्यु यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

# सतगुरू एनक्लेव में लगाया परिवार पहचान पत्र का कैंप, वोटर आईडी भी बनाई गई



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

कैनविन फाउंडेशन की ओर से शनिवार को मारुति गेट नंबर-1 के सामने सतगुरू एनक्लेव में परिवार पहचान पत्र एवं वोटर आईडी कैंप लगाया गया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों के ये कागजात ऑनलाइन आवेदन किए गए।

इस कैंप में आरडब्ल्यूए प्रधान कैलाश, पूर्व प्रधान दलेराम रोहिल्ला, रविंदर देसवाल, सुखमेंदर गहलोत, महावीर प्रसाद यादव, नीलम सैनी (सैनी समाज प्रदेश अध्यक्ष), वार्ड-8 पार्षद रेखा सैनी, पवन कुमार, अंकित कुमार, सतपाल, सुरेंद्र यादव और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी लोगों ने अपना वोट और परिवार पहचान पत्र बनवाया।

प्रधान कैलाश ने कहा कि आज हर सरकारी सुविधा का लाभ, सरकारी सुविधाओं के लिए आवेदन ऑनलाइन किए जा रहे हैं। आने वाले समय में कागजों का काम खत्म हो जाएगा। सब कुछ ऑनलाइन ही होगा। ऐसें में जरूरी है कि हम सभी अपने प्रमाण पत्र बनवा लें।

उन्होंने कहा कि कैनविन फाउंडेशन द्वारा जगह-जगह पर इस तरह के कैंप लगवाकर लोगों को उनके घरों के पास सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल का आभार जताया कि उन्होंने इस संस्था के माध्यम से शहर में लोगों को काफी लाभ पहुंचाया है।

## रोजगार मंडल विभाग द्वारा 25 को ऑनलाइन जॉब फेयर

गुरुग्राम। मंडल रोजगार कार्यालय गुरुग्राम द्वारा 25 अप्रैल को ऑनलाइन माध्यम से वर्चुअल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए रोजगार मेले का आयोजन वर्चुअल तरीके से ऑनलाइन किया जा रहा है, ताकि प्रार्थी रोजगार प्राप्त कर सकें। रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक प्रार्थी 25 अप्रैल तक रोजगार विभाग के पोर्टल पर अपनी लॉग इन आईडी का इस्तेमाल करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मेले में करीब 15 कम्पनियों के भाग लेने की सम्भावना है, जिसके लिए पॉलिसी बाजार, इंश्योरेंस वेब प्राइवेट लिमटेड, याशी कंसलटिंग, पुखराज हेल्थ केयर, जेबीएम ग्रुप, नवभारत फर्टिलाइजर लिमिटेड, एजिस बीपीओ, फाइव फोर्स सिक्योरिटी लिमिटेड आदि कम्पनियों से सम्पर्क किया जा रहा है। जो इच्छुक प्रार्थी व नियोजक रोजगार विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत नहीं है। वह अपना पंजीकरण करवाने उपरान्त इस ऑनलाइन रोजगार मेले में भाग ले सकते है।

# गुरुग्राम में 14 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 14 मई को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी उपरोक्त अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं।जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव श्रीमती ललिता पटवर्धन ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 14 मई को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। श्रीमती पटवर्धन ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं। लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है, जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है।

## दादरी मुंबई रेलवे फ्रेट कॉरिडोर से सामान हो रहा चोरी

पलवल। गदुपरी थाना अंतर्गत दादरी-मुंबई रेलवे फ्रेट कॉरिडोर का सामान चोरी किया जा रहा है। आए दिन चोरी की सूचनाओं को लेकर जिला प्रशासन कई बार इस बारे में सुरक्षा कंपनी और आसपास के लोगों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक कर चुका है। उसके बाद भी चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती 21 अप्रैल को रेलवे कॉरिडोर का सामान चोरी हो गया। गदपुरी थाना पुलिस ने इस बारे में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक आरोपियों का सुराग पुलिस को नहीं मिला है। गदपुरी थाना पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मचंद ने बताया कि बालाजी सिक्योरिटी कंपनी के सुपरवाइजर अशोक भाटी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि कंपनी ने एलएंडटी कंपनी के सामान की सुरक्षा का टेंडर लिया हुआ है।एलएंडटी कंपनी दादरी से रेवाडी तक बनाए जाने वाले रेलवे फ्रेट कॉरिडोर पर काम कर रही है। कॉरिडोर से 21 अप्रैल को 60 बियरिंग, 150 प्लेट सक्रू, 74 सीसी लैंप, एमएस लिनर 1250, ईआरसी क्लिप 1200 चोरी कर ली गई।

# युवती की हत्या के आरोपी को उम्र कैद की सजा

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



मारपीट कर युवती की हत्या करने के मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्य प्रताप सिंह की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद व 10 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ने का भुगतान न करने पर दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जानकारी के अनुसार गत 15 अप्रैल 2021 को जिले के गांव चकरपुर में किराए के एक मकान में एक युवती की मारपीट कर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया था। डीएलएफ सेक्टर-29 थाना पुलिस ने बिल्डिंग के केयर टेकर की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि चकरपुर गांव में किराए के लिए कई कमरे बने हुए हैं। कमरा नंबर-17 में आकाश बंसती के साथ किराए पर रहता था। जब उसने किराए पर कमरा लिया था तो उसने बसंती की पहचान अपनी पत्नी के रुप में कराई थी। उन दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। 14-15 मार्च कीरात्रि में भी दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा व मारपीट भी हुई थी। सुबह पता चला कि बसंती की मौत हो गई है। अन्य कमरों में रहने वाले लोगों ने भी रात में घटित हुई इस घटना की जानकारी उसे दी थी। पुलिस ने आकाश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तभी से वह जिला जेल में बंद है। मामला अदालत में चला। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपी पर लगे आरोप सिद्ध होना पाते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

# बेहतर कल के लिए आज से ही करें ई-वाहनों का उपयोग: नवीन गोयल

### ई-रिक्शा का इस्तेमाल करके पर्यावरण सुधार में सहयोग दें

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



प्रदूषण सिर्फ साल के अंत में नहीं होता। यानी दीवाली या सर्दी के मौसम में प्रदूषण अधिक नहीं होता बल्कि यह सालभर ही फैला रहता है। वाहनों से फैलने वाले प्रदूषण का विकल्प अब ई-वाहन आ गए हैं। हमें इनका इस्तेमाल करके पर्यावरण सुधार के लिए अपना सहयोग देना होगा। यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने ऑटो यूनियन के प्रतिनिधियों व आटो चालकों के बीच ई-रिक्शा मंगवाकर उसकी उपयोगिता पर मंथन करते हुंए कही। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है। जो हम सभी के लिए चिंता की बात है। इसलिए प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हमें कारगर उपायों को अमल में लाने की जरूरत है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने ई-वाहनों के रूप में पर्यावरण में सुधार का बेहतर विकल्प निकाला है। अब दुपहिया से लेकर चारपहिया वाहन तक इलेक्ट्रिक आ चुके हैं। आबादी वाले क्षेत्रों में जरूरी है कि ई-वाहन अधिक से अधिक हों। बिजली से चार्ज होकर चलने वाले इस इलेक्ट्रिक रिक्शा में पेट्रोलियम पदार्थों की आवश्यकता नहीं होती। ऐसे में महंगे पेट्रोल, डीजल आदि का बोझ भी जेब पर नहीं पड़ेगा। ई-रिक्शा के लिए शहर में जगह-जगह पर चार्जिंग स्टेशन भी बनाए जा रहे हैं, ताकि किसी तरह से परेशानी ना आए। ई-रिक्शा के माध्यम से सुरक्षित सफर किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री भावन्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का लाभ उठाएं किसान



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

किसानों की आय को दोगुना करने व फसल विविधीकरण के तहत लगाई गई बागवानी फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भावन्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से जिला के बागवानी खेती करने वाले किसान फसल की खेती के दौरान व उसके उत्पादन के बाद होने वाले जोखिमों को कम कर सकते है। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई भावांतर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना बागवानी किसानों के लिए एक अभूतपूर्व योजना है। यह योजना किसानों को सब्जियों व फलों के भाव से जोखिम मुक्त कर उन्हें फसल का उचित दाम दिलाने में कारगर साबित हो रही है। जिला बागवानी अधिकारी पिंकी यादव ने बताया कि इस योजना के तहत फसलों को सूचीबद्ध किया गया है। सभी फसलों के संरक्षित मूल्य सरकार द्वारा पहले से निर्धारित किए गए है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा निर्धारित संरक्षित मूल्यों से कम बिक्री होने पर जो नुकसान होगा उसकी भरपाई प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को की जाएगी। उत्पादन से पूर्व होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत उत्पादक किसान उपरोक्त फसलों का बीमा भी करवा सकते है।

# अतिरिक्त निगमायुक्त ने मानसून की तैयारियों को लेकर की बैठक



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त जयदीप कुमार ने शुक्रवार को इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा निर्देश दिए कि मानसून आने से पूर्व जलभराव से निपटने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करें, ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।सेक्टर-42 स्थित निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित सहायक अभियंताओं को अतिरिक्त आयुक्त ने कहा कि जलभराव की संभावित जगहों पर पर्याप्त मशीनरी, पम्प एवं मैनपावर का प्रबंध समय पर करना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही विभिन्न नालों, ड्रेनेज व सीवरेज की सफाई मानसून से पूर्व ही पूरी कर लें। सहायक अभियंताओं ने बताया कि इस बारे में सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। अतिरिक्त निगमायुक्त ने कहा कि इस बार मानसून में कहीं पर भी जलभराव नहीं होना चाहिए। बैठक में सहायक अभियंता संजोग शर्मा, दिनेश यादव, नरेन्द्र पंवार, दलीप यादव, हितेश दहिया, कृष्ण कुमार व मिलन यादव उपस्थित थे।

## कल्पना चावला सिटी पार्क से शुरू किया मेगा सफाई अभियान

फरीदाबाद। हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में बल्लभगढ़ के कल्पना चावला सिटी पार्क से मेगा सफाई अभियान की शुरूआत की। उन्होंने पार्क में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुन जल्द हल कराने का आस्वासन भी दिया। कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि काम में लापरवाही न बरतें। कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा शहर कि अब साफ सफाई और.पीने के पानी पर फोकस रहेगा। उन्होंने खुद झाडू लगाकर गंदगी को इका किया और फिर उसको रिक्शा में डालकर गर्बेज के लिए भेजा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अनेक जन हितैषी योजनाओं को क्रियान्वित किया है। इनमें स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, आयुष्मान भारत सहित हर वर्ग के लिए अलग-अलग योजनाएं बनाकर उन्हें क्रियान्वित किया जा रहा है।

# गरीबों के लिए दीन दयाल आवास योजना में सवा करोड़ रुपये का प्लॉट: कैप्टन अजय यादव

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई दीन दयाल जन आवास योजना में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। यह योजना गरीबों के लिए थी, लेकिन इसमें 100 गज के सवा करोड़ रुपये के प्लॉट बिक रहे हैं। कैप्टन अजय सिंह यादव ने सरकार को घेरते हुए कहा कि दीन दयाल आवास योजना का उद्देश्य था कि गरीबों के लिए घर का निर्माण हो सके, कम कीमत पर गरीब लोग अपना सपनों का मकान ले सकें। किराए के मकानों से छुटकारा मिल सके। इसमें कुछ और ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि अब सरकार ये जवाब दे कि एक गरीब आदमी सवा करोड़ रुपये का प्लाट ले सकता है क्या। इसी तरह से अन्य जिलों में भी गरीब लोगों के पंहुच से दूर है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा इसमें बहुत भारी धांधली हो रही है। सरकार अपने चहेतों और आरएसएस के आदमियों को लाईसेंस देने में लगी हुई है जो मन माने रेट पर प्लाटिंग कर रहे हैं। यादव ने कहा दीन दयाल जन आवास योजना के तहत आवेदनकर्ता के पास पहले से अपना घर नहीं होना चाहिए। उसके घर से कोई सरकारी नौकरी में कार्यरत नहीं होना चाहिए, गरीबी रेखा से नीचे होना चाहिए आदि शर्तें थी। श्री यादव ने सरकार से इस मामले में श्वेत पत्र जारी करने की मांग करी है। कैप्टन अजय सिंह ने कहा भाजपा सरकार ने किसी को नहीं बख्शा हर वर्ग त्रस्त है। दीनदयाल जन आवास योजना में तो गरीबों के हक को भी छीनने में लगी हुई है।

## आगामी 27 अप्रैल को जिले स्तर का आईटीआई नूंह में मेगा जॉब मेले का होगा आयोजन

नूंह। मेवात।राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नूंह में जिला स्तरीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सहायक शिक्षुता सलाहकार सह प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नूंह सुधीर कुमार ने बताया कि 27 अप्रैल को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नूंह में नूंह जिले तथा आसपास के दूसरे जिलों से विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस जॉब मेले में बड़ी-बड़ी कंपनियां जैसे एमएमटीसी पंप प्राइवेट लिमिटेड रोजका मेव, वरुण बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड उजीना, कैनपैक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जयसिंह पुरा, प्रणव विकास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पलवल, गैलेक्सी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रोजका मेव, शिवानी लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला पलवल, विल कार विल्स लिमिटेड आईएमटी बावल, एक्स एल पी इंजीनियरिंग रोजका मेव, एसआरएस डाई कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड रोजका मेव, रूप पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड रोजका मेव,मौजाका इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड रोजका मेव, सिंटेक्स बीएपीएल प्राइवेट लिमिटेड रोजका मेव हिस्सा ले रही है।

# निर्माण कार्यों के लिए पेयजल का इस्तेमाल गलत, कटेंगे कनेक्शन और चालान

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



डीएलएफ फेज एक से पांच व अन्य नगर निगम के इलाकों में मकानों के निर्माण में हो रहे पेयजल के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहूजा ने कार्यकारी अभियंताओं को निगरानी और चालान काटने के आदेश दिए है। इसके अलावा मुख्य अभियंता ठाकुर लाल शर्मा ने भी डीएलएफ प्रबंधन को पत्र लिखकर साइट मालिकों के कनेक्शन काटने और पेनल्टी लगाने के आदेश जारी किए गए है। डीएलएफ क्षेत्र में निगम पार्षद रमा रानी राठी का कहना है कि डीएलएफ इलाके में जलापूर्ति को लेकर काफी शिकायतें मिल रही थी। डीएलएफ फेज एक व दो में ही चार सौ से अधिक मकानों का निर्माण चल रहा है जिसकी वजह से रहने वाले निवासियों की पानी की आपूर्ति नहीं होती। ऐसे में नगर निगम आयुक्त और मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर निमार्णाधीन साइटों पर पेयजल पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। शुक्रवार को मुख्य अभियंता ने डीएलएफ प्रबंधन को पत्र लिखकर इसकी रोकथाम के आदेश जारी किए है। आदेशों को धरातल पर अमलीजामा पहनाने के लिए संबंधित कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए है। अब संबंधित एरिया के जेई निमार्णाधीन साइटों पर निगरानी रखेंगे और सप्लाई का पानी इस्तेमाल करते पाये जाने पर कनेक्शन और चालान काटेंगे। निर्माण संबंधी कार्यों के लिए नगर निगम की तरफ से 41 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए है। यहां से प्लाट मालिक निर्माण के लिए पानी ले सकता है। इसके अलावा गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के सोर्स से पानी प्राप्त किया जा सकता है।

# बुलडोजर की नीति

जहांगीरपुरी में उत्तरी दिल्ली नगर निगम की अतिक्रमण पर कार्रवाई के खिलाफ गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीलें दीं। दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल यथास्थिति बनाए रखने के लिए कहा और अगले आदेश आने तक जहांगीरपुरी में किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने के लिए कहा है। अदालत ने यह भी साफ किया कि उनका यह आदेश सिर्फ जहांगीरपुरी के लिए है न कि देश के दूसरे हिस्सों के लिए। वहीं इस मामले की अगली सुनवाई अब दो हफ्ते बाद होगी।

उत्तर प्रदेश में जिस तरह से माफियाओं और अपराधियों पर कारवाही हो रही है उससे यह साफ संदेश दिया जा रहा है कि योगी सरकार अपने वादों के अनुसार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। ये तरीका काम भी खूब आ रहा है। अपराधी जेल से बहार आने में कतरा रहे हैं। कई तो खुद सरेंडर कर रहे हैं। छोटे बड़े सभी अपराधियों में डर का माहौल बनने लगा है। हाल ही में हुए कई एनकाउंटर और बुलडोजर की कार्यवाही से अपराधियों के मन में डर है।

अपराध पर लगाम लगाने बुलडोजर चलाने की नीति का फायदा जब यूपी को मिला, तब इसका चलन दूसरे राज्यों तक भी पहुंच गया। इस तरह की कार्यवाही भाजपा शासित लगभग हर राज्य में देखने को मिली है। दिल्ली के बाद अब तो बुलडोजर भाजपा शासित राज्यों से आगे बढ़कर पंजाब और जम्मू-कश्मीर तक पहुंच गया है। अंबाला में एक नशा तस्कर के घर को गिराया गया है तो कश्मीर के बारामूला में एक आतंकी के घर को जमींदोज करने सेना बुलडोजर साथ ले गई। एक बड़े परिदृश्य में देखा जाये तो इस बुलडोजर के वार का बड़ा फायदा भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में भी मिल सकता है।

अब तक जिन राज्यों में बुलडोजर पहुंच चुका है, उन पर नजर डालें तो सबसे पहले नंबर मध्य प्रदेश का आएगा। कुछ दिनों पूर्व रामनवमी के मौके पर खरगोन हिंसा में संलिप्त कथित उपद्रवियों के 50 से अधिक घर तोड़े गए। मध्यप्रदेश में दो साल के अंदर भाजपा राज्य में अब तक 12 हजार करोड़ से ज्यादा रुपए की संपत्ति पर बुलडोजर चल चुका है। तो वहीं भूमाफियाओं से 15 हजार एकड़ जमीन मुक्त कराई जा चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल के राज्य गुजरात में भी हाल ही में बुलडोजर की कार्रवाई देखने को मिली। खम्भात में रामनवमी के मौके पर हिंसा हुई, जिसके बाद आरोपियों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाए गए।

हरियाणा की मनोहर लाल खट्टर की सरकार में भी बुलडोजर की कार्रवाई देखी गई। सिरसा में दो बड़ी अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलवाया गया। बुलडोजर की कार्यवाही असम में भी देखने को मिली। यहां पिछले साल नगांवा जिले में जब्त किए गए ड्रग्स पर बुलडोजर चलाया गया। इसको ड्रग्स की सप्लाई लाइन काटने की राह में एक अहम कदम के रूप में देखा गया। हालांकि, एक तरफ सरकार बुलडोजर का इस्तेमाल दंगाइयों अपराधियों माफियाओं को नियंत्रित करने के दंड के रूप में दिखा रही है तो वहीं विपक्ष ऐसी कार्रवाई पर कई तरह के सवाल भी खड़े कर रहा है।

आरोप लग रहे हैं कि ऐसी कार्रवाई से गरीबों और अल्पसंख्यकों पर जुल्म ढाया जा रहा है और इस तरह से दंड देना अनुचित है। राहुल गांधी का कहना है कि महंगाई और बेरोजगारी पर बुलडोजर चलाने की बजाय भाजपा का बुलडोजर घृणा और भय से भरा पड़ा है। गंभीर अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई नहीं की गई, जैसी कि तोडफोड़ की कार्रवाई करने वाले लोगों के विरुद्ध की जा रही है और इसका उद्देश्य बदला लेना है। किसी भी राज्य प्रशासन को प्रभावी प्रतिरोधक के रूप में ऐसे कदम उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है। मगर भाजपा तो इसे फायदे के रूप में देख रही है।

# मोदी के फामुर्ले से भाजपा में बैचेनी..!

ओमप्रकाश मेहता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के वंशवाद के फामुर्ले को लेकर देश भर के भाजपा नेताओं की बैचेनी बढ़ गई है और इन नेताओं के बच्चों के भविष्य के सामने प्रश्नचिन्ह लग गया है। मोदी जी ने पिछले दिनों एक सार्वजनिक बयान में सांसदों के बच्चों के टिकट काटने और वंशवाद को लोकतंत्र के लिए खबरा बताया था। भारतीय जनता पार्टी के पूरे देश में हजारों ऐसे नेता है, जिनके बेटे-बेटी पिछले एक दशक से भी अधिक से राजनीति में सक्रिय है तथा अगले लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनावों में टिकट की दावेदारी प्रस्तुत कर रहे है। मोदी केक इस बयान में उनका पुरजोर साथ दिया है उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने। इसलिए भाजपा के पीडित नेता व्यक्तिगत चर्चा में यह कह रहे है कि यह वंशवाद विरोधी नारा वे ही नेता उठा रहे है जिनका अपना स्वयं का कोई परिवार नहीं है।

यदि हम फिलहाल पूरे देश की बात छोड़े और सिर्फ मध्यप्रदेश की ही बात करें तो मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र सिंह तोमर, स्वयं शिवराज सिंह, वरिष्ठ मंत्री गोपाल भार्गव, राष्ट्रीय नेता प्रभात झा आदि अनेक नेता है जो मोदी जी के इस बयान से सहमत नहीं है, क्योंकि इनके बेटे-बेटी पहले से ही राजनीति में दस्तक दे चुके है। राज्य के एक मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा तो सार्वजनिक बयान जारी कर मोदी जी के इस फामुर्ले का विरोध कर चुके है। श्री सखलेचा का कहना है कि जिन भाजपा नेताओं के बच्चें पिछले कई वर्षों से जिन क्षेत्रों में सक्रिय होकर पार्टी का काम कर रहे है, उन क्षेत्रों में पैराशूट लैण्डिंग नही होनी चाहिये क्योंकि इससे पार्टी को भारी क्षति पहुंचने की संभावना बढ़ जाती है।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि उत्तरप्रदेश के साथ चार राज्यों में भाजपा की सरकारें बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में राजनीति में परिवारवाद पर कटाक्ष करते हुए स्पष्ट रूप से कहा था कि- अगर विधानसभा चुनावों में आपके बच्चों के टिकट कटे है तो उसकी एकमात्र वजह मैं (स्वयं मोदी) हूँ, क्योंकि मेरा मानना है कि वंशवाद लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है, परिवारवाद से जातिवाद को बढ़ावा मिलता है।, इस गाईड लाईन के हिसाब से प्रदेशों में बड़े नेताओं के बेटे-बेटियों के टिकट कट सकते है। प्रधानमंत्री जी के इसी सार्वजनिक बयान के बाद मध्यप्रदेश के मंत्री सखलेचा ने कहा था कि- कम से कम पांच साल से जमीनी राजनीति करने वाले नेता पुत्रों को टिकट दी जानी चहिये, कई नेताओं के बेटे-बेटी कई वर्षों से फुल टाईम काम कर रहे है, उनके टिकट सिर्फ इसलिए काट दिये जाएँ कि वे नेतापुत्र है तो उनके जीवन के साथ न्याय नहीं होगा। यद्यपि प्रधानमंत्री मोदी जी ने उक्त विचार प्रमुख प्रतिपक्षी दल कांग्रेस को लेकर व्यक्त किया था, साथ ही समाजवादी दल भी मोदी के इस वक्तव्य के दायरे में आते है, स्वयं भाजपा भी इस मामले में कांग्रेस से पीछे नही है, यह सभी जानते है, लेकिन मोदी के इस बयान ने हजारों भाजपा नेताओं के बैचेनी अवश्य बढ़ दी है तथा उन्हें उनके पुत्र-पुत्रियों के भविष्य अंधकारमय नजर आने लगे है।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जी के पुत्र कार्तिकेय सिंह, गोपाल भार्गव के पुत्र अखिलेश भार्गव, नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे देवेन्द्र सिंह तोमर, नरोत्तम मिश्रा के पुत्र सुकर्ण मिश्रा, प्रभात झा के बेटे तृष्मूल झा, ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यन सिंधिया, सुमित्रा महाजन के बेटे मंदार महाजन तथा कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय जैसे मध्यप्रदेश में दौ सौ से अधिक भाजपा नेता है, जिनके बेटे-बेटी राजनीति में सक्रिय है, कैलाश विजयवर्गीय सहित तीन नेताओं के बेटे तो राज्य विधानसभा के सदस्य है।

इस प्रकार कुल मिलाकर प्रधानमंत्री जी का वंशवाद सम्बंधी बयान भाजपा नेताओं को पच नहीं रहा है, कुछ नेताओं ने तो व्यक्तिगत चर्चा में यहां तक कहा कि- यही सब चलता रहा तो पार्टी का भविष्य ठीक नही रह पाएगा, वैसे ही मोदी के चमत्कार की चमक धीरे-धीरे कम हो रही है, यदि मोदी जी का यह फामुर्ला लागू हो गया तो इससे भाजपा को भारी नुकसान सहन करना पड़ेगा।

# लोकतंत्र की बुनियाद है पंचायतीराज व्यवस्था

वैदिक काल में सभा और समिति का उल्लेख है जिससे स्पष्ट होता है कि उस काल में भी स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था थी। पंचायती राज व्यवस्था को लोकतांत्रिक जामा पहनाने का काम आजादी के बाद शुरू हुआ। 1993 में संविधान में 73 वां संशोधन करके पंचायत राज व्यवस्था को संवैधानिक मान्यता दी गयी। बाद में संविधान में भाग 9 को पुन: जोड़कर तथा इस भाग में 16 नये अनुच्छेदों को मिलाकर एवं संविधान में 11 वीं अनुसूची जोड़कर पंचायत के गठन, पंचायत के सदस्यों के चुनाव, सदस्यों के लिए आरक्षण तथा पंचायत के कार्यो के संबंध में व्यापक प्रावधान किए गए। सच कहा जाय तो स्वतंत्र भारत में पंचायती राज व्यवस्था महात्मा गांधी की देन है। वे स्वतंत्रता आन्दोलन के समय से ही ब्रिटिश सरकार पर पंचायतों को पूरा अधिकार देने का दबाव बना रहे थे। आजादी के बाद 2 अक्टूबर, 1952 को जब सामुदायिक विकास कार्यक्रम प्रारंभ किया गया तो सरकार की मंशा थी कि गांधी जी के पंचायती राज की संकल्पना को आकार दिया जाए।





अरविंद जयतिलक
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

आजादी के बाद देश में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए ढ़ेर सारे प्रयास हुए। इनमें से एक बड़ी उपलब्धि भारत में पंचायतीराज व्यवस्था की स्थापना है। इतिहास पर दृष्टिपात करें तो पंचायतीराज व्यवस्था किसी न किसी रुप में भारत के सामाजिक-राजनीतिक जीवन का अभिन्न अंग रहा है। वैदिक काल में सभा और समिति का उल्लेख है जिससे स्पष्ट होता है कि उस काल में भी स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था थी। पंचायती राज व्यवस्था को लोकतांत्रिक जामा पहनाने का काम आजादी के बाद शुरू हुआ। 1993 में संविधान में 73 वां संशोधन करके पंचायत राज व्यवस्था को संवैधानिक मान्यता दी गयी। बाद में संविधान में भाग 9 को पुनः जोड़कर तथा इस भाग में 16 नये अनुच्छेदों को मिलाकर एवं संविधान में 11 वीं अनुसूची जोड़कर पंचायत के गठन, पंचायत के सदस्यों के चुनाव, सदस्यों के लिए आरक्षण तथा पंचायत के कार्यो के संबंध में व्यापक प्रावधान किए गए। सच कहा जाय तो स्वतंत्र भारत में पंचायती राज व्यवस्था महात्मा गांधी की देन है। वे स्वतंत्रता आन्दोलन के समय से ही ब्रिटिश सरकार पर पंचायतों को पूरा अधिकार देने का दबाव बना रहे थे। आजादी के बाद 2 अक्टूबर, 1952 को जब सामुदायिक विकास कार्यक्रम प्रारंभ किया गया तो सरकार की मंशा थी कि गांधी जी के पंचायती राज की संकल्पना को आकार दिया जाए। इस मंशा के मुताबिक ही खण्ड को इकाई मानकर खण्ड के विकास हेतु सरकारी मुलाजिमों के साथ सामान्य जनता को विकास की प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास किया गया। लकिन दुर्भाग्य कि जनता को वास्तविक अधिकार न दिये जाने के कारण यह कार्यक्रम सफेद हाथी सिद्ध हुआ। सामुदायिक कार्यक्रम की असफलता के बाद पंचायती राज व्यवस्था को परवान चढ़ाने के लिए 1957 में बलवंत राय मेहता की अध्यक्षता में ग्रामोद्धार समिति का गठन किया गया। इस समिति ने भारत में त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था लागू करने की सिफारिश की। इसी समिति ने पंचायती राज को सशक्त बनाने के लिए गांवों के समूहों के लिए प्रत्यक्षतः निर्वाचित पंचायतों, खण्ड स्तर पर निर्वाचित तथा नामित सदस्यों वाली पंचायत समितियों तथा जिला स्तर पर जिला परिषद गठित करने का सुझाव दिया। महत्वपूर्ण बात यह रही कि बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिश को 1 अप्रैल, 1958 को लागू कर दिया गया। राजस्थान राज्य की विधानसभा ने इसी समिति के सुझाव के आधार पर 2 सितम्बर, 1959 को पंचायती राज अधिनियम की संस्तुति कर दी। 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में पंचायती राज व्यवस्था को सबसे पहले लागू किया गया। इसके बाद पंचायती राज व्यवस्था को अन्य राज्यों ने भी अपने यहां लागू करना शुरू कर दिया। मसलन 1959 में आंध्रप्रदेश, 1960 में असम, तमिलनाडू एवं कर्नाटक, 1962 में महाराष्ट्र, 1963 में गुजरात तथा 1964 में पश्चिम बंगाल में लागू किया गया। लेकिन बलवंत राय मेहता समिति के सिफाारिशों के तहत पंचायती राज व्यवस्था में कई गड़बड़ियां देखने को मिली। इसे दूर करने के लिए 1977 में अशोक मेहता समिति का गठन किया गया। 1978 में इस समिति ने केन्द्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। इस समिति ने कुछ महत्वपूर्ण सिफारिश की। मसलन राज्य में विकेन्द्रीकरण की प्रारंभिक शुरूआत जिला स्तर से हो, मण्डल पंचायत को जिला स्तर से नीचे रखा जाय जिसमें करीब 15000-20000 जनसंख्या एवं 10-15 गांव शामिल हों। मेहता समिति ने गांव पंचायत और पंचायत समिति को समाप्त करने की बात कही। समिति ने मंडल पंचायत और जिला पंचायत का कार्यकाल 4 वर्ष तथा विकास योजनाओं को जिला स्तर के माध्यम से तैयार करने एवं उसका क्रियान्वयन मंडल पंचायत से कराने की सिफारिश की लेकिन सरकार ने इस समिति के सुझाव को सिरे से खारिज कर दिया। फिर सात वर्ष बाद 1985 में डा0 पी0 वी0 के0 राव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करके उसे ग्रामीण विकास तथा गरीबी दूर करने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था पर सुझाव देने की बात कही गयी। इस समिति ने राज्य स्तर पर राज्य विकास परिषद, जिला स्तर पर जिला परिषद, मंडल स्तर पर मंडल पंचायत और गांव स्तर पर गांव सभा के गठन की सिफारिश के साथ अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिलाओं के लिए आरक्षण देने की बात कही। लेकिन समिति की सिफारिश को अपर्याप्त बताकर उसे अमान्य कर दिया गया। इसके उपरांत डा0एल0एम0 सिंघवी की अध्यक्षता में समिति गठित करके उसे पंचायती राज संस्थाओं के कार्यो की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गयी। इस समिति ने गांवों के पुर्नगठन की सिफारिश पर बल दिया। इसी समिति ने गांव पंचायतों को वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही। पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए 1988 में पी0के0 थुंगन समिति का गठन किया गया। इस समिति ने अहम सुझाव के तौर पर कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को संविधान सम्मत बनाया जाना चाहिए। इस समिति के सिफारिश के आधार पर पंचायती राज को संवैधानिक मान्यता प्रदान करने के लिए 1989 में 64 वां संविधान संशोधन लोकसभा में पेश किया गया जिसे लोकसभा ने तो पाारित कर दिया लेकिन राज्यसभा ने नामंजूर कर दिया। 16 दिसम्बर, 1991 को 72 वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया और उसे संसद की प्रवर समिति को सौंप दिया गया। 72 वें संविधान संशोधन विधेयक के क्रमांक को बदलकर 73 वां संविधान संशोधन विधेयक कर दिया गया। 22 दिसंबर 1992 को लोकसभा और 23 दिसंबर 1992 को राज्यसभा द्वारा 73 वें संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी गयी। 17 राज्य विधानसभाओं द्वारा मंजूरी दिये जाने के बाद 20 अप्रैल, 1993 को राष्ट्रपति ने भी अपनी सहमति दे दी। 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 द्वारा देश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का प्रावधान किया गया। इसके अनुसार ग्राम स्तर पर ग्रामसभा और ग्राम पंचायत का प्रावधान, खण्ड स्तर पर क्षेत्र पंचायत और सबसे उच्च स्तर पर यानी जिला स्तर पर जिला पंचायत के गठन का प्रावधान किया गया। ग्रामसभा की शक्तियों के संबंध में राज्य विधान मंडल द्वारा कानून बनाने का उल्लेख है। जिन राज्यों की जनसंख्या 20 लाख से कम है, उनमें दो स्तरीय पंचायत अर्थात जिला स्तर और गांव स्तर पर गठन किया जायेगा और 20 लाख से अधिक जनसंख्या वाले राज्यों में त्रिस्तरीय पंचायत राज्य अर्थात गांव तथा मध्यवर्ती और जिला स्तर पर स्थापना की बात कही गयी है। केरल, जम्मू कश्मीर, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, नागालैण्ड और मिजोरम में एक स्तरीय पंचायती व्यवस्था लागू है। असम, म0प्र0, कर्नाटक, उड़ीसा एवं हरियाणा में दो स्तरीय पंचायती व्यवस्था लागू है। उ0प्र0, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, हिमाचल, गुजरात, पंजाब, गोवा एवं तमिलनाडू इत्यादि राज्यों में त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था लागू है। वहीं पश्चिम बंगाल में चार स्तरीय पंचायत व्यवस्था लागू है। वहां आंचलिक परिषद का भी गठन किया गया है। संविधान में उल्लेख है कि सभी स्तर की पंचायतों के सभी सदस्यों का चुनाव वयस्क मतदाताओं द्वारा प्रत्येक पांचवें वर्ष किया जाएगा। गांव स्तर के पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रुप से तथा जिला स्तर के पंचायत अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष रुप से होगा। पंचायत के सभी स्तरों पर सामाजिक न्याय प्रदान करने के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों के लिए उनके अनुपात में आरक्षण का प्रावधान है। सभी स्तर के पंचायतों का कार्यकाल पांच वर्ष होगा। लेकिन इसका विघटन पांच वर्ष पहले भी किया जा सकता है। किंतु विघटन की दशा में 6 मास के अंतर्गत चुनाव कराना आवश्यक होगा। पंचायतों को कौन-कौन सी शक्तियां प्राप्त होगी और वे किन जिम्मेंदारियों का निर्वहन करेंगी इसका उल्लेख संविधान में 11 वीं अनुसूची में किया गया है।

# देश का प्रतिनिधित्व करते संस्कृति की विविधता, शिक्षा व संस्कार

प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं विज्ञान, तकनीकी एवं व्यापारिक क्षमता से देश की स्थिति का आकलन होता है। किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उस राष्ट्र की संस्कृति, शिक्षा, संस्कार और ज्ञान की कसौटी ही होते हैं। शिक्षित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं, और संस्कृति, संस्कार उसे समृद्ध देश बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज का नवजात शिशु कल का सफल नागरिक होता है, उसकी शिक्षा-दीक्षा और संस्कार से ही देश की सफलता निर्भर होती है। कक्षा की पिछली सीट पर बैठे किसी आइंस्टीन की तलाश के लिए पारखी की नजरों की आवश्यकता होती है। जिसे नकारा घोषित कर विद्यालय से निकाल दिया जाता है, वही बालक आगे चलकर युग परिवर्तनकारी सापेक्षता का विशिष्ट सिद्धांत दे जाता है। न्यूटन के गति के सिद्धांत हमारे जिंदगी को द्रुतगति से आगे की ओर अग्रसर करते हैं।





संजीव ठाकुर
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

वैश्विक परिदृश्य में किसी भी देश की पहचान और उसका महत्व देश की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता, संस्कारों में अंतर्निहित ज्ञान और देश की सांस्कृतिक विविधता से ही होती है' इसके पश्चात प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं विज्ञान, तकनीकी एवं व्यापारिक क्षमता से देश की स्थिति का आकलन होता है। किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उस राष्ट्र की संस्कृति, शिक्षा, संस्कार और ज्ञान की कसौटी ही होते है। शिक्षित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं, और संस्कृति, संस्कार उसे समुर्द्ध देश बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज का नवजात शिशु कल का सफल नागरिक होता है, उसकी शिक्षा-दीक्षा और संस्कार से ही देश की सफलता निर्भर होती है। कक्षा की पिछली सीट पर बैठे किसी आइंस्टीन की तलाश के लिए पारखी की नजरों की आवश्यकता होती है। जिसे नकारा घोषित कर विद्यालय से निकाल दिया जाता है, वही बालक आगे चलकर युग परिवर्तनकारी सापेक्षता का विशिष्ट सिद्धांत दे जाता है. न्यूटन के गति के सिद्धांत हमारे जिंदगी को द्रुतगति से आगे की ओर अग्रसर करते हैं। यह ऐसे बालक जो जो आगे चलकर बनी बनाई परंपरा तथा लीक से हटकर चलते हैं, और परंपराओं पर गहरी चोट करते हैं। जो समाज से सुना, उसे सुनकर रह नहीं जाते हैं, और जो समाज में उसने देखा, सिर्फ देख कर नहीं रह जाते हैं, बल्कि देख सुनकर उस पर चिंतन मनन कर नई धारणा तथा सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हैं और विश्व को उसकी सौगात भी देते हैं। हमें इन महान बालकों को गरीब बस्तियों से लेकर गली मोहल्ले और शहरों में खोजना चाहिए। बेंजामिन फ्रैंकलीन कि अपनी राय है कि बिना वैचारिक स्वतंत्रता के बुद्धि जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती है। हम वर्तमान में जिस समाज में हैं और जिस समाज से हमने सभ्यता का विकास की शुरूआत की है, उसका जब सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं तो यही पाते हैं कि अपनी आजादी के तमाम तामझाम बनाने वाला इंसान दिन प्रतिदिन अपनी की बनाई दुनिया के बोझ तले गुलाम होता जा रहा है। आज हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो गई है, कि बचपना बस्ते के बोझ तले दबता चला जा रहा है। हमारी शिक्षा व्यवस्था को ऐसा होना चाहिए कि बच्चों को किताबी कीड़ा बनाने के बजाय उसकी नैसर्गिक रचनात्मक प्रतिभा को उभार कर जीवन उपयोगी बनाएं। बच्चों का मूल्यांकन सिर्फ इसी आधार पर नहीं होना चाहिए कि उसने कितने अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि उसकी रूचि किस क्षेत्र में ज्यादा है, और वह जीवन में इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर एक सफल इंसान और समाज के लिए कितना उपयोगी हो सकता है, और वह खेल, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान में कितना अपनी शक्ति और क्षमता के हिसाब से क्या प्रदर्शन कर सकता है। माता-पिता तथा अभिभावकों को भी इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि उसे जबरिया डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक या अधिकारी बनाने की बजाय उसकी रूचि हो को मद्देनजर रखकर उसका कैरियर चुनने की आजादी देने में मदद करनी चाहिए। अधिकांश भारतीयों ने जो अनुसंधान या नई खोजें की हैं, वह सब विदेशों में जाकर ही वहीं की सुविधाएं प्राप्त कर, परिणाम दे सके हैं। भारत में गणित, विज्ञान तकनीकी संचार, इंजीनियरिंग, मीडिया रिसर्च की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। यह अत्यंत विचार योग्य है कि हम अपने युवा देश के युवा साथियों को उत्कृष्ट मंच अनुसंधान अथवा साहित्य, संस्कृति, विज्ञान तथा अन्य क्षेत्रों में नहीं दे पा रहे हैं। प्रतिभा पलायन की दरों में वृद्धि को रोककर हमें अपने बच्चों को बाल्यकाल से उनकी विचारधारा तथा रूचि के अनुसार समस्त सुविधाएं प्रदान कर नई चीजों के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर उन्हें साधन संपन्न बनाना चाहिए। हमारी शिक्षा नीति हमारे अभिभावक, समाज और सरकार को चाहिए कि बचपन से सृजन क्षमता को आगे बढ़ाकर जिंदगी के बहुत से पाठ स्वयं सीख कर उनके उत्तर तलाशने में उन्हें सक्षम बनाएं। यह एक प्रकार का मनोविज्ञान भी है। यह मनोविज्ञान माता, पिता, भाई, बहन एवं बालक को समझ में आए ऐसा उनके बाल काल से ही व्यवहार के रूप में समझाना होगा, तब जाकर वह छोटा बालक एक विचार वान देश और समाज के उपयोगी नौजवान बन पाएगा। दार्शनिक रूसो ने भी कहा है कि मनुष्य स्वतंत्र जन्म लेता परंतु सामाजिक बंधनों द्वारा जकड़ लिया जाता है जरूरी है कि बालकों बालिकाओं के बाल काल से ही बंधनों से स्वतंत्र रखा जाए अतिवादीता तथा रूढ़िवादिता से परे उन्हें स्वतंत्र विचार करने की मौलिकता तथा क्षमता को विकसित होने की प्रक्रिया में अनुसरण करने का मौका दिया जाए। इससे हम जिस लोक में जी रहे हैं उस समाज को नए रूप में वक्त के साथ बदला जा सके। वैसे देखा जाए तो हम जिस पूंजीवादी बाजार वादी व्यवस्था में सांस ले रहे हैं, वहां हम एक निजी स्वार्थी व्यक्तित्व का निर्माण करने में व्यस्त हैं। आज के युग में हर युवा आगे बढ़ने की ललक में वस्तुओं का सृजन करने की बजाय सब कुछ रेडीमेड लेने की व्यवस्था का अनुगामी बन गया है। इस तरह हमारे समाज की विचारधारा तथा बुद्धि भी रेडीमेड हो चुकी है। इस तरह हम अंकुरित होते पौधे को ज्यादा से ज्यादा खाद बीज डालकर एक खोखला तथा आधारहीन कमजोर वृक्ष बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जो हमें दिशाहीन अंधेरे की तरफ ले जा रहा है, एवं हमारी समूची युवा अपनी की वैचारिकता को दीमक लगाने जैसा काम कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के विद्यालय में यह दृश्य आम दिखाई देता है कि बच्चे कलम दवात की बजाए थाली और कटोरी लेकर मिड डे मील के लिए आते हैं, निसंदेह यह गरीबी के कारण होता है, पर है तो दुर्भाग्य। मिड डे मील के कारण स्कूल में बच्चों की उपस्थिति दुगनी हो जाती है। किसी ने यह भी सच कहा है कि विचारों का रास्ता पेट से होकर गुजरता है गरीबी ने देश के होनहार बच्चों की वैचारिक क्षमता को कलम थाली और ग्लास में समेट कर रख दिया है। स्वतंत्र विचारों को बचपन से प्रोत्साहित करने के उपायों में एक प्रमुख उपाय गरीबी दूर करना तो है ही, बाल श्रम को भी हतोत्साहित करने का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे बच्चा स्कूल से दूर होकर अपने पेट भरने तक सीमित रह जाता है।

# बढ़ती महंगाई और लोगों की मुसीबतें

ऋतुपर्ण दवे

महंगाई वह सार्वभौमिक सत्य है जिसे लेकर शायद ही कभी ऐसा दौर रहा हो और सरकार किसी की भी हो, निशाने पर न आई हो। मौजूदा समय में बेशक महंगाई का सबसे बड़ा खामियाजा वो मध्यम वर्ग ही झेल रहा है जिसके पास सिवाय सीमित आय से गुजारा करने के और कोई चारा नहीं है। इस सच को भी स्वीकारना होगा कि तमाम वायदों, प्रलोभनों और राजनीतिक दांव-पेंच के बीच कभी सस्ता तो कभी मुफ्त का अनाज, कभी गरीबों को मदद पहुंचाने की होड़ में छूटता और पिसता मध्यम वर्ग ही है जो अपनी सीमित आय और तमाम सरकारी औपचारिकताओं को पूरा कर हमेशा पिसता रहा है। पहले गरीब महंगाई का शिकार होते थे जब सरकारी योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ नहीं मिल पाता था। अब चाहे बात इनकम टैक्स की हो या मकान भाड़ा, वाहन का भाड़ा हो या बच्चों को योग्यता के हिसाब से पढ़ाने या रहन-सहन में खर्च या फिर इज्जत के साथ परिवार के दो जून की रोटी की कवायद। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित मध्यम वर्ग ही हुआ है। मौजूदा महंगाई को पहले कोविड की नजर लगी, अभी रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते ग्लोबल इकॉनामी की दुहाई। जिंस और वित्तीय बाजारों में जैसे उतार-चढ़ाव दिख रहे हैं, वह ठीक नहीं हैं। अब ज्यादा सतर्कता के साथ वित्तीय कदम उठाए जाने चाहिए जिससे भारत में मुद्रास्फीति और वित्तीय स्थिति पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर से निपटने में मदद मिल सके। इसी 11 अप्रैल को सरकार द्वारा जारी किए गए डेटा बताते हैं कि मार्च-2022 में खुदरा महंगाई दर फरवरी-2022 की तुलना में इतनी बढ़ी कि 16 महीनों के उच्चतम स्तर 6.95 प्रतिशत पर पहुंच गई। फरवरी-2022 में यही दर 6.07 प्रतिशत थी। इसी महंगाई दर या वृध्दि की तुलना बीते साल के मार्च से करें तो और भी चौंकाने वाला आंकड़ा सामने है। मार्च में खाने-पीने के सामान के दामों में 7.68 प्रतिशत की वृध्दि हुई जो फरवरी में केवल 5.85 प्रतिशत थी। अंतर और आंकड़े खुद ही कहानी कह रहे हैं। वहीं यदि इसी फरवरी-2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर बदलती दिखने लगती है। पेट्रोल-डीजल के मूल्य में 10-10 रूपए की वृद्धि का असर माल भाड़े पर भी पड़ा और भाड़ा 15 से 20 तक तक बढ़ा। इन कारकों और कारणों से खुदरा और थोक दोनों बाजारों में अनाज, फल, दूध और सब्जियों के दाम किस तरह से बढ़े, सबको पता है। मार्च महीने में खाने-पीने की वस्तुओं के दामों में 7.68 प्रतिशत की तेजी आई है जबकि यही खुदरा महंगाई दर फरवरी में 5.85 प्रतिशत पर थी। हालांकि 48 अर्थशास्त्रियों के बीच एक पोल के जरिए पहले ही यह अनुमान लगा लिया गया था कि खुदरा महंगाई दर बढ़ गई है जो 16 महीनों के अधिकतम स्तर पर पहुंच चुकी है। बाद में यही सच निकला। सर्वेक्षण 4 से 8 अप्रैल के बीच किया गया था और सरकारी आंकड़े 11 अप्रैल को आए। फरवरी-2022 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 13.11 प्रतिशत रही जो 4 महीनों का उच्चत्तम स्तर था। वहीं जनवरी-2022 में दर 12.96 प्रतिशत थी जो मार्च-2022 में 14.55 प्रतिशत पहुंच गई। जबकि मार्च 2021 में यही थोक आधारित महंगाई दर केवल 7.89 प्रतिशत थी जिसका दहाई के अंकों तक पहुंचना चिन्ताजनक है। 137 दिनों के अंतराल के बाद भारत में पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में इजाफा का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ जिसने कई दिनों तक थमने का नाम नहीं लिया। जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम गिर चुके थे। भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों में बीते 22 मार्च से इसी 6 अप्रैल तक कई बार वृध्दि हुई जो दिवाली के वक्त से नहीं बढ़े थे। वैश्विक स्तर पर क्रूड ऑयल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर शुरू में भारत में नहीं दिखा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 15 मार्च 2022 से पहले लगातार तीन सप्ताह तक 130 डॉलर प्रति बैरल तक उछला तेल भी टूटकर 100 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। भारत में पेट्रोलियम पदार्थों के दामों उछाल दुनिया में तेल के दाम गिरने के बाद शुरू हुए। हालांकि छह अप्रैल से कीमत नहीं बढ़ी है। लेकिन तब तक पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 10-10 रुपए का इजाफा हो चुका था। इसी तरह एलपीजी, पीएनजी, सीएनजी के दाम भी बढ़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल बाजार में कीमतों में गिरावट जारी है। 3 अप्रैल को इंडियन बास्केट की कीमत गिरकर 97 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई जो मार्च की औसत कीमत से लगभग 13 प्रतिशत सस्ती है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेत्रा आई केयर संस्था की ओर से आयोजित चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों के नेत्रों की जांच की

नजीबाबाद। नेत्रा आई केयर संस्था सेंट मैरी नजीबाबाद हॉस्पिटल की ओर से आयोजित चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों के नेत्रों की जांच कर नेत्र सम्बंधी बीमारियों की निशुल्क दवाइयां जांच सुविधा एवं चिकित्सा सलाह दी गई। ग्राम मुस्सेपुर में प्रधान दिलीप कुमार के सहयोग से पंचायत घर पर लगे निःशुल्क शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह ने किया। चैधरी ईशम सिंह ने नेत्र संस्था द्वारा ग्राम वासियों से दी जा रही निशुल्क सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर चिकित्सकों की टीम में डॉ राम अवतार सिंह, सोनी, अनुभव, जोगराज सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, डॉ रितेश सैन, मनोज शर्मा, जोगराज सिंह, अमीचंद बौद्ध, धीर सिंह, चंद्र प्रकाश सैनी, फरीद अहमद, सदस्य क्षेत्र पंचायत मुजाहिद मंसूरी, छतरपाल सिंह गुर्जर, आदि उपस्थित रहे।

### जोगीरम्पुरी दरगाह जा रही कार को खनन से भरे डंपर ने जोरदार टक्कर मारी

नजीबाबाद। जोगीरम्पुरी दरगाह जा रही कार को खनन से भरे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार सवार कई लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीती देर शाम रायपुर-नजीबाबाद रोड पर तेज गति से आ रहे एक डंपर और एक कार सं0 डी एल 3 सीएटी 2733 की जोरदार भिडंत हो गई। बताया जाता है कि जिला मुजफ्फरनगर में बघरा गांव सैदपुरा से शान हैदर, मेंहदी, छोटू, शाहनवाज और चालक साकिब कार में सवार होकर जोगीरमपुरी दरगाह पर जा रहे थे कि स्थानीय गढमलपुर के पुल पर उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। डंपर व कार मे टक्कर लगते ही कार सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। जिसमे कई लोगो को चोटे आई हैं इस सम्बन्ध मे जब थाना अध्यक्ष दिनेश चंद गौड से जानकारी हासिल करने की कोशिश की गयी तो फोन रिसीव नही हुआ है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को हटाकर जाम खुलवाया।

### हजारों अकीदतमंदो व जायरीन ने दरगाह पहुंचकर ताबूत व जुलूस में शिरकत कर मौला अली को पुरसा दिया

नजीबाबाद। दरगाहे आलिया नजफ ए हिन्द जोगीरमपुरी में मौला अली, शेरे खुदा अमीरे कायनात, दामादे पयम्बर, की शहादत के मौके पर हजारों अकीदतमंदो व जायरीन ने दरगाह पहुंच कर ताबूत और जलूस में शिरकत कर मौला अली को पुरसा दिया। दरगाहे आलिया की जामा मस्जिद में मजलिस का आयोजन किया गया जिसकी मरसिया ख्वानी फिरोज हैदर, मोहम्मद रजा, शफीक हुसैन, मोहम्मद कुमेल ने और पेश ख्वानी शहंशाह बिजनौरी ने की प्रोग्राम की निजामत नसीमुल बाकरी ने की और मजलिस को दरगाह के प्रशासक डॉ. मौलाना हबीब हैदर ने खिताब किया। उन्होंने हजरत अली शेरे खुदा के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। मातमी अंजुमनो ने नोहा ख्वानि और मातम किया सिरसी से गुंचाये इस्लाम, मेमन से अन्जुमने हुसैनी, मुजफ्फर नगर, मेरठ, नौगावाँ सादात आदि से आयी अंजुमनों ने मातम किया।

# डीएम ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशों के अनुपालन में आज पूरे जिले में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा के अंतर्गत प्राथमिक एंव उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बेसिक शिक्षा को गुणवत्तापरक बनाने तथा विद्यालयों में शतप्रतिशत रूप से अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के दृष्टिगत औचक रूप से निरीक्षण कराया गया। जिसके दौरान तहसील नजीबाबाद के अंतर्गत एक स्कूल में ताला लगा हुआ पाया जाने पर प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने, अनुपस्थित पाए जाने वाले अध्यापकों का एक दिन का वेतन काटने तथा उनके विरूद्व विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि स्कूल चलो अभियान सहित बेसिक शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी श्री मिश्रा के निर्देशों के अनुरूप उप जिलाधिकारी, नजीबाबाद मनोज कुमार द्वारा प्रातः 08:01 पर एक ही परिसर में स्थापित 05 विद्यालय जिनमें उच्च प्राथमिक विद्यालय, वाहिद नगर, प्राथमिक विद्यालय वाहिद नगर, प्राथमिक विद्यालय सन्तोमालान, प्राथमिक विद्यालय मुनीरगंज तथा प्राथमिक विद्यालय मुगलुशाह के मुख्यद्वार पर ताला लगा हुआ पाया गया तथा सभी शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। उनके द्वारा अन्य स्कूलों में किए औचक निरीक्षण के दौरान शिक्षकगण उपस्थित पाए गए। मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के 04 विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित पाई गई। अपर जिलाधिकारी वि0रा0 द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान कम्पोजिट विद्यालय पैदां में 03 अध्यापिकायें, कम्पोजिट विद्यालय फिरोजपुर मुबारक मे 01, उच्च प्राथमिक विद्यालय गजरौला अचपल, कम्पोजिट विद्यालय गजरौला शिव तथा प्राथमिक विद्यालय अहमदपुर उर्फ मोहिउद्दीन जन्दरपुर मे सभी शिक्षक उपस्थित पाए गये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि समस्त स्कूलों मे बनी उपस्थिति पंजिका मे विद्यालय मे आने जाने के समय दर्ज करने के कॉलम तो बने है परन्तु किसी भी अध्यापक/स्टॉफ द्वारा कॉलम मे आने जाने का समय अंकित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने समस्त स्टॉफ को निर्देशित किया कि वह विद्यालय में आने तथा विद्यालय छोड़ने का समय निर्धारित कॉलम मे अवश्य अंकित करें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा किये गये 05 उच्च एवं प्राथमिक विद्यालयों निरीक्षण के दौरान 04 अध्यापिकाएं तथा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुपस्थित पाया गया। उप जिलाधिकारी चांदपुर द्वारा 07 स्कूलों में निरीक्षण के दौरान 04 अध्यापकगण, उप जिलाधिकारी धामपुर में 04 विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान एक अध्यापिका, उप जिलाधिकारी नगीना द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान सभी 05 विद्यालयों में शिक्षकगण उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा द्वारा अनुपस्थित पाए जाने वाले अध्यापकों का एक दिन का वेतन काटने तथा उनके विरूद्व विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### बच्चों के विवाद में पंचायत के फैसले के बाद चलें लाठी-डंडे

डिडौली। खेलने के दौरान बच्चों के बीच हुए विवाद में पंचायत में फैसले होने के बावजूद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। जिनके बीच जमकर लाठी डंडे चलने से गांव में अफरातफरी मच गई। मारपीट में दो लोग घायल हुए हैं। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है हालांकि दोनों पक्षों के बीच दोबारा फैसले की कोशिश के चलते पुलिस ने मामले में फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की है। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर की है। यहां पर रहने वाले दो युवकों के बच्चों के बीच गुरुवार को खेल-खेल में झगड़ा हो गया था। दोनों परिवारों के बीच विवाद बढ़ने पर जुटी पंचायत ने फैसला करा दिया था। आरोप है कि बच्चों के बीच हुई मारपीट का इस मामले ने शुक्रवार सुबह में दोबारा से तूल पकड़ लिया। एक पक्ष के लोगों ने घर के बाहर खड़े दूसरे पक्ष के रिश्तेदार युवक को घेरकर हमला कर दिया। इसी बात पर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने खड़े हो गए। लाठी-डंडे चलने से गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने बमुश्किल बीच बचाव कराकर माहौल शांत किया। मारपीट में घायल दो लोगों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसओ सुनील मलिक ने बताया कि दो पक्षों के बीच मामूली विवाद है। एक पक्ष ने तहरीर दी है। घटना की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## रहरा की जमीनों पर हुए अवैध कब्जों पर जल्द चलेगा बुलडोजर

रहरा, प्रात: किरण संवाददाता, मनोज शर्मा



रहरा। योगी सरकार के दोबारा सत्ता में वापिस आने के बाद प्रशासन का बुलडोजर अवैध निर्माण एवं अवैध कब्जों पर लगातार गरज रहा है। शहर-शहर गांव-गांव भूमाफियाओं और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी है इसी कड़ी मे जनपद की तहसील हसनपुर के रहरा ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में भी कुछ भूमाफियाओं ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है जिसपर भी प्रशासन की नजर है वहां पर कभी भी प्रशासन का बुलडोजर गरज सकता है इसी को लेकर भूमाफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है वह अधिकारियों से तालमेल बिठाने कि फिराक में लगें हुए हैं गौरतलब है कि योगी 2.0 की सत्ता में वापसी के बाद से प्रदेश में लगातार हो रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर सीएम योगी ने निर्देश दिए हैं। कि किसी गरीब की झोपड़ी या दुकान पर बुलडोजर नहीं चलना चाहिए।और भूमाफिया किसी भी किमत पर बक्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने अफसरों को हिदायत दी कि वे अपने-अपने कार्य क्षेत्र में अभिलेखों के साथ सघन भ्रमण कर लें, जहां पर तालाबों, झील व ग्राम समाज की जमीन पर लोगों के अवैध कब्जे बने हैं, उन्हें तत्काल कब्जामुक्त करने का अवगत करा दें। इसी कार्रवाई को प्रशासन अमल मे लाते हुए अब हसनपुर तहसील क्षेत्र के रहरा एवं चकौरा गांव में भूमाफियाओं द्वारा हजारों बीघा चरागाह एवं वन विभाग की जमीन पर कुछ अवैध कब्जे को हटाने का प्लान तैयार कर रहा है जिसको कब्जा मुक्त के लिए जल्द ही बुलडोजर की कार्यवाही की जा सकती है। बीते दिनों कुछ अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया गया था कुछ भूमि पैमाइश के अभाव में खाली नहीं करवाई जा सकी थी। जिसकों कब्जा हटाया के लिए ग्रामीणों से अपील भी की गई थी। हमारे संवाददाता मनोज शर्मा ने उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि इसके लिए टीम गठित की गई है जल्द ही जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

### बिजली समस्या को लेकर आधिकारियों से मिले पूर्व चेयरमैन



नौगावां सादात। नगर में बिजली की समस्याओं को लेकर वरिष्ठ समाज सेवी/ पूर्व चेयरमैन नईम लाओजी ने गजरौला विधुत डिवीजन में एस ई से मिल कर ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में बताया कि कस्बे की विधुत लाइनें काफी जर्जर हालत में हैं लाइनें कमजोर होने के चलते आये दिन फाल्ड आदि होते रहते हैं तथा हादसे की आसंका बनी रहती हैं जिसके चलते उपभोक्ताओं को रमजान के पवित्र माह में भारी बिजली कटौती का सामना कर पड़ता हैं एस ई ने आश्वासन दिया है की जल्द ही सम्भनदित अधिकारियों के साथ कस्बे की जर्जर लाइनों का मुआयना कर लाइनें बदलने का काम कर समस्या से झुटकारा दिलाया जाएगा।इस मौके पर नईम लाओजी ,सभासद पति नेता जाहिद अन्सारी, जियाउर्रहमान,कलीम अन्सारी,शहनवाज अन्सारी,फैसल अन्सारी,नवाब अन्सारी, सनव्वर अन्सारी ,नयाब अन्सारी आदि कस्बे वासी मौजूद रहें।

## पीठ पर रोटियां लादकर गरीबों की मदद करते थे मौला अली : उरूज उल हसन



अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

दामाद-ए-रसूल हजरत अली की यौमे शहादत पर शुक्रवार रात शिया समुदाय के लोग गम में डूबे रहे। मजलिसों में शहादत का वाक्या सुनकर गमगीन लोगों की आंखे नम हो गईं। जिसके बाद शहर में कई स्थानों पर शबीहे ताबूत का जुलूस भी बरामद किया गया।शुक्रवार शाम शहर के मोहल्ला जाफरी स्थित अजाखाने में मौला अली की शहादत पर मजलिस हुई। इस दौरान सोज-ओ-सलाम तबारक अली ने पेश किया। धर्मगुरु मौलाना उरूज उल हसन ने हजरत अली की शहादत का पूरा वाक्या बयां किया। फरमाया कि 19 वी रमजान को कूफे की मस्जिद जालिम इब्ने मुल्जिम ने नमाज की अदायगी के वक्त जहर से बुझी तलवार से आप पर हमला कर दिया था। दो दिन बाद 21 रमजान को मौला अली की शहादत हो गई थी। कहा की इमाम अली का पैदाइश काबे में हुई थी। आपकी पूरी जिंदगी सादगी से गुजरी। रात के अंधेरे में पीठ पर रोटियां लादकर गरीब और मोहताजों की मदद किया करते थे। मजलिस में अख्तर अब्बास अप्पू, अफजाल मुंतजिर, मोहम्मद अली अफजाल, शुजाअत अली, हकीम जाफर मुंतजिर, हकीम चांद, जैद बिन अली व खुर्शीद जैदी मौजूद रहे। वहीं, मोहल्ला मंडी चौब स्थित मस्जिद में इसी सिलसिले में ताबूत बरामद किया गया। अजादारों ने नौहाख्वानी कर मातम किया। इसके अलावा सुबह सवेरे मोहल्ला दानिशमंदान, लकड़ा व जाफरी में भी अलग-अलग स्थानों से शबीहे ताबूत बरामद किए गए।

### अवैध कारतूस के मामले में पिता-पुत्र से कई घंटे पूछताछ

हसनपुर। जनपद फिरोजाबाद के टूंडला में जीआरपी द्वारा पकड़े गए अवैध कारतूस के मामले में आरमरी विक्रेता पुत्र- पुत्र से कोतवाली में शुक्रवार रात कई घंटे पूछताछ हुई। अभी इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।शुक्रवार को टूंडला जीआरपी द्वारा 700 कारतूस के साथ पकड़े गए फिरोजाबाद निवासी दो सगे भाइयों ने जानकारी दी थी कि वह जनपद अमरोहा के हसनपुर से कारतूस खरीदते हैं। यहां से खरीदे गए कारतूस यूपी व बिहार के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जाता है। टूंडला जीआरपी द्वारा इस संबंध में अमरोहा पुलिस को अवगत कराया। सीओ सतीश चंद्र पांडे व एसडीएम सुधीर कुमार ने लाइसेंस धारक आरमरी विक्रेता पिता पुत्र को शुक्रवार रात कोतवाली बुलाकर पूछताछ शुरू कर दी । दोनों से कई घंटे पूछताछ की गई। कारतूस बिक्री का रिकॉर्ड भी मिलान किया गया। बताया जा रहा है कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में दिल्ली पुलिस ने भी अवैध तरीके से कारतूस बेचे जाने के मामले में उक्त आरमरी विक्रेता से पूछताछ की थी।

## समाधान दिवस मे प्राप्त शिकायतों को गंम्भीरता से सुनेः एसपी

रहरा, प्रात: किरण संवाददाता



जनपद के समस्त थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुना गया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अमरोहा देहात थाना में आयोजित समाधान दिवस मे पहुचकर जनसुनवाई की।जनसुनवाई के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, उपजिलाधिकारी नौगांवा,थाना प्रभारी अमरोहा देहात, लेखपाल आदि पुलिस व प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने समाधान दिवस मे प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध निराकरण करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा राजस्व से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व टीम के सहयोग से मामलों के निस्तारण कराने हेतु सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिए गए।तत्पश्चात थाने के शिकायत रजिस्टर का अवलोकन कर निस्तारित हो चुकी शिकायतों के सम्बन्ध में फीडबैक लिया गया तथा सम्बन्धित को थाने पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओ को सुनकर शीघ्र गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में थाना रहरा मे भी नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें राजस्व संबंधी 2 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसको राजस्व एवं पुलिस टीम द्वारा एक शिकायत का निस्तारण किया गया।इसी क्रम में जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल/थानों पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जाँच करते हुए उनका त्वरित व विधिक निस्तारण कराया गया ।

## ग्राम पंचायतों में आयोजित होगी फसल बीमा पाठशाला : राजीव

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत फसल बीमा कंपनी, कॉमन सर्विस सेंटर एवं नोडल विभाग के निर्देशन में 25 अप्रैल से एक मई तक जिले के सभी ब्लाकों में फसल बीमा पाठशाला आयोजित की जाएंगी। ब्लाकवार ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है।जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह के मुताबिक 26 अप्रैल को विशेष राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत सीएससी द्वारा जिले के प्रत्येक ब्लाक के सभी वीएलसी सेंटर से ब्राडकास्टिंग की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम में 100 किसान शामिल रहेंगे। कृषि, उद्यान विभाग के अधिकारी, सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे।आयोजन विकास खंड में चयनित ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में कराया जाएगा।अमरोहा ब्लाक में अकबरपुर पट्टी, मखदूमपुर, बुडेरना, जब्दा, दाऊद सराय, शेखूपुरा, अव्वलुपर, जोया ब्लाक में कांकर सराय, नारंगपुर, पतेई खालसा, धनौरी अहीर, सिरसा कुमार, रायपुर खुर्द, मुबारकपुर, मंडी धनौरा ब्लाक में मलेशिया, मोहम्मदपुर, पतेवा, वासीपुर, चुचैला कलां, कमालपुर, रामपुरतागा, गजरौला ब्लाक में ढकिया भूड, जलालपुर कलां, भीकनपुर सुमाली, खादगूजर, हसनपुर ब्लाक में करनपुर, बावनखेड़ी, रजोंहा, दादूपुर, दौलतपुर नहरी, भूतखेड़ी, घरौंट, गंगेश्वरी ब्लाक में खुरतिया, चंदनपुर खादर, रहरा, छपना, पौरारा, कुकावली, भैसरौली ग्राम पंचायत का चयन किया गया है।

### बाइक सवार बदमाशों ने युवती से लूटा मोबाइल

गजरौला। बाइक सवार बदमाशों ने खरीदारी करके घर लौट रही युवती से मोबाइल लूट लिया। युवती ने शोर मचाया तो लोग इकट्ठा हुए लेकिन तबतक बदमाश वहां से काफी दूर निकल चुके थे। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।शहर के रेलवे स्टेशन बुधबाजार मोहल्ला निवासी रश्मि चौहान शुक्रवार की रात खरीदारी करके घर लौट रही थी। तभी उसके मोबाइल पर किसी का फोन आया। वह मोबाइल पर बात करने लगी। डिग्री कालेज के निकट बाइक सवार दो बदमाशों पीछे से आए तथा युवती का मोबाइल लूटकर ले गए। युवती के शोर मचाने पर वहां भीड़ इकट्ठा हो गई लेकिन तबतक बदमाश वहां से फरार हो चुके थे लेकिन युवती ने बाइक का नंबर देख लिया था। युवती ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। साथ ही बाइक का नंबर भी पुलिस को दे दिया है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने जांच के बाद कार्रवाई किए जाने की बात कही।

## डीएम व एसपी ने थाना कोतवाली किरतपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस का निरीक्षण किया

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डा0 धर्मवीर सिंह द्वारा थाना कोतवाली किरतपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि गए कि थाना दिवसों का आयोजन पूर्ण मानकों के अनुरूप किया जाए तथा शिकायतकर्ता को सम्मानपूर्वक बैठाने के बाद उसकी शिकायत को सुनें और यथा संभव उसका मौके पर उपस्थित अधिकारियों एंव कर्मचारियों के माध्यम से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी कारणवश समस्या का समाधान किया जाना सम्भव नहीं हो सकता तो शिकायतकर्ता को कारण सहित उसकी सूचना उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवसों का आयोजन विशेष रूप से पारिवारिक एवं सम्पत्ति आदि से संबंधित विवादों के निस्तारण के लिए किया जाता है ताकि छोटे-छोटे विवाद थाना स्तर पर ही निस्तारित कर दिए जाएं और वे भविष्य में कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए कोई समस्या न बनें। उन्होंने निर्देश दिए कि वादों का निस्तारण जितना गुणवत्तापरक रूप से किया जाएगा, उतनी ही राहत आमजन को प्राप्त होगी।

उन्होंने थानाध्यक्ष और राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी अवस्था में अवैध कब्जा नहीं पाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि यदि किसी क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर कब्जा पाया जाता है तो कब्जाधारी के साथ-साथ संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरूद्ध भी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 धर्मवीर सिंह ने पुलिए एवं राजस्व कार्मिकों को विश्वस्त करते हुए कहा कि अवैध कब्जाधारियों अथवा भूमाफियों द्वारा उनको धमकी दी जाती है या उनके साथ अभद्रता की जाती है तो तत्काल उसकी सूचना उपलब्ध कराएं ताकि संबंधित के विरूद्व कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जा सके। निरीक्षण के समय तक कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया जाना प्रकाश में आया। थाना समाधान शिकायत पाई गई।

### माहे रमजान का तीसरा जुमा बड़े रूहानी माहौल में विदा हो गया

नगीना। नगर में माहे रमजान का तीसरा जुमा बड़े रूहानी माहौल में विदा हो गया। इस मौके पर नगर की तमाम मस्जिदों में नमाजियों की खासी भीड़ रही। नमाजे जुमा में रोजेदारों ने रब से मुल्क की खुशहाली व आपसी प्रेम व भाई चारे की दुआयें की।नमाज ए जुमा अदा करने के बाद लोगों ने बड़ी तादाद में ईद से संबंधित खरीदारी की।नगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में नगर क्षेत्र व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या मे नमाजियों ने नमाजे जुमा अदा किया।इस मौके पर तमाम मस्जिदो के इमामों ने माह रमजान की फजीलत के व शबेकद्र की अहमियत व उसके सवाब के बारे जानकारी दी। उन्होंने जकात फितरा आदि के बारे में बताते हुये लोगों से अपील की है कि वह अपने सदके जकात को सही सही हिसाब लगा कर मुस्तहिक लोगों को अदा करे। जिससे वह भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। आगे उन्होंने कहा कि अगर मुसलमान अपनी जकात को सही सही अदा करता है तो मुल्क में कोई गरीब न रहे। अंत में मुल्क की तरक्की व आपसी प्रेम भाईचारे कौम के इंतेहाद की दुआ की गई।

## हर घर जल अभियान के अन्तर्गत ग्रामीणों को किया जागरूक

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन ह्यनमामी गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ.प्र.ह्यद्वारा जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान का कार्यक्रम हसनपुर विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों मे प्रतिदिन संचालित किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत शनिवार प्रोजेक्टर फिल्म एलईडी के माध्यम से टीम ग्राम पंचायत दयावली खालसा मे पहुची। जिसमे स्वच्छता,पीने योग्य पानी का सही तरीके से रख-रखाव,फलों-सब्जियों के धुल कर उपयोग मे लाना,घरों के आस-पास जलजमाव न होने देना,पाइप लाइन परियोजना के अंतर्गत पानी टंकी के पेयजल का सही उपयोग करने,पेय पेयजल स्तोत्रों के रख-रखाव एवं दूषित होने से बचाव,खुले मे शौंच न करने,शौचालय का उपयोग करने हेतु ग्रामीणों को लघु फिल्म के माध्यम से जन-जागरूक किया गया।जिसके कारण हो रही जलजनित बिमारियों के बारे मे लोगों को एक फिल्म के माध्यम से दिखाया जा रहा है।कार्यक्रम के समन्वयक निरंकार मिश्र ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्रामीणों के हित मे बडे-बुजुर्गों,बच्चों एवं नौजवानों के साथ-साथ सभी महिलाओं को काफी जागरूक करने मे मदद्गार साबित हो रहा है।जिला समन्वयक नूर आलम एवं सरताज आलम,खुर्शीद,रीतेश के निर्देशन मे को-आर्डिनेटर आशीष द्विवेदी,अमरीश पाण्डेय,जनार्दन एवं टीम के अन्य सदस्य ,ग्राम प्रधान किरनपाल सिंह के साथ-साथ ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

### शासनादेश पर एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक व सीओ के साथ नगर के पेट्रोल पम्पों पर छापामार कार्रवाई की

नजीबाबाद। शासनादेश पर एसडीएम मनोज कुमार ने पूर्ति निरीक्षक व सी ओ के साथ नगर के पेट्रोल पम्पों पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान उन्होने डीजल व पेट्रोल के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा। पेट्रोल पम्पो पर तेल कम देने तथा मिलावट की शिकायतों पर शासनादेश होने के बाद डीएम ने टीम गठित की। एसडीएम मनोज कुमार सिंह, सीओ गजेन्द्र सिंह पाल, पूर्ति अधिकारी अमित कुमार व माप बाट निरीक्षक ने नगर के पेट्रोल पम्पो पर छापामारी की। प्रशासन की कार्रवाई से पेट्रोल पम्प स्वामियों में हड़कम्प मचा रहा। एसडीएम मनोज कुमार ने बताया कि पेट्रोल पम्पों पर घटतौली और मिलावाटखोरी की शिकायतें लगातार मिलने पर ये कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि ऐसी कार्रवाई अब अकास्मिक भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि पेट्रोल व डीजल के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है। जांच के बाद शिकायत सही पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के छठे दिन चला वाहन चैकिंग अभियान

गजरौला, प्रात: किरण संवाददाता



चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह के छठें दिन वरिष्ठ उपसम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन/सड़क सुरक्षा) ए0के0सिंह राजपूत एवं क्षेत्राधिकारी यातायात अरुण कुमार सिंह के दिशा निदेर्शानुसार सम्पूर्ण जनपद में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा स्कूल वाहन की चैकिंग अभियान चलाया गया। उक्त में यातायात पुलिस द्वारा रोड रेग्यूलेशन का पालन कराने के उददेश्य से 26 स्कूल वाहनो की भौतिक जॉच की गई तथा उन्हे नोटिस देकर मानक पूरे करने के निर्देश दिये गये तथा दो गाड़ीयो का चालान किया गया। जिसमें 21 ऐसे मोटर वाहनो का चालान किया गया जिनकी फिटनस समाप्त हो चुकी हैं। इन पॉच स्कूली वाहन अमरोहा नगर के एक नामी स्कूल के हैं जोकि स्कूलयान सुरक्षा नियमावली 2019 के अर्न्तगत अब स्कूल में संचालित नही हो सकते तथा वह वाहन अपनी निर्धारित समयावधि पूर्ण कर चुके हैं लेकिन स्कूल प्रबन्धन द्वारा उन वाहनो का प्रयोग नियम विरुध किया जा रहा था। उक्त संदर्भ में उक्त स्कूल के खिलाफ अग्रीम कायार्वाही करने हेतु शासन को वाहनो के विवरण सहित आख्या सम्भागीय परिवहन अधिकारी मुरादाबाद संभाग के द्वारा भेजी जा रही हैं। जिन मोटर वाहनो के विरुध विधिक कायार्वाही की जा रही हैं उन वाहन स्वामीओं से 3 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना राजस्व के रुप में प्राप्त होगा। उक्त चैकिंग अभियान में के0जी0संजय यात्री/मालकर अधिकारी धर्मेन्द्र कोखर प्रभारी उपनिरीक्षक यातायात, इन्द्रभान सिंह गौड़ यातायात उपनिरीक्षक एवं परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के आरक्षी मौजूद रहें।

## कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में विश्व पुस्तक दिवस पर सेमिनार आयोजित

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता




कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर एक सेमिनार आयोजित की गई, सर्वप्रथम ग्रुप निदेशक श्री उमेश गुप्ता जी व संस्था निदेशक प्रो. (डा.) स्वतन्त्र पोरवाल व मुख्य वक्ता कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्ष सुनील भारद्वाज, ने मां सरस्वती, भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक पदमश्री डा शियाली रामामृत रंगनाथन का माल्यार्पण व संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके सेमिनार का शुभारंभ किया। इसके उपरांत मुख्य वक्ता पुस्तकालयाध्यक्ष सुनील भारद्वाज ने सभी छात्र छात्राओ एवं कॉलेज फैकल्टी स्टाफ को संबोधित करते हुए बताया कि कुछ समय पहले तक पुस्तकालयो मे छात्रध छात्राओ की भीड़ आती थी, परन्तु आज इंटरनेट के युग मे पुस्तकालयो का स्वरूप मे परिवर्तन अवश्य हुआ है, आज का युवा प्रत्येक जानकारी त्वरित रूप से इंटरनेट से हासिल करना चाहता है यह समय की माग हो सकती है परन्तु आज भी व्यावहारिक जीवन मे पुस्तकालयो का विशिष्ट महत्व है, एक अच्छा इंसान बनने के लियें अच्छा साहित्य और पुस्तकों से जुडाव आवश्यक है, छात्रध छात्राओ को पाठ्यक्रम के अलावा भी जनरल नॉलेज व अन्य धामिक ग्रंथो को भी अवश्य पढ़ना चाहिए ग्रुप निदेशक उमेश गुप्ता ने कहा कि पुस्तके ज्ञान का भण्डार होती है, उन्होने सभी से अधिक से अधिक पुस्तकों का अवलोकन करने की अपील की सेमिनार के आयोजन पर संस्था सचिव कुंवर उदयन वीरा व कु० रुचिवीरा ने कहा कि सही मायनों मे पुस्तकों से ही सच्चे अर्थ की पहचान हो सकती है उन्होने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है अत छात्र छात्राओ को पाठ्यक्रम के साथ साथ अच्छे साहित्य का भी अध्ययन अवश्य करना चाहिए। संस्था निदेशक प्रो० (डॉ०) स्वतन्त्र पोरवाल ने कहा कि पुस्तके मानव की सच्ची मार्गदर्शक होती है, पुस्तकीय ज्ञान से बोद्धिक विकास होता है, अत इंटरनेट के युग मे भी हमे अधिक से अधिक पुस्तके भी अवश्य पढ़नी चाहिए उन्होने कहा कि हमारा कॉलेज भविष्य में भी इस प्रकार के सेमिनार छात्र छात्राओ के लाभ हेतु करने के लिए प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम का संचालन राजश्री भारद्वाज ने किया। सेमिनार को सफल बनाने मे समस्त विभागो के विभागाध्यक्ष,एकदेमिक इंचार्ज प्रशांत सक्सेना, डॉ शुएब अली खान, राजन सहाय ,राजीव सहरवात ,एन पी एस भण्डारी, राजीव कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### उप जिलाधिकारी ने अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लिया एक्शन

संभल। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ बड़ी शक्ति एक्शन लिया गया सड़कों के किनारे ट्रक बस काफी लंबे समय से लंबी लंबी कतारें लगा लेते थे और राहगीरों को बचने में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था जब उप जिला अधिकारी हाथ में डंडा लेकर अतिक्रमण हटवाने को खड़े हो गए अतिक्रमण करने वालों में यह देख कर हड़कंप मच गया अतिक्रमण हटवाने में पुलिस प्रशासन ने भी काफी प्रयास किया और इसके साथ वाहन स्वामियों को कड़ी हिदायत दी गई की अगर सड़क किनारे अतिक्रमण किया तो वाहनों को शीश कर दिया जाएगा अतिक्रमण के चलते हैं दुकानदारों को जब पता चला तो दुकानदारों में खलबली मच गई दुकानदारों के आगे जो बड़े-बड़े टीम सेट तथा सिलाव दाने पड़े थे उनके ऊपर बुलडोजर चलाया गया।

### आतिशबाजी से निकली चिंगारी मकान से लगी सर्बो की विंड पर जा गिरी

मंडावर। क्षेत्र के एक गांव में आई बारात में चढ़त के दौरान हुई आतिशबाजी से निकली एक चिंगारी मकान से लगी सर्बो की विंड पर जा गिरी चिंगारी गिरने से विंड में आग लग गई। आग लगते ही गांव में अफरा तफरी मच गई गनीमत रही को हताहत नहीं हुई। गुरुवार की शाम क्षेत्र के गांव कोहरपुर में गांव निवासी एक व्यक्ति की पुत्री की बरात आई थी। गुरुवार की देर रात गांव में बरात चढ़ रही थी। इसी दौरान बरात में आतिस्वासी करने वाले वियक्ति ने आतिशबाजी के लिए एक गोला छोड़ दिया। जिससे उठी चिंगारी राजपाल के मकान की दीवार पर लगी बल्लू की सर्बो की विंड के पुले पर जा गिरी। जिससे विंड के पुले में आग लग गई। आग लगते ही गांव में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गनीमत रही कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ।

### रूस- यूक्रेन का युद्ध दुनिया की बाजारों को कर रहा प्रभावित

लखनऊ। युक्रेन पर रूसी आक्रमण सबसे बड़ा युद्ध है। जिसे यूरोप ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद देखा है। यह युद्ध दुनिया की बाजारों को प्रभावित कर रहा है। यह उद्गार शनिवार को सहायक प्रोफेसर स्कूल ऑफ लिबिरल स्टडीज डॉ. अश्विनी द्रविड़ ने व्यक्त किये। डॉ. द्रविड़ जयपुरिया प्रबंध संस्थान की इन्टरनेशनल रिलेशन कमेटी (आईआरसी) की तरफ से आयोजित इंटर कॉन्टिनेन्टल कॉन्क्लेव को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1997 से नाटो का विस्तार वर्तमान रूसी आक्रमण का मुख्य कारक है। उन्होंने यूरोपीय संघ और रूस के संबंधों के महत्वपूर्ण पहलू पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का उद् देश्य वर्तमान अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण के संबंध में नये विचारों की सुविधा के लिए एक मंच प्रदान करना था। संगोष्ठी में शामिल डॉ. अंशु जोशी फैकल्टी स्कूल ऑफ इन्टरनेशनल स्टडीज (जेएनयू) ने कहा कि हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि दुनिया रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को सुलझाने में लगी है। उन्होंने बताया कि हाल ही में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलिंसकी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात कर इस मुद्दे को हल करने का अनुरोध किया है।

# डीएम ने सूचना के बावजूद अनुपस्थित रहने पर ग्राम प्रधान का स्पष्टीकरण तलब करने के दिए निर्देश

**बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता**



जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्र द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय के दौरान कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल में मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण न पाए जाने पर संबंधित ग्राम प्रधान का स्पष्टीकरण तलब करने तथा एक हफते के अंदर सभी छात्रध्छात्राओं के खातों में धनराशि भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बेसिक शिक्षा को सुदृढ़ एवं गुणवत्तापरक बनाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्व है और इसके सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की समयपूर्वक उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा स्कूलों में शिक्षा के प्रति बच्चों में उत्साह और जोश का माहौल पैदा करने करने का भी प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बेसिक शिक्षा को गुणवत्तापरक बनाने और उसका स्तर कॉन्वेन्ट विद्यालयों के समकक्ष बनाने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा और स्कूलों में अच्छा वातावरण सृजित करने वाले अध्यापकों को पुरूस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने सचेत करते हुए यह भी कहा कि यदि अध्यापक द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही अथवा शिथिलता बरती जाएगी तो उसके विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी श्री मिश्रा स्कूल चलो अभियान की गुणवत्ता की जांच के लिए औचक रूप से ब्लॉक किरतपुर के ग्राम भोजपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते हुए निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि बेसिक स्कूलों के इनफ्रास्टक्कर, शिक्षण पद्वति एवं शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार लाया जाए और सरकारी स्कूलों का स्तर इंग्लिश मीडियम स्कूलों से भी बेहतर हो। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा इसके लिए कायाकल्प योजना के जरिए सभी स्कूलों में रंगाई-पुताई, सौंदर्यकरण एवं उनमें सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसके अलावा सभी स्कूली छात्रध्छात्राओं को निशुल्क पाठ्य सामग्री, ड्रेस, जूते-मोजे, खाना आदि भी उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि उनको सभी सुविधाएं स्कूल में ही प्राप्त हों। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्कूल भवन में रंगाई-पुताई तथा अन्य कार्य न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिस स्तर से भी उक्त लापरवाही की गई है, उसकी जांच कर आख्या प्रस्तुत करें ताकि उसके विरूद्व कार्यवाही की जा सके।

निरीक्षण के दौरान कार्यरत शिक्षिका श्रीमती आकांक्षा चैधरी द्वारा स्कूल में साईंस लेब एवं पुस्तकालय की स्थापना किए जाने पर उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना एवं प्रशंसा व्यक्त करते हुए बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए कि श्रीमती चैधरी को उनकी ओर से प्रशस्ति पत्र उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्कूल में 260 से अधिक बच्चों का एनरोलमेन्ट हो चुका है, जिनमें आज 10 नए बच्चों का नामांकन किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों से पहाड़े सुने गए और देश एवं प्रदेश की राजधानी, देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम पूछे जाने पर बच्चों द्वारा सही उत्तर दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा साईंस लेब के प्रवेश द्वार के पास पौधे का रोपण करते हुए निर्देशित किया गया कि स्कूलों में फलदार पौधे रोपित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डा0 धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी जयकरण यादव के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### मस्जिदों में कुरान मुकम्मल का सिलसिला लगातार जारी

संभल। माह ए रमजान में इबादत का सिलसिला जारी है। शुक्रवार रात भी शहर की मस्जिदों में तरावीह की नमाज में कुरान मुकम्मल हुआ। नगर में मौहल्ला जगत स्थित एक मीनार वाली मस्जिद पर हाफिज गुलजार अशरफ ने 20 दिन में कलाम ए पाक मुकम्मल किया। यहां हाफिज ने कुरान सुना। हाफिज सरफराज हुसैन व हाफिज अदनान अशरफी ने नाते पाक के नजराने पेश किये इस मौके पर हाफिज मौहम्मद अफजाल हुसैन ने अपने खिताब में कुरान ए अजीम की अजमत और उसके अदब ओ अहतराम के बारे में तफसील से बयान किया। कहा कि अल्लाह ने पूरे 30 पारे एक इंसान के सीने में महफूज कर दिए हैं, हाफिज इसको पढ़ता है और लोग सुनते हैं। मौलाना ने कहा कि नमाज पढ़ने का सवाब अलग और सुनने का अलग है। अल्लाह रमजान में बरकतें अता करता है क्योंकि इसी रमजान में कुरान को नाजिल किया गया। हमें चाहिए कि हम कुरान को समझ कर पढ़ें ताकि इसके फायदे भी हासिल हों। इस अवसर पर मौलाना नय्यर रजा ने मुल्क की तरक्की व आपसी भाईचारे को बरकरार रखने को दुआ कराई। इस दौरान कारी अब्दुल वाहिद, हाफिज फैज अंसारी, हाजी अकरम, मोहम्मद असकम, मौहम्मद फुरकान आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला शक्ति संगठन की महिलाओं ने गरीब लड़कियों की शादी करा एक मिसाल पेश की

**संभल, प्रात: किरण संवाददाता**

संभल के थाना हयातनगर क्षेत्र शिव मंदिर पर महिला शक्ति संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय के साथ संगठन की महिलाओं ने एक गरीब लड़की की शादी में सहयोग करके एक मिशाल पेश की इतना ही नही यह संगठन अब तक 14 गरीब लड़कियों की शादी करा चुका है जिसमें मुस्लिम समाज की भी शामिल है आज भी महिला शक्ति संगठन की महिलाओं ने एक ग्रामीण कन्या की शादी में दहेज और जरूरत की सामान देकर उसकी सहायता की और सभी महिलाओं ने उस लड़की को अपना आशीर्वाद देकर हर संभव मदद की बात कही। संगठन के अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय ने बताया कि हमारा संगठन सामाजिक कार्य करता है साथ ही हम लोग गरीब लड़की की शादी में सहयोग करते है चाहे वह किसी भी धर्म की हो क्योंकि हमारे संगठन की महिलाओं का उद्देश्य है की समाज में हम सबको एक समझ कर सहयोग करना चाहिए। इसी के आधार पर हमारा संगठन का नाम भी यही है महिला शक्ति संगठन जो कि महिलाओं की सहायता के लिए बनाया गया है आज हमारे संगठन ने 14 से ज्यादा गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग किया है हमें बड़ी खुशी है और आगे भी हम गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग करते रहेंगे। खुशबू ने बताया की समाज में सभी को सहायता करना चाहिए कि हमारे आस पास अगर कोई गरीब लड़की है और उसकी शादी में हम सबको कुछ ना कुछ सहयोग करना चाहिए हमारा धर्म कर्म भी यही कहता है कि हम दूसरों की सहायता करते रहें। इस अवसर पर दीपा वार्ष्णेय, खुशबू, साधना, कविता, रिचा, पुष्पा देवी, मधु वार्ष्णेय, अंजना, विनीता, निशी, दीप्ति, संतोष, कल्पना ,वर्षा, नीलम, नेहा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

### पुलिस का अमानवीय चेहरा सीसी कैमरे में कैद

लखनऊ। मुख्यमंत्री पुलिसकर्मियों को आचरण में बदलाव लाने और जनता से अच्छा व्यवहार करने के लिए कहते हैं। इसके बावजूद कुछ पुलिसकर्मी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। चंद लोगों की वजह से पूरा विभाग बदनाम हो जाता है। शनिवार सुबह एक ऐसा ही मामला सामने आया, जसिमें बीच रास्ते बंद हुई गाड़ी को धक्का लगाने से इंकार पर पुलसिकर्मी ने बच्चे को सरेराह थप्पड़ जड़ दिया। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया।

# आप ने शुरू की नगर निगम चुनाव की तैयारी, प्रत्येक बूथ पर तैयार करेगी 10 परिवर्तन योद्धा

**लखनऊ , प्रात: किरण संवाददाता**




आम आदमी पार्टी नगर निगम चुनाव में प्रभावी भूमिका निभाने की तैयारी में जुट गई है। आप सांसद संजय सिंह के निर्देश पर निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने शनिवार को गोमतीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय में इस बावत लखनऊ जनपद के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बैठक की। जिसमें नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर बूथ स्तर और वार्ड स्तर तक कार्यकताओं की टीम मजबूत किये जाने पर मंथन किया गया।

इस दौरान सभाजीत सिंह ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर 10-10 परिवर्तन योद्धा तैयार किये जाएंगे। जो आम आदमी पार्टी की विचारधारा, नीतियों और कार्यों से जनता को परिचित कराएंगे। दिल्ली सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करने के साथ यूपी में आम आदमी पार्टी की ओर से नगर निगमों में सुधार के साथ शहरों के विकास के लिए किये जाने वाले जन उपयोगी कार्यों को भी पहुंचाएंगे। जनता को आम आदमी पार्टी को वोट करने की अपील करेंगे जिससे शहरों के विकास को गति मिले और उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ सके। इन कार्यकताओं का कार्य वर्तमान सरकार की नाकामियों और जनता पर डाले गये बोझों के प्रति जागरूक करना भी होगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी से लोग जुड़ रहे हैं । बड़ी संख्या में राजधानी और जिलों में लोग पार्टी में शामिल भी हो रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से संगठन के विस्तार के काम को तेजी से किये जाने की जरूरत पर बल दिया। सभाजीत सिंह ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं से बिना रुके नगर निगम चुनावों की तैयारी में जुटने की अपील की। बैठक में प्रमुख रूप से दिनेश पटेल, इंजीनियर अजय कुमार, अमित श्रीवास्तव ,आलोक सिंह, राजीव बक्शी, सूरज प्रधान, अमित चोपड़ा, शैलेन्द्र राठौर, नीतू अग्रवाल ,रीता सिंह शिवम मौर्या नूर मोहम्मद, आकाश मिश्रा ड्रा एस पी पांडे , सौरभ सिंह बृजेश तिवारी गीतांजलि सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पीड़ित महिला ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

संभल। शाहजहां बेगम पत्नी रहीस अली निवासी दिल्ली दरवाजा भूरे शाह रोड संभल निवासी महिला ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है अशोक कुमार पुत्र पुष्पेंद्र कुमार. सत्य प्रकाश निवासी गण मोहल्ला ठेर.जनपद सम्भल द्वारा जमीन पर अबैध कब्जा कर लिया है और जमीन पर प्लाट बना कर प्लॉटिंग कर रहा है जबकि इसके विरुद्ध सिविल जज सी.डि. मुरादाबाद के न्यायालय में मूल वाद संख्या 108 बटा 2012 शाहजहां बनाम अशोक कुमार आदि प्रेषित किया था पीडित प्रार्थिनी को स्टे आदेश दिनांक संख्या 17.1.2013 को प्राप्त हुआ जबकी उपरोक्त लोगों द्वारा संपत्ति पर तोड़ फोड़ कर निर्माण करने व अन्य व्यक्तियों को विक्रय करने की कोशिश कर रहे हैं जब इन के पास कोई अधिकार प्राप्त नहीं है मना करने पर आमदा फसाद करते हैं प्रार्थी जब रोकने जाती है तो शान एवं भूरा पुत्र गढ़ बुन्दु प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हैं पीड़ित महिला ने जानकारी देते हुए बताया है कि यह जमीन मेरे नाना की हुआ करती थी मेरे नाना के मरने के उपरांत यह मेरे नाम दर्ज हो गई दबंग व्यक्ति जो कब्जा धारक है।

# मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस

**संभल, प्रात: किरण संवाददाता**

मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में पृथ्वी दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें स्कूल के बच्चों को चार भागों में विभाजित किया गया और उनको बोर्ड पर डिजाइन करने के लिए कहा गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है जिस के उपलक्ष्य में मिशन स्पेशल एकेडमी के अंदर इसको धूमधाम के साथ मनाया गया स्कूल के छात्रो को न्यूटन, फ्लेमिंग, अरिस्टोटल, आईन्सटीन जैसे महान वेज्ञानिक के नाम से बोर्ड सजाये गए, क्लास 5इँ, और 6इँ के बच्चो ने *पृथ्वी एक ज़िम्मेदारी अनेक* की थीम पर एक नाटक का मंचन किया, डिरेक्टर शबाना कोसर ने बच्चो की मेहनत की पर्शनसा की और कहा पुरे साल जो हाउस मेहनत करेगा उस्को वार्षिक उत्सव मे पुरस्कार दिया जायेगा, जिसमे फ्लेमिंग हाउस को पर्थम, सेकंड एइंस्टिन, थर्ड न्यूटन, फोर्थ अरिस्टोटल को उचकोटि की कला का पर्दशित किया गया। स्कूल मैनेजर मुशीर खान तरीन ने इस दिन का महत्व बताते हुए कहा की पृथ्वी दिवस का महत्व इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, इस दिन हमें ग्लोबल वार्मिंग के बारे में पर्यावरणविदों के माध्यम से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का पता चलता है। पृथ्वी दिवस जीवन संपदा को बचाने व पर्यावरण को ठीक रखने के बारे में जागरूक करता है। जनसंख्या वृद्धि ने प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक बोझ डाला है, संसाधनों के सही इस्तेमाल के लिए पृथ्वी दिवस जैसे कार्यक्रमों का महत्व बढ़ गया है।

इसके बाद बोर्ड सजाने की प्रतियोगिता का रेसल्ट की घोषणा की, प्रिंसिपल शाने रब ने अपने सम्बोधन मे कहा की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण नागरिकता और साल भर उन्नति को बढ़ावा देने के लिए 1970 में पृथ्वी दिवस नेटवर्क की स्थापना पहले पृथ्वी दिवस के आयोजकों के द्वारा की गयी। पृथ्वी दिवस के नेटवर्क के माध्यम से, कार्यकर्ता, राष्ट्रीय, स्थानीय और वैश्विक नीतियों में परिवर्तनों को आपस में जोड़ सकते हैं। अन्तराष्ट्रीय नेटवर्क 174 देशों में 17,000 संस्थानों तक पहुँच गया है, जबकि घरेलू कार्यक्रमों में 5,000 समूह और 25,000 से अधिक शिक्षक शामिल हैं, जो साल भर कई मिलियन समुदायों के विकास और पर्यावरण सुरक्षा कार्यकताओं की मदद करते हैं। गोलार्द्ध में शरद का मौसम है।जब बार से चुनगी आते थे संयुक्त राष्ट्र में पृथ्वी दिवस को प्रत्येक वर्ष मार्च विषुव (वर्ष का वह समय जब दिन और रात बराबर होते हैं) पर मनाया जाता है, यह अक्सर 20 मार्च होता है, यह एक परम्परा है जिसकी स्थापना शान्ति कार्यकर्ता जॉन मक्कोनेल के द्वारा की गयी। यह पृथ्वी का बड़ा ही मनाया जाने वाला दिवस है। कार्यकर्म मे मुख्य रूप से परवीन ताज, दरकशा अब्बास, शबनूर, नीलोफर खान,मौलाना तंज़िम, निहाल अख्तर, आयशा, साबिहा, ज़िकरा,मीडिया प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर जुनैद इब्राहिम,आदि मौजूद रहे।

# दूसरे सामूहिक हत्याकांड पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

**लखनऊ , प्रात: किरण संवाददाता**

प्रयागराज में एक ही परिवार के पांच लोगों की सामूहिक नृशंस हत्या पर सपा बसपा सहित अन्य विपक्षी पार्टियों ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरा है। इस हत्याकांड से प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। एक सप्ताह में सामूहिक हत्या की दूसरी घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। हालांकि योगी सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इस हत्याकांड की जांच एसटीएफ को सौंप दी है। एसटीएफ प्रयागराज के लिए रवाना हो गई है। लेकिन विपक्ष इस नृशंस हत्या को लेकर सरकार पर हमलावर है। सपा सुप्रीमों एवम् उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश कुमार ने इस घटना पर ट्वीट करते हुए लिखा :भाजपा 2.0 के राज में - यूपी डूबा अपराध में।प्रयागराज में फिर सामूहिक हत्या:एक परिवार के पांच का गला रेता, 4 की मौत, शवों को जलाने के लिए घर में लगा दी आग। बीएसपी सुप्रीमो एवम् उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने इस घटना की निन्दा करते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ट्वीट के माध्यम से कहा :उत्तर प्रदेश के प्रयागराज एक ही परिवार के पांच लोगों की निर्मम हत्या किए जाने की खबर अति - दुखद, निंदनीय व चिंता जनक।सरकार घटना की तह में जाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करे। प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल यादव ने कहा कि प्रयागराज में एक बार फिर से एक ही परिवार के पांच लोगों की नृशंस हत्या की दुखद खबर ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मेरा आग्रह है कि घटना की किसी स्वतंत्र एजेंसी से समयबद्ध जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें।घटना के प्रति विरोध दर्ज करने व शोकाकुल परिवार से मिलने मै प्रयागराज पहुंच रहा हूं। आपको बता दें कि गत सप्ताह गंगवार के नवाबगंज में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या हुई थी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

संभल। जनपद संभल के बहजोई कोतवाली क्षेत्र के गांव दिलगोरा में फांसी के फंदे से लटक कर महिला ने की आत्म हत्या। कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव बागड़ पुर झोयिया निवासी मंगली ने बताया कि बेटी की शादी वर्ष 2015 में गांव दिलगोरा निवासी मानपाल के साथ हिंदू रीति रिवाज से शादी की थी। जिससे वह शादी के कुछ साल बाद ही ससुरालियों ने मृतिका विमलेश कुमारी पत्नी मानपाल उम्र 25 वर्ष को आए दिन ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग करते थे। जो कि वह मृतिका के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को मृतिका के पति ने विवाहिता के साथ मारपीट की जिससे वह 25 वर्षीय विवाहिता ने आर्थिक स्थिति से तंग आकर शुक्रवार शाम करीब दस बजे फांसी के फंदे से झूल कर आत्म हत्या कर ली। वही सी ओ गोपाल सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# न्याय पंचायत के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय लाहक खुर्द में नामांकन मेला लगाया गया

**मंडावली, प्रात: किरण संवाददाता**



उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराया जाए इस उद्देश्य से अंग्रेजी माध्यम से संचालित नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के राजपुर नवादा न्याय पंचायत के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय लाहक खुर्द में एक नामांकन मेला लगाया गया नामांकन मेले का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह ने मुख्य द्वार पर लगे फीते को आज नामांकित हुए एक छात्र प्रिंस कुमार के साथ संयुक्त रुप से काटकर किया इस अवसर पर चैधरी ईशम सिंह ने कहा कि हमारी केंद्र और प्रदेश सरकार सब पढ़े सब बढ़े के संकल्प को लेकर कार्य कर रही है इसमें हम सब ग्राम वासियों का दायित्व है कि अपने अपने बच्चों को स्वयं इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल लाहक खुर्द में या अपने समीपवर्ती सरकारी स्कूल में एडमिशन आवश्य कराएं हमारी सरकार बच्चों को निशुल्क यूनिफॉर्म, निशुल्क पाठ्य पुस्तकें, प्रतिदिन मिड डे मील, स्कूल बैग जूते मौजे की व्यवस्था कर रही है सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक बच्चा पढ़ें कोई भी बच्चा विद्यालय जाने से ना रह जाए इसलिए सरकार ने आज नामांकन मेला के रूप में पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए हैं मुख्याध्यापक मा दिलशाद अहमद ने कहा बताया कि नामांकन मेला लगाने तथा घर घर शिक्षक स्टाफ द्वारा संपर्क करने से आज 16 छात्र छात्राओं का प्रवेश नामांकन फार्म भरा गया उनके नामांकन हुए उन्होंने सभी ग्राम वासियों से इस नामांकन कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की ग्राम प्रधान राकेश प्रजापति ने सभी शिक्षा के स्टाफ एवं ग्राम वासियों से सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने की अपील की आज कु साक्षी गौतम, सुफियान, हरीश, मोहम्मद फैज, प्रिंस कुमार, युग, यश, गुलफाम,डोली, अल्फिया गुलनाज आलिया सहित 16 छात्र छात्राओं ने नामांकन मेले में अपना प्रवेश कराया इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह, ग्राम प्रधान राकेश कुमार प्रजापति, भाजपा नेता अरविंद विश्वकर्मा, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती मंजीता कौर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलशाद अहमद,शिक्षिका आरती शर्मा, सुजाता रानी, शिक्षक महिपाल सिंह, अश्वनी कुमार, ने नामांकित छात्र छात्राओं के अभिभावकों को विद्यालय द्वार द्वारा दी जा रही योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया सभी ने नामांकन मेले में लगे हुए स्टालों पर अध्यापिका आरती शर्मा से जानकारी प्राप्त की इस अवसर पर छोटी देवी, संदीप कुमार, ताहिरा, अफसाना, शाहना, विरेंद्र कुमार, सुमित गुर्जर, शुभम प्रजापति, आदि उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पम्प ढहाने की जांच के लिए 26 को बरेली जाएगा सपा प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता**




सपा विधायक शहजिल इस्लाम के पेट्रोल पम्प को बुलडोजर से गिराने की घटना की जांच के लिए सपा का प्रतिनिधिमंडल 26 अप्रैल को बरेली जायेगा। सपा मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि भाजपा सरकार ने द्वेषपूर्ण भावना से बुलडोजर चलवाकर सपा के विधायक शहजिल इस्लाम के पेट्रोल पम्प को धराशाई करा दिया। भाजपा सरकार विधायक की सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचाना चाहती है। सपा का प्रतिनिधि मण्डल बरेली जायेगा और मामले की जांच करके उसी दिन जिलाधिकारी से भी मिलकर वार्ता करेंगे।

प्रतिनिमिंडल में नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद संजय लाठर, पूर्वमंत्री एवं विधायक कमाल अख्तर, पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, पूर्वमंत्री भगवत शरण गंगवार, पूर्वमंत्री ओंकार सिंह यादव, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठद के प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी डॉ. राजपाल कश्यप,पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व मेयर आई एस तोमर, पूर्व विधायक सुल्तान बेग, बरेली के जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, बरेली महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी शामिल हैं।

वहीं सपा का एक अन्य प्रतिनिधिमंडल 25 अप्रैल को शाहजहांपुर जायेगा। प्रतिनिधिमण्डल शाहजहांपुर में सपा के पूर्व प्रत्याशी रोशन लाल वर्मा के विरुद्ध बिना किसी नोटिस आदि के बुलडोजर चलवाकर उनकी बिल्डिग को धराशाई करने और उनके उत्पीडन की जांच कर उसी दिन जिलाधिकारी से भी मिलकर वार्ता करेगा। प्रतिनिधिमण्डल में पूर्वमंत्री हेमराज वर्मा, एलएमएलसी राजपाल कश्यप, जिलाध्यक्ष तनवीर अहमद, पूर्व एमएलसी लखनऊ पुलसि का अमानवीय चेहरा सीसी कैमरे में कैद,

**उपलब्धि** यूपी 31 करोड़ से अधिक लोगों को कोविड सुरक्षा कवच देने वाला देश का पहला राज्य

# प्रदेश कोविड सुरक्षा कवच देने में सबसे आगे

**लखनऊ, एजेंसी**



**रिकार्ड**

- ट्रैक, टेस्ट तथा ट्रीट का सीएम योगी का फामूर्ला बेहद कारगर साबित हुआ
- सरकार ने कोरोना संक्रमितों को वैक्सीनेशन पर भी पूरा जोर दिया
- हर चरण में सीएम ने जिलों में जाकर टीकाकरण की समीक्षा भी की थी

कोरोना वायरस संक्रमण के दौर में इस महामारी से बचने के उपाय को लेकर विश्व भर में चर्चा का विषय बने उत्तर प्रदेश ने सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के 31 करोड़ से अधिक लोगों को कोविड का सुरक्षा कवच दे दिया है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षा कवच देने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश ने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ ही कोरोना वैक्सीनेशन में भी बड़ा मुकाम प्राप्त किया है। ट्रैक, टेस्ट तथा ट्रीट का सीएम योगी आदित्यनाथ का फामूर्ला बेहद कारगर साबित हुआ। इसके खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार मिशन मोड में उतरी और प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को हाई अलर्ट मोड पर करने के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ भी बेहद सक्रिय होकर फील्ड में उतरे। उत्तर प्रदेश सरकार ने कोरोना संक्रमितों को आइसोलेट करने के साथ ही उनकी चिकित्सा की व्यवस्था करने के अलावा वैक्सीनेशन पर भी पूरा जोर दिया।

आज उत्तर प्रदेश 31 करोड़ से अधिक कोविड डोज का सुरक्षा कवच प्रदान करने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है। यह जीवन-रक्षक उपलब्धि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन व स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। वैक्सीनेशन के पहले चरण यानी बुजुर्ग तथा बीमार लोगों को टीका का सुरक्षा कवर देने के दौर से ही शीर्ष पर रहे उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वाधिक लोगों का टीकाकरण करने का भी गौरव प्राप्त किया है। हर चरण में सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिलों में जाकर टीकाकरण के अभियान की समीक्षा भी की थी।

उत्तर प्रदेश शनिवार को देश में सर्वाधिक लोगों को कोविड का सुरक्षा कवज देने वाला राज्य बन गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि पर ट्वीट भी किया है। उन्होंने का कि आज उत्तर प्रदेश 31 करोड़ से अधिक कोविड डोज का सुरक्षा कवच प्रदान करने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है। यह जीवन-रक्षक उपलब्धि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन व स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। कोरोना पर विजय हेतु आप भी अवश्य लगवाएं टीका जीत का।

# सामूहिक हत्याओं का गढ़ बन गया प्रयागराज:अखिलेश

**लखनऊ, एजेंसी**



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रयागराज सामूहिक नरसंहार का गढ़ बन चुका है। प्रयागराज में एक के बाद एक समूचे परिवार की हत्या की वारदात से लोग आतंकित है और कानून व्यवस्था कलंकित है। बीती 22-23 अप्रैल की रात गंगापार के थरवई थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में पांच लोगों की गला रेतकर की गई नृशंस हत्या विचलित करती है।

घटना में मृतकों में पति-पत्नी, उनकी बेटी, गर्भवती बहू तथा एक 2 साल की मासूम पोती है। आशंका है विकलांग बेटी और पांच माह की गर्भवती बहू के साथ दुष्कर्म भी हुआ था। हत्यारों ने घर में आग लगाकर अपना कुकृत्य छुपाने की कोशिश भी की। इसी प्रयागराज में अभी इसी अप्रैल महीने दो बार सामूहिक हत्याकाण्ड हो चुके हैं। 16 अप्रैल को नवाबगंज के खागलपुर में 5 लोगों की नृशंस हत्या हुई। पिछले साल 25 अक्टूबर को गोहरी गांव में एक परिवार के 4 लोगों की हत्या हुई। प्रयागराज में सीरियल किलिंग की इन हत्याओं से कानून व्यवस्था में गिरावट का अंदाजा होता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार कानून व्यवस्था के क्षेत्र में बुरी तरह विफ ल रही है। मुख्यमंत्री के तमाम दावे, रोज हो रही हत्याओं से हवाई साबित हुए है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म की तमाम घटनाएं राष्ट्रीय क्राइम ब्यूरो के रिकार्ड में दर्ज है। अपराध नियंत्रण के लिए समाजवादी पार्टी ने जो प्रयास किए थे उन्हें निष्क्रिय करके भाजपा ने जता दिया है कि उसकी नीयत अपराधियों को संरक्षण देने की है। सत्ता संरक्षित अपराधी आज प्रदेश भर में सक्रिय है।

## संक्षिप्त खबर

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर रफ्तार का कहर, तीन बाइक सवारों की मौत

पलवल। गदपुरी थाना अंतर्गत पृथला फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। आरोपी वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। तीनों मृतक युवक फरीदाबाद स्थित एस्कॉर्ट्स कंपनी में काम करके वापस घर के लिए आ रहे थे।कुशक निवासी राजू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका बेटा नीरज उम्र 26 वर्ष एस्कॉर्ट्स कंपनी में काम करता था। उसके साथ गांव अतरचटा निवासी 29 वर्षीय दर्शन व 23 वर्षीय प्रीतम भी एस्कॉर्ट्स कंपनी में काम करते थे। तीनों पिछले काफी दिनों से कंपनी में काम कर रहे थे। तीनों शाम की शिफ्ट में काम करके वापस घर के लिए आ रहे थे। जब उनकी बाइक पृथला फ्लाईओवर पर पहुंची तो किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद तीनों घायल हालत में रोड पर गिर गए। वहां आसपास के वाहन चालकों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिप्सी मे डालकर अस्पताल लाया गया। सडक हादसे में लगी गंभीर चोटों के कारण तीनों को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### डीसीपी साउथ उपासना सिंह ने किया थाने का औचक निरीक्षण

सोहना ।डी सी पी साउथ उपासना सिंह ने औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने मालखाना,किचन सहित आई ओ के कमरों का बारीकी से निरीक्षण किया। जहां उन्होंने थाना प्रभारी को साफ सफाई के निर्देश दिए वहीं सी एम फ्लाइंग द्वारा पकड़े गए डीजल के ड्रम जो थाने में रखे हुए थे उन्हें तुरंत उठाने के निर्देश दिए वहीं थाने में खड़ी चोरी की बाइक को तुरंत मालखाने में जमा कराने के लिए कहा। यह पहला मौका है जब किसी आई पी एस ने थाने का बारीकी से निरीक्षण किया हो।उनके साथ।ए सी पी सोहना परवीन मालिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार वा अपराध शाखा इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश भी मौजूद थे।

### लोहे की ग्रिल चोरी के मामले में क्राइम ब्रांच ने किया आरोपी को गिरफ्तार

फरीदाबाद ।डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रणधीर है जो बिहार के दादूपुर गांव का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद की फ्रेंड्स कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस थाना ओल्ड में 2 दिन पहले चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें सिक्योरिटी गार्ड सौरभ कुमार ने बताया की वह नाइट वॉच सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड की नौकरी करता है। छ&ळ कंपनी द्वारा स्मार्ट सिटी में रोड पर ग्रिल लगाने का टेंडर लिया हुआ है जिसमें उनकी नाइट वॉच कंपनी ने एलएनटी कंपनी द्वारा ग्रिल लगाने के लिए रखे गए सामान की सिक्योरिटी का जिम्मा लिया हुआ है। 2 दिन पहले सुबह करीब 6:00 बजे क्यूआरजी अस्पताल के सामने रोड पर एक आईसर कैंटर आया जिसमें करीब 4 लोग सवार थे और उन्होंने रोड़ के पास रखी हुई लोहे की 2 ग्रिल को अपने कैंटर में लोड किया और मौके से फरार हो गए।

# अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने की बैठक

होडल, प्रात: किरण संवाददाता




● यूनिट कार्यकारिणी मीटिंग को संबोधित करते हुए ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन प्रदेश उप महासचिव जितेंद्र तेवतिया व जिला प्रधान राजेश शर्मा ने बताया कि निगम मैनेजमेंट लगातार कर्मचारियों की समस्याओं को अनदेखा कर रही हैं।

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर कार्यकारी अभियंता होडल की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में सती सरोवर पार्क होडल में यूनिट कार्यकारिणी मीटिंग यूनिट प्रधान नरेंद्र सौरोत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका संचालन यूनिट सचिव वेदपाल तेवतिया ने किया।

यूनिट कार्यकारिणी मीटिंग को संबोधित करते हुए ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन प्रदेश उप महासचिव जितेंद्र तेवतिया व जिला प्रधान राजेश शर्मा ने बताया कि निगम मैनेजमेंट लगातार कर्मचारियों की समस्याओं को अनदेखा कर रही हैं। प्रदेश भर में काम कर रहे एक लाख से अधिक कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व समान काम समान वेतन की मांग को भी नजर अंदाज किया जा रहा है। जनवरी 2020 से जून 2021 तक के रोके गए महंगाई भत्ते के भुगतान व एचआरए में बढ़ोतरी करने पर भी चुप्पी साध ली गई है। बेरोजगारों को नियमित नौकरी देने की योजना की बजाए कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कच्ची नौकरी देने पर ही जोर दिया गया है। कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान न होने के कारण आज होडल यूनिट कार्यकारिणी की मीटिंग बुलाई गई जिसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि दिनांक 25 अप्रैल 2022 सोमवार को होडल डिवीजन के अधीनस्थ चारों सब यूनिटों (होडल, हथीन, हसनपुर, मंडकोला) में सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक 2 घंटे का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बावजूद भी अगर कार्यकारी अभियंता द्वारा मांगो व समस्याओं का उचित समाधान नहीं किया तो 26 अप्रैल मंगलवार से सभी कर्मचारी कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर धरने पर बैठ जाएंगे और धरने के कारण निगम को होने वाले नुकसान के लिए कार्यकारी अभियंता स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस अवसर पर सब यूनिट प्रधान लख्मी चंद रावत, लेखराज रावत, प्रेम सहरावत, रण सिंह, सचिव प्रदीप सैनी, धर्मेंद्र, राशिद, फूल सिंह, अनिल कुमार, पवन कुमार, भूपेंद्र चौधरी, नरेश महलावत, योगेश शर्मा, कुलदीप चौहान, अरशद, कुंवर रवि, महिपाल, ओम प्रकाश, नरेश रावत व रमेश चंद्र शांडिल्य विशेष रुप से मौजूद थे।

# गुरु तेगबदुर के 400 वें प्रकाश पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन



होडल, प्रात: किरण संवाददाता

● कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एसोसिएट प्रोफेसर कम्युनिकेशन डॉ पवन मलिक रहे

राजकीय महाविद्यालय होडल में चल रहे गुरु तेगबदुर के 400 वें प्रकाश पर्व का शनिवार को समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एसोसिएट प्रोफेसर कम्युनिकेशन डॉ पवन मलिक रहे।

राजकीय महाविद्यालय होडल के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ओझा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। गुरु तेगबहादुर के 400वें प्रकाश पर्व पर कार्यक्रम का आरम्भ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा की देवी सरस्वती के चित्र समुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा की शिक्षा केवल सूचनाओं का एकत्रीकरण नही है वास्तव में शिक्षा सूचनाओं पर सोच, सोच पर शोध, शोध पर बोध, और बोध पर सकारात्मक विकास के लिए प्रयास किया जाना होना चाहिए। वास्तब में ऐसे कार्यक्रम ही हमें समाज और मानवता के प्रति जागरूक करते हैं। गुरु तेगबहादुर के जीवन से प्रेरणा ले कर हम सब अपने जीवन का गोल निर्धारित कर सकते हैं। गुरु तेगबहादुर विश्व कल्याण के लिए काम किया विश्व के कल्याण के लिए अपना बलिदान दिया। गुरु ने भय को कभी नहीं माना और उसका सामना किया। उनके जीवन से हमें भी यही प्रेरणा मिलती है कि हम सबको मुश्किलों का सामना करना चाहिए। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यकम के इंचार्ज श्री गुरनाम सिंह ने बताया की यह कार्यक्रम अन्य कार्यक्रम से अलग था। देश के लिए बलिदान की प्रष्ठ के सर्वोच्च शिखर एक पीढ़ी नही अपितु तीन-तीन पीढ़ी और सात बलिदान देने वाले गुरुतेगबदुर के विषय में शब्द भी बताने से मना कर देते हैं।

# देख-रेख के अभाव में लाखों रुपये के कूड़ेदान कबाड़ में तब्दील

पुन्हाना, प्रात: किरण संवाददाता

● प्रशासन भी शिकायत होने के बावजूद कोई उचित कार्यवाही नही करता, जिसके चलते यहां आने वाले कर्मचारी व अधिकारी तबादले हो जाने के बाद भी घूम फिरकर वापिस यहीं आ जाते है।

पुन्हाना नगरपालिका प्रशासन द्वारा कूड़ा एकत्रित करने के लिहाज से लाखो रुपये खर्च करके खरीदे हुए कूड़ेदान देखरेख के अभाव में कबाड़ में तब्दील हुए पड़े है। कूड़ेदान कबाड़ बन जाने के कारण जहां प्रशासन का रुपया व्यर्थ हो रहा है वही कूड़े के ढेर भी सड़को पर फैले हुए है। ऐसा नही है कि स्थानीय प्रशासन को इन कबाड़ बने कूड़ेदानो के बारे में जानकारी नही हो, सब कुछ जानकर प्रशासन अनजान बना रहता है।पुन्हाना नगरपालिका यूं तो हर समय चचाओं में रहती है, शिकायतों व समस्याओं पर कार्यवाही करने वाला प्रशासन यहां नही है। बहरहाल यहां करोड़ो रुपए विकास के कब, कहां, कैसे खर्च हो जाते है, पता ही नही चलता। प्रशासन भी शिकायत होने के बावजूद कोई उचित कार्यवाही नही करता, जिसके चलते यहां आने वाले कर्मचारी व अधिकारी तबादले हो जाने के बाद भी घूम फिरकर वापिस यहीं आ जाते है। आपको बता दे कि पुन्हाना नगरपालिका में शिकायतों व समस्याओं का अंबार कोई नई बात नही है। विकास के नाम पर खूब रुपये बहाने वाली इस नगरपालिका में धरातल पर कोई विकास नही है। लाखो रुपये के कूड़ेदान कबाड़ बने है तो लाखों रुपये की स्ट्रीट लाइटे मात्र शो पीस बनी हुई है। अधिकांश कई कई बड़े कूड़ेदान वार्डो से गायब भी हो चुके है। पुन्हाना नगरपालिका द्वारा वार्डो को स्वच्छ रखने के नाम पर लाखो रुपये खर्च करके प्रत्येक वार्ड में कूड़ेदान रखे गए थे।जो कुछ समय के लिए तो वार्डो में कूड़ेदान के रूप में दिखाई दिए, लेकिन प्रशासन के देख रेख के अभाव में जल्द ही ये कूड़ेदान कबाड़ में तब्दील हो गए।

# रोडवेज कर्मचारियों ने ट्रैफिक मैनेजर नवनीत सिंह के खिलाफ जताया रोष

नूंह, प्रात: किरण संवाददाता



शनिवार को नूंह बस अड्डा पर रोडवेज विभाग के कर्मचारियों ने ट्रैफिक मैनेजर नवनीत सिंह के खिलाफ रोष प्रकट किया। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी कर उक्त ट्रैफिक मैनेजर पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर पीड़ित चालक अब्दुल हमीद ने बताया कि उक्त ट्रैफिक मैनेजर उनको काफी परेशान कर रहा है। हाल ही में नूंह से होडल व दूसरी पुन्हाना से कुलाना को जाने वाली बसों को ट्रैफिक मैनेजर ने बंद करा दी। जिस पर उन्होंने उनसे कहा कि ये दोनों रूट बहुत ही व्यस्त है जहां से हर दिन सैंकड़ों लोग बस में यात्रा करते हैं। इस रूट से बसों को बंद हुए एक महीने से अधिक का समय हो गया है। इसी बात को लेकर उक्त ट्रैफिक मैनेजर ने उनको सस्पेंड कर दिया। जिसके शनिवार को आदेश भी आए। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लोगों की समस्या को उठाने पर यह दंड दिया गया है। उन्होंने ट्रैफिक मैनेजर पर कई भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लगाते हुए बताया कि उक्त ट्रैफिक मैनेजर ने विभाग में सभी सीनियर जूनियर के पदों को प्रभावित कर रखा है। जिससे कर्मचारियों में उनके खिलाफ काफी रोष है। इस दौरान उन्होंने नूंह रोडवेज की महाप्रबंधक एकता चोपड़ा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उक्त ट्रैफिक मैनेजर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। अगर जल्द उनकी मांगों को नहीं माना तो जिले के सभी कर्मचारियों की यूनियनों के साथ नूंह डिपो पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से कपिल, हरकेश, असलम, अकरम, संजीव, धर्मेंद्र व संजीव सहित अन्य मौजूद रहे।

# मोबाइल छीनकर भागने वाला आरोपी गिरफ्तार

पुन्हाना, प्रात: किरण संवाददाता



मोबाइल छीनकर भाग रहे आरोपी को पुन्हाना सिटी चौकी ने धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी द्वारा छीना गया मोबाइल बरामद कर लिया।आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कड़ी पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर दिया है। जांच अधिकारी एएसआई महेंद्र कुमार ने बताया कि महेश पुत्र ईश्वर निवासी मल्हाका ने शिकायत दी कि वह किसी कार्य से सायं के समय बिसरू मोड़ से जा रहा था कि अचानक पीछे से आ रहे युवक ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और मोबाइल लेकर भागने लगा। जिसकी तुरन्त सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी का सुराग लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

साथ ही पीड़ित का छीना हुआ मोबाइल बरामद कर लिया। आरोपी की पहचान अजरुदीन पुत्र अब्दुल निवासी बिसरू के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। जिसे अदालत में पेश कर दिया है।

सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि शहर में मोबाइल व चैन स्नैचिंग के अलावा बाइक चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने के लिये पुलिस प्रयासरत है।पुलिस ऐसे चोर व लूट की वारदात करने वाले आरोपियों की धरपकड़ करने में लगी है। काफी चोरों को पकड़कर जेल की सलाखों में भेजा जा चुका है।

# जिले से चारा भेजने पर धारा 144 लागू

नूंह, मेवात, प्रात: किरण संवाददाता

जिलाधीश अजय कुमार ने जिला में गेहूं की पैदावार कम होने के चलते चारे की कमी व चारे की बढ़ती कीमतों को देखते हुए जिले से बाहर और अन्य स्थानों पर पशु चारा भेजने पर धारा 144 लागू की । जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा गया है कि समय की आवश्यकता को देखते हुए जिले की सीमाओं पर तत्काल पुलिस की तैनाती की जाए ताकि चारा ढोने वाले ट्रक और ट्रैक्टर ट्राली सहित सभी वाहनों को जिले से बाहर जाने से रोका जा सके। रबी की फसल की कटाई के बाद उनके अवशेषों को चारे के अतिरिक्त अन्य प्रयोजनों ईट पकाने व गत्ता बनाने आदि के प्रयोग के लिए जिले से बाहर भी भेजा जाता है जबकि इन अवशेषों से पशुओं के लिए सूखा चारा बनाया जा सकता है तथा चारे की कमी की पूर्ति हो सकती है। जिलाधीश ने सरसों के भूसा को छोडकर बाकी सुखा चारे पर जिला से बाहर जाने पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है।

# किसानों के केसीसी बनवाने के लिये 24 अप्रैल से 01 मई तक चलाया जाएगा अभियान

नूंह, मेवात, प्रात: किरण संवाददाता



● ग्राम सभाओं में किसानों को किया जाएगा जागरूक

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में पंजीकृत सभी किसानों एवं ऐसे किसान जिनके पास केसीसी की सुविधा नहीं है, उनके केसीसी कार्ड बनवाने के लिए 24 अप्रैल से 1 मई के बीच ह्यह्यकिसान भागीदारी प्राथमिकता हमारीह्लह्ल अभियान चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी बैंकों, बैंक मित्र, बैंक सखी, पंचायत सचिव, पटवारी, कृषि विभाग के अधिकारी इत्यादि ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर सभी पीएम किसान लाभार्थियो को जागरूक करेंगे तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस अभियान का कड़ाई से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान में पारंपरिक केसीसी के अलावा डेयरी एवं मत्स्य पालन के लिए केसीसी को भी शामिल किया गया है। अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 24 अप्रैल को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं में पटवारी, कृषि, मत्स्य पालन, पशुपालन विभाग के अधिकारी, पंचायत सचिव व सरपंच की उपस्थिति में पीएम किसान योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व का लोगों में जबरदस्त उत्साह

नूंह, मेवात, प्रात: किरण संवाददाता



बैठक

● श्री गुरू तेग बहादुर के दिखाएं मार्ग का करें अनुसरण : एडीसी

हिंद की चादर श्री गुरु तेगबहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व पर पानीपत में 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर जिला में व्यापक तैयारियां चल रही है और लोग इस कार्यक्रम में भागीदार बनने के लिए बड़े ही उत्साहित नजर आ रहे है। अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका ने यह बात जिला सचिवालय सभागार में श्री गुरु तेगबहादुर जी का 400वें प्रकाश पर्व के राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों, ग्रन्थियों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक में कही। एडीसी ने कहा कि श्री गुरु तेगबहादुर जी का 400वें प्रकाश पर्व ऐतिहासिक मौका है, और लोग इस समागम में पहुंचकर पुण्य के भागीदार बने। उन्होंने कहा कि पानीपत जाने वाली संगत को किसी तरह की कोई परेशानी न आए, इसके लिए पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा सरकार द्वारा पानीपत में श्री गुरू तेग बहादुर जी का 400वां प्रकाश पर्व बड़ी ही श्रृद्धा व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिन्द की चादर श्री गुरू तेग बहादुर जी की मानवता, सदभाव और शांति संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। एडीसी द्वारा श्री गुरू तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व में भारी संख्या में पहुंचने के लिए की गई अपील पर ग्रन्थी सरदार जीएस मलिक ने एडीसी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि अस्सी सारें पानीपत पहुंचणगे औथे पहुंचके गुरू तेग बहादुर जी दा 400वां प्रकाश पर्व मनावागें और लंगर चक्खेगें।

### बाजार में महिला के बैग से 30 हजार रुपए उड़ाए

पलवल, प्रात: किरण संवाददाता

शहर थाना अंतर्गत दुकान पर सामान खरीदते समय महिला के बैग से 30 हजार रुपये व अन्य सामान चोरी कर लिया। महिला ने एक अन्य महिला पर शक जाहिर किया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक पुलिस आरोपी का सुराग नहीं लगा पाई है। जांच अधिकारी विकास के अनुसार जिला मथुरा निवासी प्रीति ने शिकायत दर्ज कराई है कि 22 अप्रैल को वह पलवल के मीनार गेट स्थित एक कॉस्मेटिक की दुकान पर सामान खरीदने आई थी। खरीदारी के दौरान उसके बैग से 30 हजार रुपये, डेबिट, पेन व आधार कार्ड तथा अन्य दस्तावेज चोरी कर लिए। उसे शक है कि खरीदारी के दौरान उसके पीछे एक महिला खड़ी थी, उसने ही उसका सामान चोरी किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जरुरतमंद छात्रों को नि:शुल्क पाठ्यक्रम पुस्तकें सुधा सोसायटी फाउण्डेशन ने कराई उपलब्ध




गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है और नियमित रुप से छात्र भी अपनी कक्षाओं में आकर पढ़ाई कर रहे हैं। हालांकि कोरोना की सुगबुगाहट फिर से शुरू हो चुकी है। कोरोना से बचाव के लिए जारी दिशा-निदेशों का पालन स्कूल प्रबंधन कराने में जुटी है। जरुरतमंद छात्र जो पुस्तकें नहीं खरीद पा रहे हैं, उनको निशुल्क पुस्तकें देने का बीड़ा सामाजिक संस्था सुधा सोसायटी फाउण्डेशन ने उठाया है। खांडसा रोड स्थित डीएवी सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के प्रधानाचार्य सुभाष अदलखा ने बताया कि संस्था के अनिल दत्ता, पूजा भारद्वाज व दीप्ति गोयल ने शनिवार को स्कूल पहुंचकर आर्थिक रुप से कमजोर व जरुरतमंद 9वीं व 10वीं के छात्रों को पाठ्यक्रम संबंधित पुस्तकें निशुल्क वितरित की। उन्होंने बताया कि संस्था इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर करती रही है। बालिकाओं के लिए सैनिटरी पेड उपलब्ध कराना व पौष्टिक आहार के विषय में भी जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन संस्था करती रहती है। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को निशुल्क पुस्तकें मिल जाने से वे अपनी पढ़ाई सुचारु रुप से कर सकेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के नीरज श्योराण, आशा तंवर व अन्य शिक्षकों का भी सहयोग रहा।

# उपायुक्त महावीर कौशिक ने बरवाला खण्ड के गांव रिहोड़ का किया दौरा

पंचकूला, प्रात: किरण संवाददाता



उपायुक्त महावीर कौशिक ने बरवाला खण्ड के गांव रिहोड़ का दौरा किया और गांव से संबंधित शिकायतें सुनी। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिये। ग्राम सचिवालय रिहोड में गांववासियों से बातचीत करते हुये उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार की पंचायत संरक्षक योजना के तहत उन्हें रिहोड़ गांव का संरक्षक नियुक्त किया गया है। कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के तहत तीव्र व समग्र विकास का तंत्र विकसित करने के उद्देश्य से हरियाणा पंचायत संरक्षक योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लक्ष्य गांव में सरकार की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की सघन समीक्षा करना और ग्रामीणों के कल्याण से संबंधित मुद्दों की बेहतर समझ विकसित करना है। उपायुक्त ने गांव में जल भराव की समस्या का समाधान करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शमशाान घाट की तरफ जाने वाले नाले का स्तर उंचा उठाया जाए ताकि पानी की निकासी व्यवस्थित तरीके से हो और नाले में ओवरफ्लो की समस्या न रहे। उन्होंने गांववासियों की मांग पर आश्वासन दिया कि संस्कृति मॉडल स्कूल बतौड़ में पढने वाले गांव रिहोड़ के बच्चों की सुविधा के लिए पंचकूला से बतौड़ वाया रिहोड़ बस सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को गांव की गउशाला के उपर से गुजर रही हाई टैंशन वायर्स को 15 दिन में स्थानांतरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गांव की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने की संभावनाओं को तलाशा जाए ताकि वे गांव में ही कार्य करके अपनी आजीविका कमा सकें। इस अवसर पर श्री महावीर कौशिक ने गांव में स्थित दो आंगनबाड़ियों का निरीक्षण किया और आंगनबाड़ी सुपरवाईजर व वर्कर से आंगनबाड़ियों में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान करवाने वाली महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

### पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई

पलवल, प्रात: किरण संवाददाता

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को यूनियन कार्यालय पर संपन्न हुई। अध्यक्षता जिला चेयरमैन गिर्राज शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला सचिव जिले सिंह भडाना ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रमुख अभियंता पंचकूला की तानाशाही व काफी समय से लंबित पड़ी हुई अपनी मांगों को मनवाना है। जिसके विरोध में आगामी 28 अप्रैल को अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। बैठक में प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई। प्रांतीय प्रधान जिले सिंह भडाना ने बताया कि दिनांक 13 अप्रैल को प्रमुख अभियंता के कार्यालय पर हाई पावर कमेटी एवं राज्य कमेटी के सदस्य प्रमुख अभियंता के लिखित पत्र के अनुसार मिलने के लिए गए, जिसमें प्रमुख अभियंता ने तानाशाही दिखाते हुए संगठन को बातचीत के लिए नहीं बुलाया तो वार्ता समिति ने अपना विरोध दर्ज कराया और उसके बाद प्रमुख अभियंता ने प्रांतीय प्रधान एवं प्रांतीय महासचिव को बर्खास्त करने का काम किया, जिससे पूरे प्रदेश के कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है।

# बच्चों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन



हथीन, प्रात: किरण संवाददाता

हथीन सैंट जॉन स्कूल में 22 अप्रैल को हुए पृथ्वी दिवस समारोह में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया। विद्यालय की तरफ से बच्चों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। विद्यालय के चेयरमैन नरेश कुमार ने बताया कि हर साल 22 अप्रैल को एक अरब से अधिक लोग पृथ्वी दिवस को प्रदूषण और वनों की कटाई जैसी चीजों से ग्रह की रक्षा के लिए मनाते हैं। कूड़ा उठाने और पेड़ लगाने जैसी गतिविधियों में भाग लेकर, हम अपनी दुनिया को रहने के लिए एक खुशहाल, स्वस्थ जगह बना रहे हैं। सभी छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय की वाइस चेयरमैन नीलम ने बताया कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर सैंट जॉन स्कूल हथीन से प्रिंसिपल तरुण रॉयल, रसायन विज्ञान प्रवक्ता संजय गोस्वामी, गणित प्रवक्ता सागर मैथिल, सामाजिक प्रवक्ता संदीप रावत, परमवीर रावत, लियाकत अली, कविता, गीता, आशा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें



### टाटा मोटर्स ने यात्री वाहनों की कीमतें बढ़ाईं

मुंबई। वाहन विनिमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स ने तत्काल प्रभाव से अपने यात्री वाहनों की कीमतें औसतन 1.1 फीसदी बढ़ा दी हैं। कंपनी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि वाहन निर्माण की लागत में वृद्धि होने के कारण यात्री वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। टाटा मोटर्स ने कहा कि यह मूल्य वृद्धि 23 अप्रैल से ही प्रभाव में आ गई है और विभिन्न मॉडल एवं संस्करण के आधार पर औसत मूल्य वृद्धि 1.1 फीसदी है। टाटा मोटर्स से पहले कई अन्य वाहन विनिमार्ता भी लागत बढ़ने की वजह से कीमतों में बढ़ोतरी कर चुके हैं। पिछले कुछ महीनों में इस्पात एवं अन्य कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से वाहनों की कीमतों में पांच से आठ फीसदी तक वृद्धि हो चुकी है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने होम लोन की ब्याज दर में कटौती की

नई दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा ने होम लोन की ब्याज दर में कटौती की है। बैंक ने होम लोन पर ब्याज दर 6.75% से घटाकर 6.50% सालाना कर दी है। बैंक ने कहा कि होम लोन पर ब्याज की नई दर 30 जून, 2022 तक लागू रहेगी। बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक (होम लोन और अन्य खुदरा संपत्ति) एच टी सोलंकी ने कहा कि हम पिछले कुछ महीनों से आवास बिक्री में तेजी देख रहे हैं। इसको देखते हुए हमने ग्राहकों के हित में सीमित अवधि के लिये 6.50% की विशेष ब्याज दर की पेशकश की है। साथ ही ग्राहकों को कोई प्रोसेसिंग चार्ज भी नहीं देना होगा। नई ब्याज दर, नए हाउसिंग लोन लेने वाले ग्राहकों के साथ ही दूसरे बैंक से लिए गए लोन को बैंक ऑफ बड़ौदा में ट्रांसफर करने वालों के लिए भी लागू होगी। इस ब्याज दर का फायदा उन्हीं लोगों को मिलेगा जिनका सिबिल स्कोर 771 या उससे ज्यादा होगा। सिबिल स्कोर से पिछले कर्ज की जानकारी मिलती है। इसलिए बैंक से कर्ज और क्रेडिट कार्ड लेने के लिए अच्छा सिबिल स्कोर होना जरूरी होता है। नियमित कर्ज चुकाने से क्रेडिट स्कोर अच्छा रहता है। सिबिल स्कोर 300 से 900 अंकों के बीच होता है। अगर स्कोर 750 अंक या उससे ज्यादा होता है तब कर्ज मिलना आसान होता है। सिबिल स्कोर 24 महीने की क्रेडिट हिस्ट्री के हिसाब से बनता है।

### इंडोनेशिया ने पाम ऑयल के निर्यात पर लगाया बैन

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े पाम ऑयल उत्पादक और निर्यातक इंडोनेशिया ने अपने देश में ही इसकी किल्लत के चलते निर्यात पर रोक लगा दी है। यह रोक 28 अप्रैल से शुरू होगी और किल्लत खत्म होने तक चलेगी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने शुक्रवार को कहा, मैं खुद इसकी निगरानी करूंगा, ताकि देश में खाद्य तेल की आपूर्ति पर्याप्त रहे और कीमत भी कम रहे। दरअसल, खाद्य तेलों के दाम बढ़ने से इंडोनेशिया में ज्यादातर पाम ऑयल उत्पादक इसका निर्यात करने लगे थे। यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया के कई देश अपने यहां खाद्यान आपूर्ति सामान्य और कीमतें स्थिर रखने के लिए कृषि उत्पादों के निर्यात को सीमित या प्रतिबंधित कर रहे हैं।

# भारत ने श्रीलंका को ईंधन खरीद के लिए 50 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा दी

कोलंबो, एजेंसी

गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे श्रीलंका को मदद के लिए भारत उसे ईंधन खरीद के लिए 50 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त ऋणसुविधा देने के लिए राजी हो गया है।

श्रीलंका के वित्त मंत्री अली साबरी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि भारत से मिलने वाली इस ऋणसुविधा का इस्तेमाल कच्चे तेल के आयात के लिए किया जाएगा। विदेशी मुद्रा के अभाव में श्रीलंका अपनी ईंधन जरूरत के लिए तेल भी आयात नहीं कर पा रहा है।

हालांकि श्रीलंका ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) से त्वरित वित्तीय मदद के लिए गुहार लगाई हुई है लेकिन इस राहत पैकेज पर बातचीत में हो रही देरी को देखते हुए भारत ने अपनी तरफ से उसे 50 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त ऋणसुविधा दी है।

भारत ने इसके पहले फरवरी में भी श्रीलंका को ईंधन खरीद के लिए 50 करोड़ डॉलर की ऋणसुविधा दी थी। उस राशि से श्रीलंका ने भारतीय तेल कंपनी इंडियन ऑयल से तेल की खरीदारी की है। लेकिन अब वह राशि भी खत्म होने के कगार पर पहुंच चुकी थी। इस लिहाज से भारत की तरफ से दी गई अतिरिक्त



- श्रीलंका ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) से त्वरित वित्तीय मदद के लिए गुहार लगाई हुई है।
- भारत ने इसके पहले फरवरी में भी श्रीलंका को ईंधन खरीद के लिए 50 करोड़ डॉलर की ऋणसुविधा दी थी।

ऋणसुविधा से श्रीलंका को संकट से उबरने में थोड़ी मदद मिलेगी। फिलहाल आईएमएफ से मदद के लिए बातचीत के लिए वाशिंगटन में मौजूद साबरी ने इसके साथ ही उम्मीद जताई कि भारत एक अरब डॉलर की एक और ऋणसुविधा देने पर भी विचार करेगा। भारत पहले ही आयात भुगतान के एवज में 1.5 अरब डॉलर का भुगतान रोकने के लिए राजी हो गया है। उसने शुक्रवार को श्रीलंका के लिए इस साल जनवरी में दिए 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली सुविधा की अवधि बढ़ा दी है।

श्रीलंका को अपनी बढ़ती आर्थिक परेशानियों से निपटने के लिए कम से कम चार अरब डॉलर की मदद की आवश्यकता है और साबरी वित्तीय सहायता के लिए चीन तथा जापान जैसे देशों के साथ ही विश्व बैंक एवं आईएमएफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से भी बातचीत कर रहे हैं।

साबरी ने कहा, अगले नौ महीने हमारे लिए मुश्किल रहेंगे। इस दौरान हमें श्रीलंकाई केंद्रीय बैंक में अमेरिकी डॉलर में अधिक निवेश लाने की आवश्यकता है। हम कई देशों से बातचीत कर रहे हैं। अगर ये प्रयास सफल होते हैं और अगर केंद्रीय बैंक में दो अरब डॉलर का निवेश आता है तो इससे हमारी मुद्रा का अवमूल्यन नहीं होगा और वह स्थिर हो जाएगा।

श्रीलंका ने 12 अप्रैल को इतिहास में पहली बार अपनी कर्ज भुगतान सेवा निलंबित कर दी। श्रीलंका में अभूतपूर्व वित्तीय संकट के कारण खाद्यान्न की कमी, बढ़ती ईंधन की कीमतों और बिजली कटौती के कारण हाल के हफ्तों में सरकार विरोधी व्यापक प्रदर्शन हुए हैं।

### रिजर्व बैंक ने सेंट्रल बैंक पर लगाया 36 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 36 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने यह जुर्माना ग्राहकों के हितों की सुरक्षा से जुड़े नियमों के उल्लंघन को लेकर लगाया है। रिजर्व बैंक ने देर रात यह जानकारी दी। रिजर्व बैंक ने जारी बयान के मुताबिक सेंट्रल बैंक पर यह कार्रवाई नियामकीय अनुपालन में कमी के आधार पर की गई है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि बैंक से मिले जवाब के आधार पर उस पर यह कार्रवाई की गई। आरबीआई के मुताबिक ग्राहकों के हितों की सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों के उल्लंघन को लेकर सेंट्रल बैंक पर 36 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रिजर्व बैंक ने नियमों की अवहेलना करने पर 3 को-ऑपरेटिव बैंकों पर कार्रवाई करते हुए कुल 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। आरबीआई ने जिन बैंकों पर जुर्माना लगाया, उनमें फलटन स्थित यशवंत को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, कोकन मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, समता को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट बैंक लिमिटेड शामिल हैं।

## एलआईसी आईपीओ का साइज घटाकर लॉन्च करने की तैयारी में है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस-यूक्रेन संकट के चलते भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की लॉन्चिंग पहले टाल दी गई थी। फिलहाल, इसका साइज छोटा करके अगले दो हफ्तों में सरकार इसको लॉन्च करने की योजना बना रही है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के मुताबिक रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते विदेशी निवेशकों के रुझान में कमी को देखते हुए एलआईसी के आईपीओ का साइज 40 फीसदी कम किया जा सकता है। सरकार अब इस आईपीओ से 30 हजार करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश कर रही है जबकि पहले एलआईसी के आईपीओ का आकार 63 हजार करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार पहले एलआईसी में 7 फीसदी हिस्सेदारी बेचना चाहती थी लेकिन घरेलू शेयर बाजार में जारी बिकवाली और विदेशी निवशकों की मांग में कमी को देखते हुए अब इसमें 5 फीसदी तक हिस्सेदारी बेच सकती है। इसके बावजूद एलआईसी का आईपीओ भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा आरंभिक सार्वजनिक निर्गम होगा।




**तैयारी**

- एलआईसी आईपीओ का साइज घटकर 30 हजार करोड़ रुपये करेगी सरकार

उल्लेखनीय है कि पहले एलआईसी का आईपीओ मार्च में लॉन्च होने वाला था लेकिन मौजूदा रूस-यूक्रेन संकट की वजह से इसको टाल दिया गया गया था। हालांकि, सरकार के पास एलआईसी का आईपीओ लाने के लिए 12 मई, 2022 तक का वक्त है। अगर सरकार 12 मई तक एलआईसी का आईपीओ नहीं ला पाती है तो उसे दिसंबर तिमाही के नतीजे के साथ सेबी के पास फिर नये कागजात दाखिल करने होंगे।

## सुमन बेरी बने नीति आयोग के उपाध्यक्ष, राजीव कुमार ने इस्तीफा दिया

नयी दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार पद से हट गये हैं। उनकी जगह सुमन के बेरी को नीति आयोग का नया उपाध्यक्ष बनाया गया है।

एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को कहा गया, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने राजीव कुमार के इस्तीफे को मंजूरी दी। उन्हें 30 मार्च 2022 को कार्यमुक्त किया जाएगा।

फिलहाल उनके पद से हटने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

बयान में आगे कहा गया, डॉ सुमन के बेरी को राजीव कुमार की जगह एक मई 2022 से अगले आदेश तक नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त करने को मंजूरी दी गई। बेरी को तत्काल प्रभाव से 30 अप्रैल 2022 तक नीति आयोग का सदस्य बनाया गया है।

जाने-माने अर्थशास्त्री कुमार ने अगस्त 2017 में नीति आयोग के उपाध्यक्ष का पदभार संभाला था। तत्कालीन उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के आयोग से हटने के बाद कुमार



को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। कुमार ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट और लखनऊ विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि हासिल की थी। वह सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च में वरिष्ठ फेलो भी रह चुके हैं। बेरी ने इससे पहले नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के महानिदेशक (मुख्य कार्यकारी) के रूप में कार्य किया है। वह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद, सांख्यिकीय आयोग और मौद्रिक नीति पर भारतीय रिजर्व बैंक की तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

# मस्क ने बेंगलुरु के व्यक्ति को जवाब दिया जिसने ट्वीट किया था, वह टेस्ला के संस्थापक नहीं थे

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी के शुरूआती दिनों की कहानी बेंगलुरु के एक व्यक्ति को फिर से स्पष्ट की है, जिसने ट्वीट किया था कि एलन मस्क टेस्ला के संस्थापक नहीं थे। उन्होंने इसे हासिल किया था।

टेस्लारती की रिपोर्ट के अनुसार, टेक अरबपति ने हाल ही में ग्रोथस्कूल के सीईओ और संस्थापक वैभव सिसिंटी के एक पोस्ट के बाद ट्वीट्स के एक सेट में टेस्ला के शुरूआती दिनों के बारे में कुछ बिंदुओं को दोहराया।

सिसिंटी ने एक रिमायंडर पोस्ट किया कि मस्क टेस्ला के संस्थापक नहीं थे और उन्होंने बस कंपनी का अधिग्रहण किया। टेस्ला के सीईओ ने कथा को सही करने और प्रक्रिया में टेस्ला के शुरूआती दिनों में कुछ नई अंतर्दृष्टि प्रदान करने का निर्णय लेने में बहुत समय नहीं लगाया। मस्क ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर लिखा, उसके करीब भी नहीं, यह एक शेल कॉर्प था जिसमें कोई कर्मचारी नहीं था, कोई आईपी नहीं था, कोई डिजाइन नहीं था, कोई प्रोटोटाइप नहीं था, वस्तुतः एसी प्रोपल्सन की टी-जीरो कार के व्यावसायीकरण की एक (व्यवसाय) योजना थी, जिसे जेबी स्ट्राबेल द्वारा पेश किया गया था। यहां तक कि (दि) नाम टेस्ला मोटर्स का स्वामित्व दूसरों के पास था!

मस्क ने कहा कि अगर कोई एबरहार्ड और टारपेनिंग को टेस्ला के संस्थापक के रूप में चित्रित करने वाली कथा में अपनाए गए तर्क का पालन करता है, तो वह पेपाल के एकमात्र संस्थापक होंगे क्योंकि उन्होंने कंपनी शुरू की जो अंततः ऑनलाइन भुगतान की दिग्गज कंपनी बन गई। रिपोर्ट के अनुसार, अपनी टीईडी 2022 उपस्थिति के दौरान, मस्क ने कहा कि उनका सबसे खराब व्यावसायिक निर्णय शायद यह तथ्य था कि उन्होंने टेस्ला को जेबी स्ट्राबेल के साथ शुरू नहीं किया था। मस्क ने कहा कि उन्होंने किसी कंपनी में निवेश नहीं किया।

### रूसी ऊर्जा प्रतिबंध जर्मन अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका दे सकता है: बुंडेसबैंक रिपोर्ट

बर्लिन, एजेंसी

अगर जर्मनी रूस के खिलाफ ऊर्जा प्रतिबंध में शामिल हो जाता है, तो उसकी अर्थव्यवस्था काफी कमजोर हो सकती है। ये जानकारी जर्मनी के केंद्रीय बैंक डॉयचे बुंडेसबैंक द्वारा प्रकाशित एक मासिक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, तीव्र संकट परिदृश्य में जर्मनी के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2021 की तुलना में चालू वर्ष में केवल दो प्रतिशत की गिरावट आएगी, जो रूस-यूक्रेन संघर्ष के बढ़ने के संभावित व्यापक आर्थिक परिणामों का विश्लेषण करती है। रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले में जर्मनी की वास्तविक जीडीपी, अल्पावधि में, यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) के मार्च के पूवार्नुमान की अपेक्षा पांच प्रतिशत तक कम हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, महंगाई भी एक बार फिर काफी बढ़ जाएगी।

जर्मनी में महंगाई दर 2022 में 1.5 प्रतिशत अंक अधिक और 2023 में ईसीबी के अनुमान से दो प्रतिशत अधिक हो सकती है। बैंक के अनुसार, इसके मुख्य कारण आगे बढ़ने की स्थिति में ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि है। हालांकि, संघर्ष की जटिल प्रकृति के कारण सभी परिणाम काफी अनिश्चितता से भरे हैं।

### क्रेडिट कार्ड 7 दिन में नहीं बंद किया तो बैंक आपको देगा 500 रुपये रोजाना

**नई दिल्ली।** क्रेडिट कार्ड पर लगे ब्याज या किसी अनजान शुल्क के कारण ग्राहकों को नुकसान का सामना नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक ने इस संबंध में नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिससे ग्राहकों को सहूलियत मिलेगी। नए नियम पहली जुलाई से प्रभावी होंगे। नए नियम के तहत आरबीआइ से मंजूरी लेकर गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) भी क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड जारी कर सकेंगी। दरअसल क्रेडिट कार्ड देते समय बैंक बहुत आकर्षक तरीके से उसकी खूबियां बताते हैं। लेकिन, कार्ड से भुगतान पर लगने वाले ब्याज और अन्य शुल्क से ग्राहक अनभिज्ञ रह जाता है। नए नियम के तहत क्रेडिट या डेबिट कार्ड जारी करने से पहले बैंक अपने ग्राहकों को कार्ड पर लगने वाले ब्याज के साथ अन्य सभी प्रकार के शुल्क की जानकारी अनिवार्य रूप से देंगे। यही नहीं, ग्राहकों को ई-मेल या एसएमएस के जरिये क्रेडिट कार्ड के बकाया भुगतान की सूचना दी जाएगी और भुगतान के लिए कम से कम 15 दिन का समय दिया जाएगा।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतें 17वें दिन भी स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार को 17वें दिन भी जीवाश्म ईंधन की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं किया। बढ़ती महंगायी के बीच पेट्रोल-डीजल के दामों में स्थिरता आम जनता के बीच राहत की बात है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है। कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 रुपये प्रति लीटर और 99.83 रुपये प्रति लीटर है। यूक्रेन में चल रहे रूस के




**यथावत**

- दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

सैन्य अभियान के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 106.65 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.75 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने पिछले 30 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है।

उल्लेखनीय है कि शनिवार लगातार 17वां दिन है, जब कीमतें अपरिवर्तित रही हैं। इससे पहले एक अप्रैल को कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

### बैंकों को बाजार से पूंजी जुटाकर बैलेंसशीट मजबूत करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा कि वे बाजार से पूंजी जुटाकर अपनी बैलेंसशीट को मजबूत करें। पूंजी बढ़ने से बैंकों को अपने कारोबार का विस्तार करने और प्रोडक्टिव सेक्टर को ज्यादा कर्ज देने में मदद मिलेगी। वित्तीय सेवा विभाग(डीएफएस) सचिव संजय मल्होत्रा ने मंथन 2022 में पीएसबी के शीर्ष अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक लाभ कमाने समेत सभी मानकों पर बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी हाल में बैंकों से पूंजी जुटाकर उधार देने की क्षमता बढ़ाने को कहा था। मल्होत्रा ने कहा कि बैंक अपनी बैलेंसशीट को मजबूत करें। उन्होंने सुझाव दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को आपस में अधिक सहयोग करना चाहिए और बड़े बैंकों को छोटे बैंकों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

## श्रीलंका में महंगाई सातवें आसमान पर, मुद्रास्फीति की दर 21.5 फीसदी हुई

कोलंबो, एजेंसी

आर्थिक बदहाली से जूझ रहे श्रीलंका के हालात हर दिन के साथ बदतर होते जा रहे हैं। आर्थिक के साथ राजनीतिक संकट बढ़ने के बीच देश में मुद्रास्फीति की दर 21.5 फीसदी होने पर महंगाई सातवें आसमान पर पहुंच गई है। देश में खाने-पीने से लेकर जरूरत का सामान आम आदमी की पहुंच से दूर हो गया है। श्रीलंका सरकार द्वारा जारी इस वर्ष मार्च के आंकड़ों के अनुसार देश में मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 21.5 फीसदी हो गई है। वित्त मंत्री अली साबरी ने इंटरनेशनल मोनेटरी फंड (आईएमएफ) के अधिकारियों से देश के लिए 40 लाख डॉलर के बेल आउट पैकेज के लिए मुलाकात की है। हालांकि कुछ दिन पहले ही आईएमएफ और विश्व बैंक की तरफ से श्रीलंका को इस स्थिति के लिए चेतावनी भी दी गई थी।

सरकार के आंकड़ों के मुताबिक राष्ट्रीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एनसीपीआई) के तहत श्रीलंका की राष्ट्रव्यापी मुद्रास्फीति दर फरवरी 2022 में 17.5 फीसदी थी जो मार्च में बढ़कर 21.5 फीसदी हो गई। जनगणना और सांख्यिकी विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक खाद्य मुद्रास्फीति भी पिछले महीने के 24.7 फीसदी से बढ़कर मार्च में 29.5 फीसदी हो गई है। सरकार के मुताबिक, देश में खाद्य पदार्थों की कीमतों में बीते करीब एक वर्ष के दौरान 29.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जनगणना और सांख्यिकी विभाग द्वारा दिए बयान के मुताबिक, इसकी वजह से देश में चावल, चीनी, दूध और ब्रेड जैसे अधिकांश आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। श्रीलंका का आर्थिक संकट आंशिक रूप से विदेशी मुद्रा की कमी के कारण भी है। इसका एक अर्थ ये भी है कि श्रीलंका खाद्य पदार्थों और ईंधन के आयात के लिए भुगतान कर पाने में सक्षम नहीं है। इससे चीजों की कमी और कीमतों में तेजी आ रही है। तेजी से बढ़ती मुद्रास्फीति की दर श्रीलंका के बढ़ते आर्थिक संकट की तरफ इशारा कर रही है। इसकी वजह से लोग सड़कों पर हैं और राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं पिछले माह श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने आईएमएफ ऋण के पात्र होने के लिए अपनी मुद्रा का 15 फीसदी तक अवमूल्यन किया था।

# अनिश्चित समय में कर्ज तनाव से जूझ रहे देशों के बचाव में आने की जरुरत : निर्मला सीतारमण

वाशिंगटन, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महामारी और हाल के भू-राजनीतिक घटनाक्रम से पैदा हुई अनिश्चितता के कारण कर्ज के तनाव का सामना कर रहे देशों को बचाने की जरूरत पर बल दिया है। सीतारमण ने शुक्रवार को विश्व बैंक के समूह अध्यक्ष डेविड मलपास के साथ एक बैठक में कहा कि भारत भू-राजनीतिक तनाव के बीच बढ़ती अनिश्चितता के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार को उत्पन्न जोखिमों को लेकर चिंतित है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में इस मुलाकात के दौरान उठे बिंदुओं की जानकारी दी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ)-विश्व बैंक बैठक 2022ह में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर आईं सीतारमण ने विश्व बैंक के प्रमुख से कहा कि बहुपक्षवाद अब अधिक महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि इस समय दुनिया असाधारण अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है।

उन्होंने कहा, महामारी और हाल के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण विश्व बैंक को ऋण तनाव का सामना करने वाले देशों के बचाव के वास्ते आगे आने की जरूरत है। खासकर श्रीलंका पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जो अभूतपूर्व आर्थिक स्थिति का



सामना करना रहा है। भारत का पड़ोसी देश श्रीलंका विदेशी मुद्रा की कमी और भुगतान संतुलन संकट के कारण अपने अब तक के सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश का आर्थिक संकट आंशिक रूप से विदेशी मुद्रा की कमी के कारण उत्पन्न हुआ है। इसकी वजह से श्रीलंका मुख्य खाद्य पदार्थों और ईंधन के आयात के लिए भुगतान नहीं कर पा रहा। इससे चीजों की किल्लत होने के साथ उनकी कीमतें बढ़ गई हैं। मलपास के साथ बैठक के दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत की महामारी के खिलाफ प्रतिक्रिया ने जीवन और आजीविका बचाने के दोहरे लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक चला रहा है, जिसमें 1.85 अरब से अधिक टीके लगाए गए हैं। उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष के विश्व अर्थव्यवस्था और विशेष रूप से भारत पर प्रभाव, विश्व बैंक समूह की अर्थव्यवस्था और भूमिका, एकल उधार सीमा और अन्य देशों से गारंटी की संभावना का पता लगाने और और भारत की जी20 अध्यक्षता के बारे में चर्चा की।

सीतारमण ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भारत की संकल्पना स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत को अपने राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन और गति शक्ति कार्यक्रमों के लिए जरूरी निवेश जुटाने के लिए विश्व बैंक से निरंतर समर्थन की उम्मीद है। वित्त मंत्री ने विकास समिति सम्मेलन की 105वीं बैठक में हिस्सा लेते हुए कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत और सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक रही है जो भारत के लचीलेपन एवं मजबूत सुधार को दशार्ती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार, एक अप्रैल से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 8-8.5 प्रतिशत से बढ़ने की उम्मीद है।

### बोइंग डिफेंस के सीईओ से सीतारमण की मुलाकात में एमआरओ पर चर्चा

**वाशिंगटन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को विमान विनिमार्ता कंपनी बोइंग डिफेंस के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) टेड कोलबर्ट से मुलाकात कर भारत में विमानों के रखरखाव, मरम्मत और संचालन (एमआरओ) में निवेश एवं विकास और उन्हें पट्टे पर देने के अवसरों पर चर्चा की। वित्त मंत्री आईएमएफ-डब्ल्यूबी सम्मेलन 2022 में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर आई हुई हैं। बोइंग के मुखिया से उनकी मुलाकात के बाद वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में इस मुलाकात में उठे मुद्दों की जानकारी दी। कोलबर्ट ने कहा कि बोइंग भारत में अपने परिचालन का विस्तार कर रहा है और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्धता रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की तरफ से उठाए गए सुधारात्मक कदमों के कारण भारत के पास एमआरओ गतिविधियों का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है। वित्त मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष एवं विश्व बैंक की स्प्रिंग बैठक से इतर जलवायु परवर्तन पर गठित समूह सीओपी26 के अध्यक्ष आलोक शर्मा से भी मुलाकात की। वित्त मंत्रालय ने एक अन्य ट्वीट में इस मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा, केंद्रीय वित्त मंत्री और आलोक शर्मा ने जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों पर चर्चा की।

# महंगे कॉटन से 30% तक बढ़े कपड़ों के दाम, मांग में भी इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

गर्मी बढ़ने के साथ-साथ इस मौसम में ज्यादा पसंद किए जाने वाले कॉटन के कपड़े भी 30% तक महंगे हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजार में कॉटन की कीमतें बढ़ना इसकी सबसे बड़ी वजह है। खास बात ये है कि कीमत में इजाफे के बीच मांग में भी तकरीबन 20% का इजाफा देखने को मिल रहा है। आलम ये है कि सौ फीसदी क्षमता से काम करने के बावजूद भीलवाड़ा की यार्न मिलें मांग पूरी नहीं कर पा रही हैं।

कोविड महामारी के बाद मिल रहे ज्यादा ऑर्डरः कारोबारियों के मुताबिक, कोविड महामारी के बाद 18 देशों से कॉटन यार्न और कपड़ों के पहले से ज्यादा ऑर्डर आ रहे हैं। यूरोप, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अमेरिका इसमें शामिल है। भीलवाड़ा से इन देशों को करीब ढाई लाख टन कॉटन यार्न का निर्यात होता है, जो कि कुल उत्पादन का 65% है। दूसरी ओर, इस साल देश में कॉटन का उत्पादन 10% कम



हुआ है। कॉटन का उत्पादन कम रहने का अनुमानः कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया का अनुमान है कि इस साल देश में कुल उत्पादन 315 लाख गांठ रहेगा, जबकि उत्पादन 350 लाख गांठ का रहता है। एक गांठ में 170 किलो कॉटन होता है। इसके अलावा ब्राजील, चीन और अर्जेंटीना में भी कॉटन का उत्पादन घटा है। ऐसे में कॉटन 15-30% महंगा हो गया है और कॉटन के कपड़ों के दाम 25-30% बढ़ गए हैं।

साढ़े तीन माह में 30% बढ़े कॉटन के भावः जनवरी से अप्रैल के पहले पखवाड़े तक देश में कॉटन के भाव 30% तक बढ़ गए हैं। ओरिगो ई-मंडी के असिस्टेंट जीएम तरुण तत्संगी ने कहा, 'कॉटन हमारे लक्ष्य 45,000 रुपए के करीब है। यह 48,000 रुपए तक जा सकता है।'

## संक्षिप्त खबरें

### मौजूदा चैंपियन क्रिस्टिया इस्तांबुल ओपन के अंतिम चार में

इस्तांबुल। मौजूदा चैंपियन सोराना क्रिस्टिया ने ऑस्ट्रिया की जूलिया ग्रैबर को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराकर इस्तांबुल ओपन क्लेकोर्ट टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस रोमानियाई ने खिलाड़ी ने पिछले साल यहां फाइनल में एलिस मर्टेंस को हराकर अपने करियर के दूसरे एकल खिताब के 13 साल के इंतजार को खत्म किया था। क्रिस्टिया अब तीसरी वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुडरमेतोवा से भिड़ेंगी, जिन्होंने अन्ना बोंडर को 7-6 (9), 7-6 (3) से हराया। इस बीच कजाकस्तान की यूलिया पुतिनसेवा ने आस्ट्रेलिया की छठी वरीयता प्राप्त अजला टोमलजानोविच को 5-7, 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। उनका सामना अब रूसी खिलाड़ी अनास्तासिया पोतापोवा से होगा, जिन्होंने स्पेन की सातवीं वरीयता प्राप्त सारा सोरिब्स टोर्मो को 6-2, 6-2 से शिकस्त दी।

### राडुकानू को हराकर स्वियातेक स्टुटगार्ट ओपन के सेमीफाइनल में

स्टुटगार्ट। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-4, 6-4 से पराजित करके स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे स्वियातेक ने अपनी जीत का सिलसिला 21 मैचों तक बढ़ा दिया है और वह अपने लगातार चौथे खिताब के करीब पहुंच गयी है। उन्होंने इससे पहले दोहा, इंडियन वेल्स और मियामी में खिताब जीते थे। स्वियातेक सेमीफाइनल में रूस की ल्यूडमिला सैमसोनोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने जर्मनी की लौरा सीगमंड को 7-5, 6-3 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में पाउला बाडोसा और आर्यना सबालेंका आमने सामने होंगी। मियामी और चार्ल्सटन में अपने पिछले दो टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हारने वाली बाडोसा इस बार आगे बढ़ने में सफल रही।

### मुंबई सिटी की करारी हार, एएफसी चैंपियन्स लीग से बाहर

रियाद। इंडियन सुपर लीग की टीम मुंबई सिटी एफसी सऊदी अरब के अल शबाब क्लब के हाथों 0-6 से करारी हार झेलने के कारण एएफसी चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता से बाहर हो गयी। रात को खेले गये ग्रुप बी के इस मैच में अल शबाब की तरफ से हट्टन बाहेब्री ने हैट्रिक जमायी। बाहेब्री ने 19वें मिनट में ही अल शबाब को बढ़त दिला दी थी। इसके बाद उन्होंने 64वें और 66वें मिनट में गोल करके हैट्रिक पूरी की। इस बीच पहले हॉफ में मध्यांतर से 10 मिनट पहले मुंबई सिटी के कप्तान मुर्तदा फाल ने आत्मघाती गोल कर दिया। इससे सऊदी अरब की टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। अल शबाब ने दूसरे हॉफ में अधिक हमलावर तेवर अपनाये।

### रूबलेव और फोगनिनी सर्बिया ओपन के सेमीफाइनल में

बेलग्रेड। आंद्रे रूबलेव और फैबियो फोगनिनी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके सर्बिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां वे एक दूसरे के आमने सामने होंगे। रूबलेव ने टारो डेनियल को 6-2, 6-3 से हराया जो 2022 में उनकी 21वीं जीत है। इस वर्ष उनसे अधिक जीत केवल स्टेफानोस सिटसिपास (23 जीत) ने दर्ज की हैं। फोगनिनी को ऑस्कर ओटे के खिलाफ शुरू में जूझना पड़ा और पहले सेट में एक समय वह 2-5 से पीछे थे। इसके बाद उन्होंने लगातार सात गेम जीते और आखिर में 7-5, 6-4 से मैच अपने नाम किया।

### गुजरात ने 8 रन से हराया, पॉइंट्स टेबल में पहले पायदान पर पहुंची हार्दिक की टीम

# कोलकाता की लगातार चौथी हार

मुंबई, एजेंसी



आईपीएल 2022 के 35वें मैच में गुजरात टाइटन्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 8 रन से हरा दिया है। कोलकाता के सामने 157 रन का टारगेट था, जिसके जवाब में टीम 148/8 का स्कोर ही बना सकी और मैच हार गई। केकेआर की ये लगातार चौथी हार है। आंद्रे रसेल (48) टॉप स्कोर रहे। गुजरात की 7 मैचों में ये छठी जीत है। इसके साथ ही टीम 12 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में पहले पायदान पर भी आ गई है। टीम ने अब तक एक ही मैच हारा है। वहीं, कोलकाता की 8 मैचों में ये 5वीं हार रही। केकेआर ने अब तक केवल 3 ही मैच जीते हैं। इससे पहले टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए गुजरात टाइटन्स ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 156 का स्कोर बनाया।

कप्तान हार्दिक पंड्या ने लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई और सबसे ज्यादा 67 रन बनाए। केकेआर की ओर से आंद्रे रसेल ने 4 विकेट लिए। कोलकाता के आंद्रे रसेल ने मैच में शानदार बल्लेबाजी की, एक समय तो ऐसा लगा वो मैच जीता देंगे। रसेल ने सिर्फ 25 गेंद में 48 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 छक्का और 1 चौका निकला। रसेल ने 192 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। मैच में 1 विकेट लेने के साथ ही राशिद खान के आईपीएल में 100 विकेट पूरे हो गए। उन्होंने वेंकटेश अय्यर (17) को आउट कर ये उपलब्धि हासिल की। आईपीएल में विकेटों का शतक बनाने वाले राशिद ओवरऑल 16वें और चौथे विदेशी खिलाड़ी बने। साथ ही राशिद सबसे तेज 100 आईपीएल विकेट लेने वाले स्पिनर भी बन गए हैं। उन्होंने 83 मैचों में ये रिकॉर्ड बनाया। अमित मिश्रा ने भी 83 मैचों में 100 विकेट पूरे किए थे। राशिद ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट चटकाए। उन्होंने वेंकटेश और शिवम मावी को आउट किया। राशिद को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला।

कोलकाता ने शुरूआती 4 विकेट केवल 34 के स्कोर पर गंवा दिए थे। टीम मुश्किल में नजर आ रही थी, लेकिन 5वें विकेट के लिए रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर ने 36 गेंदों में 45 रन जोड़कर केकेआर को मैच में बनाए रखा। इस साझेदारी को यश दयाल ने रिंकू (35) को आउट कर तोड़ा। टारगेट का पीछा करते हुए केकेआर की शुरूआत खराब रही। पहले ओवर में सैम बिलिंग्स (4) और तीसरे ओवर में सुनील नरेन (5) रन बनाकर आउट हुए।

ये दोनों विकेट शमी के खाते में आए। नीतीश राणा भी 2 रन बनाकर फर्ग्यूसन को अपना विकेट दे बैठे। पावर प्ले तक केकेआर का स्कोर 34/3 था। कप्तान श्रेयस अय्यर भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे और 15 गेंदों में 12 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनका विकेट यश दयाल के खाते में आया और विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा ने शानदार कैच पकड़ा।

### स्कोरकार्ड

गुजरात 156/9 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा<br>कॉट वेंकटेश अय्यर बोल्ड उमेश यादव | 25 | 25 | 2 | 1 |
| शुभमन गिल<br>कॉट सैम बिलिंग्स बोल्ड टिम साउदी | 7 | 5 | 1 | 0 |
| हार्दिक पंड्या<br>कॉट रिंकू सिंह बोल्ड टिम साउदी | 67 | 49 | 4 | 2 |
| डेविड मिलर<br>कॉट उमेश यादव बोल्ड शिवम मावी | 27 | 20 | 1 | 2 |
| राहुल तेवतिया<br>कॉट रिंकू सिंह बोल्ड आंद्रे रसेल | 17 | 12 | 2 | 0 |
| राशिद खान<br>कॉट उमेश यादव बोल्ड टिम साउदी | | 2 | 0 | 0 |
| अभिनव मनोहर<br>कॉट रिंकू सिंह बोल्ड आंद्रे रसेल | 2 | 4 | 0 | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन<br>कॉट रिंकू सिंह बोल्ड आंद्रे रसेल | | 1 | 0 | 0 |
| अल्जारी जोसफ<br>नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |
| यश दयाल<br>कॉट एंड बोल्ड आंद्रे रसेल | | 1 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त | 10 रन (B: 0, LB: 3, WD: 7, NB: 0) | | | |
| कुल | 156/9 20.0(RR: 7.8) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W | Econ |
|---|---|---|---|---|---|
| उमेश यादव | 4 | 0 | 31 | 1 | 7.75 |
| टिम साउदी | 4 | 0 | 24 | 3 | 6.00 |
| शिवम मावी | 4 | 0 | 36 | 1 | 9.00 |
| सुनील नरेन | 4 | 0 | 31 | 0 | 7.75 |
| वरुण चक्रवर्ती | 3 | 0 | 26 | 0 | 8.66 |
| आंद्रे रसेल | 1 | 0 | 5 | 4 | 5.00 |

# तीसरे अंपायर को देना चाहिए था दखल : पंत

नवी मुंबई, एजेंसी



दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को लगता है कि शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स के मुकाबले के दौरान आखिरी ओवर में नो बोल देने के ऑन फील्ड अंपायर के निर्णय पर थर्ड अंपायर को दखल देना चाहिए था। पंत के अनुसार, नो बॉल करार न देने का फैसला उनकी टीम पर भारी पड़ा, जिस वजह से दिल्ली कैपिटल्स को राजस्थान के हाथों 15 रनों की हार झेलनी पड़ी। हालांकि टीम के सहायक कोच शेन वॉटसन ऋषभ पंत की इस दलील से सहमत नहीं दिखे। वॉटसन ने बीती रात हुए घटनाक्रम से दूरी बनाते हुए कहा कि अंपायर के निर्णय को स्वीकारा जाना चाहिए था।

राजस्थान रॉयल्स द्वारा दिए गए 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की बल्लेबाजी अंतिम ओवर में थी। ओवर की तीसरी गेंद पर ओबेद मकॉए ने एक हाई फुल टॉस फेंका, जिसे रोवमन पॉवेल ने छक्के के लिए पुल कर दिया। आखिरी ओवर में 36 रन बनाने थे, जिसकी पहली तीन गेंदों पर पॉवेल ने लगातार तीन छक्के जड़ दिए थे। अंपायर ने छक्के का इशारा तो कर दिया, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स नो बॉल का इशारा किए जाने के इंतजार में भी थे। अंपायर का नो बॉल करार देना उन्हें एक अतिरिक्त गेंद और एक फ्री हिट भी मुहैया करा जाता। जिसके बाद पॉवेल कुछ वही चीज दोहरा सकते थे, जो कारानामा एमएस धोनी ने गुरुवार को मुंबई इंडियंस के विरुद्ध खेले गए मुकाबले में किया था। हालांकि अंपायर ने गेंद को नो बॉल करार नहीं दिया, जिसके फलस्वरूप पॉवेल और कुलदीप यादव ऑन फील्ड अंपायर नितिन मेनन और निखिल पटवर्धन से उलझ पड़े। दूसरी तरफ डगआउट में मौजूद कप्तान पंत और टीम के अन्य खिलाड़ी भी पॉवेल और कुलदीप को अंपायर से बहस करने के समर्थन में दिखाई दिए। बावजूद इसके कि नियमों के मुताबिक नो बॉल की समीक्षा के लिए थर्ड अंपायर को तब तक रेफर नहीं किया जा सकता।

# रॉयल चैलेंजर्स 68 रन पर ऑलआउट, यानसेन और नटराजन को 3-3 विकेट

मुंबई, एजेंसी



**आउट**

- विराट कोहली लगातार दूसरी पारी में गोल्डन डक पर आउट हुए

आईपीएल 2022 का 36वां मैच हैदराबाद और बेंगलुरु के खिलाफ खेला गया। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया है। मैच में बेंगलुरु की टीम सिर्फ 68 रन ही बना पाई। बेंगलुरु के लिए सबसे बड़ा स्कोर सुयाष प्रभुदेसाई ने बनाया। उन्होंने 20 गेंद में 15 रन बनाए। हैदराबाद के गेंदबाजों ने मैच में कमाल की गेंदबाजी की, मार्को येन्सन ने एक ही ओवर में तीन विकेट झटक लिए। विराट कोहली लगातार दूसरी पारी में गोल्डन डक पर आउट हुए।

येन्सन के अलावा टी नटराजन के खाते में भी तीन विकेट आए। वहीं, जगदीश सुचित ने 2 और उमरान, भुवनेश्वर के खाते में एक-एक विकेट आए। हैदराबाद के गेंदबाजों के सामने फ्छइ का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक पाया। फ्छइ का ये दूसरा सबसे कम स्कोर है। इससे पहले आज ही के दिन 2017 में केकेआर के खिलाफ बेंगलुरु की टीम 49 रन पर ऑल आउट हुई थी। शानदार फॉर्म में चल रहे हैदराबाद के तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने बेंगलुरु के खिलाफ भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 13 रन दिए और एक विकेट भी अपने नाम किया। उन्होंने शाहबाज अहमद का विकेट अपने नाम किया।

# हार्दिक पांड्या ने धोनी से सही सबक सीखा है : आकाश चोपड़ा

मुंबई, एजेंसी

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने महेन्द्र सिंह धोनी से जो सही सबक सीखा है उसे वह आईपीएल 2022 में पूरी तरह से लागू कर रहे हैं। आईपीएल के इस सीजन में हार्दिक हरफनमौला प्रदर्शन कर रहे हैं और अपनी कप्तानी के लिए हर तरफ से प्रशंसा भी अर्जित कर रहे हैं। स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में आकाश चोपड़ा ने कहा, मुझे लगता है कि हार्दिक स्पष्ट रूप से एमएस धोनी को अपने गुरु के रूप में मानते हैं, वह एमएस के बहुत करीब हैं। वह जिस नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और जो भूमिका निभाते हैं, वह सफेद गेंद वाले क्रिकेट के इतिहास में धोनी से बेहतर किसी ने नहीं खेला है। उन्होंने एमएस से सही सबक सीखा है। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने भी हार्दिक पांड्या की फिटनेस पर काम करने और आईपीएल के सबसे रोमांचक सीजन में अपनी सोच को सीमित रखने के लिए सराहना की। गावस्कर ने कहा, हार्दिक ने आईपीएल से पहले बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला क्योंकि वह चोटिल थे और पूरी तरह से फिट होने की कोशिश कर रहे थे। वह अब अपनी बल्लेबाजी में जो अनुशासन दिखा रहे हैं, उसे देखें। वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। पावरप्ले और फील्ड प्रतिबंधों का पूरा उपयोग करते हुए, वह हर क्षेत्र में बहुत अच्छा कर रहे हैं। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान ने दावा किया है कि कप्तानी की जिम्मेदारी हार्दिक से सर्वश्रेष्ठ सामने ला रही है और दुनिया आईपीएल 2022 में उनका एक नया संस्करण देख रही है। पठान ने कहा, यह एक नया हार्दिक पांड्या है। यह उनका एक बेहतर संस्करण है। इस सीजन में उन्होंने जिन परिस्थितियों में खेला है, उन्हें देखकर अच्छा लगा।

# फुल टॉस गेंद थी, अंपायर अपने फैसले पर अडिग रहे : सैमसन

मुंबई, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स पर मिली जीत के बाद नो-बॉल संबंधित बहस पर कहा कि यह फुल टॉस गेंद थी जिसे अंपायर ने इसे सामान्य गेंद दिया और वह अपने फैसले पर अडिग रहे। जोस बटलर (119 रन) के शतक और साथी सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल (54 रन) के साथ पहले विकेट के लिये 155 रन की साझेदारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने दो विकेट पर 222 रन बनाये। दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवर में आठ विकेट पर 207 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स को अंतिम ओवर में 36 रन चाहिए थे। रावमैन पॉवेल (28 रन, 15 गेंद, पांच छक्के) ने ओबेद मैकॉय की पहली तीन गेंदों पर छक्के जड़ दिये। लेकिन तीसरी गेंद को नो-बॉल करार नहीं करने पर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत अपने खिलाड़ियों को मैदान से बाहर बुलाने लगे। कोच प्रवीण आमरे इशारे से नो-बॉल चेक करने को कह रहे थे, इससे कुछ देर तक मैच रूक गया। इस पर प्रतिक्रिया करते हुए सैमसन ने कहा, यह छक्का था, यह फुल टॉस गेंद थी। अंपायर ने इसे सामान्य गेंद करार किया था। लेकिन बल्लेबाज इसे नो-बॉल करने की मांग कर रहे थे। लेकिन अंपायर ने अपना फैसला स्पष्ट कर दिया था और वह इस पर अडिग रहे। प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये बटलर का यह आईपीएल 2022 में तीसरा शतक था। इस पर उन्होंने कहा, यह सचमुच विशेष था। मैंने इसका लुत्फ उठाया। मुझे यह वानखेड़े स्टेडियम पसंद है जहां मैंने मुंबई इंडियंस के साथ पहला आईपीएल खेला था।

# हार का सिलसिला तोड़ने और लखनऊ के समीकरण बिगाड़ने उतरेगा मुंबई इंडियन्स

मुंबई, एजेंसी



**प्रदर्शन**

- मुंबई ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह इकाई के रूप में प्रदर्शन करने में नाकाम रहा है

प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी मुंबई इंडियन्स की टीम को अगर अपनी हार का सिलसिला तोड़ना है तो उसे रविवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा मुंबई ने अब तक इस सत्र में अपने सभी सात मैच गंवाये हैं।

पांच बार के चैंपियन के लिये अब तक कुछ भी अनुकूल नहीं रहा है और वह अंकतालिका में अंतिम स्थान पर है। अब कोई चमत्कार ही उसे प्लेऑफ में पहुंचा पाएगा। दूसरी तरफ लखनऊ अच्छी लय में दिख रहा है। उसने सात मैचों में से चार में जीत दर्ज की है लेकिन पिछले मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से 18 रन से हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ ने हालांकि पहले चरण के मैच में मुंबई को 18 रन से हराया था जिससे वह बढ़े मनोबल के साथ मैदान पर उतरेगा। मुंबई ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह इकाई के रूप में प्रदर्शन करने में नाकाम रहा है। मुंबई किसी एक सत्र में पहले सात मैच गंवाने वाली पहली टीम बन गयी है। लगता है कि कप्तान रोहित शर्मा को पता नहीं चल पा रहा है कि आखिर गड़बड़ी कहां हो रही है। रोहित ने टीम के पिछले मैच के बाद कहा था, किसी पर उंगली उठाना मुश्किल है, लेकिन हम मैच में अच्छी शुरूआत नहीं कर रहे हैं। अगर आप जल्दी विकेट गंवा देते हो तो उसका नुकसान होता है। मुंबई के लचर प्रदर्शन का एक कारण सलामी बल्लेबाज रोहित और इशान किशन की खराब फॉर्म है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ दोनों खाता नहीं खोल पाये थे। रोहित ने टूर्नामेंट में अब तक 114 और इशान ने 191 रन बनाये हैं। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने कुछ अच्छी पारियां खेली हैं, जबकि युवा डेवाल्ड ब्रेविस ने भी कुछ मैचों में चमक बिखेरी लेकिन उनमें धैर्य की कमी लगी। मध्यक्रम के सभी बल्लेबाजों को मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड अभी तक केवल 96 रन बनाकर टीम की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं।

गेंदबाजी में मुंबई का दारोमदार जसप्रीत बुमराह पर टिका है लेकिन बाकी गेंदबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। डेनियल सैम्स ने चेन्नई के खिलाफ चार विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन जयदेव उनादकट अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव नहीं कर पाये। टायमल मिल्स, बासिल थम्पी और मुख्य स्पिनर मुरुगन अश्विन भी रनों पर अंकुश नहीं लगा पाये हैं।

# हमारा लक्ष्य राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतना और ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करना : त्रीसा

नई दिल्ली, एजेंसी



त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की बैडमिंटन की महिला युगल जोड़ी ने अपना स्वप्निल सफर जारी रखकर हाल में संपन्न चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन के बाद राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल और उबर कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनायी। भारतीय बैडमिंटन की यह उदीयमान जोड़ी अब आगामी प्रतियोगिताओं में पदक जीतने, विश्व में शीर्ष 10 में जगह बनाने और पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

इन दोनों की जोड़ी को बने हुए अभी 15 महीने से थोड़ा अधिक समय हुआ है लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से विशेष छाप छोड़ी है। वह ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला जोड़ी बनी। उन्होंने ओडिशा ओपन सुपर 100 टूनार्मेंट जीता और सैयद मोदी सुपर 300 प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। त्रीसा ने पीटीआई से कहा, अब लक्ष्य राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल और उबर कप हैं। इसके अलावा हम कड़ी मेहनत करके ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हमारी निगाहें पेरिस ओलंपिक पर हैं, इसलिए हमारा लक्ष्य अगले साल तक शीर्ष 10 में जगह बनाना है। अभी यही लक्ष्य हैं। अठारह साल की त्रीसा केरल के चेरुपुझा की रहने वाली हैं, जहां उनके पिता जॉली मैथ्यू ने उन्हें बैडमिंटन का ककहरा सिखाया। वह शारीरिक शिक्षा शिक्षक हैं। त्रीसा ने कहा, मेरे पिता शारीरिक शिक्षा शिक्षक हैं, इसलिए वह चाहते थे कि उनके बच्चे भी खेल खेलें। मेरी बड़ी बहन (मारिया) राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में अंडर-15 और अंडर-17 में मेरी जोड़ीदार थी। मैं बेहतर प्रदर्शन कर रही थी इसलिए मेरे पिता ने मुझे खेल जारी रखने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा, जब मैंने बैडमिंटन खेलना शुरू किया, तो मुझे अहसास हुआ कि इससे मुझे बहुत खुशी मिलती है। मुझे याद है कि मैंने ओलंपिक में साइना (नेहवाल) को खेलते हुए देखा था।

# शीर्ष वरीय सिटसिपास को हराकर अलकारेज सेमीफाइनल में

बार्सिलोना, एजेंसी

स्पेन के किशोर खिलाड़ी कार्लोस अलकारेज ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच शीर्ष वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास को तीन सेट तक चले मैच में पराजित करके बार्सिलोना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी।

अलकारेज ने राफेल नडाल कोर्ट पर क्वार्टर फाइनल का यह मैच 6-4, 5-7, 6-2 से जीता। यह 18 वर्षीय खिलाड़ी अपने तीसरे खिताब की तलाश में है। उन्होंने फरवरी में रियो डि जनेरियो और इस महीने के शुरू में मियामी में खिताब जीते थे। अलकारेज से हारने से पहले सिटसिपास ने बारिश से प्रभावित इस टूर्नामेंट में ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-1, 6-4 से हराया था जबकि अलकारेज ने हमवतन जॉमे मुनार को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी थी।

सेमीफाइनल में अलकारेज का सामना आस्ट्रेलिया के अलेक्स डि मिनौर से होगा जिन्होंने चौथी वरीयता प्राप्त कैमरन नोरी को 6-3, 5-7, 6-1 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल पाब्लो कारेनो और डिएगो श्वार्टजमैन के बीच खेला जाएगा। कारेनो ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को तीन घंटे तक चले मैच में 4-6, 7-6 (8), 6-3 से पराजित किया। श्वाट्र्जमैन ने तीसरी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को 3-6, 6-2, 6-3 से हराया।

# रवि, बजरंग और गौरव एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में

मंगोलिया, एजेंसी





तोक्यो ओलंपिक के पदक विजेता रवि दहिया और बजरंग पूनिया तथा गौरव बालियान ने शनिवार को यहां दबदबे वाला प्रदर्शन करके एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनायी। सोनीपत के नहरी गांव के रहने वाले ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि ने एक बार फिर अपनी शारीरिक क्षमता और रणनीतिक श्रेष्ठता का परिचय देते हुए पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में पहले जापान के रिकुतो अराई को हराया और बाद में मंगोलिया के जानाबाजार जंदनबुड पर 12-5 से शानदार जीत दर्ज की।

जापानी पहलवान ने शुरू में रवि को परेशान किया लेकिन एक बार अपने प्रतिद्वंद्वी को परखने के बाद भारतीय पहलवान उस पर हावी हो गया और आखिर में तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में मंगोलियाई पहलवान के खिलाफ रवि एक समय 0-4 से पीछे चल रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करके आसानी से जीत दर्ज की। इसके विपरीत तोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतने के बाद पहली बार किसी चैंपियनशिप में खेल रहे बजरंग (65 किग्रा) को फाइनल तक पहुंचने में कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने उज्बेकिस्तान के अब्बोस रखमोनोव और ब्रूनेई के हाजी मोहम्मद अली को आसानी से हराकर स्वर्ण पदक के मुकाबले में प्रवेश किया। गौरव (79 किग्रा) ने अपनी फुर्ती और तकनीकी के दम पर अनुकूल परिणाम हासिल किये। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में तुर्कमेनिस्तान के गुरबनमायरत ओवेजबर्डियेव को केवल 28 सेकेंड में धूल चटा दी थी। सेमीफाइनल में किर्गिस्तान के अरसलान बुडाजापोव ने उन्हें कड़ी चुनौती दी।

जब 14 सेकेंड का समय बचा था तब गौरव 4-5 से पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने जल्द ही स्कोर 6-5 किया और आखिर में 8-5 से जीत हासिल की। भारत के दो अन्य पहलवान सत्यव्रत कादियान (97 किग्रा) और नवीन (70 किग्रा) कांस्य पदक के लिये भिड़ेंगे। भारत इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अब तक दो रजत सहित 10 पदक जीत चुका है।

# इंग्लिश फुटबॉलर हैरी केन को उम्मीद, आईपीएल के इस सीजन में चमत्कार कर सकती है आरसीबी

मुंबई, एजेंसी

इंग्लिश फुटबॉल क्लब टोटेनहम हॉटस्पर के कप्तान हैरी केन ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलौर (आरसीबी) को अपनी पसंदीदा टीम बताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आरसीबी की टीम इस सीजन में चमत्कार कर सकती है। अपनी पसंदीदा आईपीएल टीम के बारे में स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत करते हुए केन ने कहा, मेरी टीम आरसीबी है। मैं भाग्यशाली रहा हूं कि विराट कोहली से कई बार मुलाकात की और उनसे बात की। उन्होंने इस बार कुछ अच्छे खिलाड़ियों को चुना है। वे पिछले साल बदकिस्मत थे लेकिन उन्होंने इस साल सही काम किया, उन्होंने अच्छी शुरूआत की। आईपीएल में कुछ बेहतरीन टीमें हैं। मैं उन सभी को ईमानदारी से देखना पसंद करता हूं लेकिन उम्मीद है कि आरसीबी अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। उन्होंने विराट कोहली की बल्लेबाजी के बारे में भी बात की और एक व्यक्ति के रूप में उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उन्हें क्रिकेट खेलने और आईपीएल देखने में मजा आता है।

केन ने कहा, हम डेढ़ साल से क्रिकेट खेल रहे हैं और यह मजेदार है। हमें क्रिकेट खेलने में मजा आता है, जाहिर है कि इस समय आईपीएल चल रहा है इसलिए हम इसे देखने का भी आनंद ले रहे हैं। विराट को देखना अविश्वसनीय है। वह एक वास्तविक डाउन टू अर्थ लड़का है। उनकी बल्लेबाजी और जुनून और आग है। उन्हें खेलते हुए देखना शानदार है। बता दें कि आरसीबी अब तक 7 मुकाबलों में से 5 मुकाबले जीतकर 10 अंक हासिल कर चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### यूक्रेन-वार्ता के लिए अमेरिका ने 40 देशों को भेजा आमंत्रण

वाशिंगटन। अगले सप्ताह जर्मनी में यूक्रेन पर अमेरिका द्वारा आयोजित रक्षा वार्ता में भाग लेने के लिए लगभग 40 देशों को आमंत्रित किया गया है, और 20 से अधिक देश पहले ही भाग लेने के लिए सहमत हो चुके हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने यह जानकारी दी। श्री किर्बी ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, लगभग 40 देशों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। मैं आपको बता सकता हूं कि 20 से अधिक आमंत्रित राष्ट्र आने के लिए सहमत हुए हैं इसलिए हम उस बैठक का आयोजन कर रहे हैं। किर्बी ने गुरुवार को घोषणा की कि अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन 26 अप्रैल को जर्मनी में यूक्रेन रक्षा सलाहकार समूह की बैठक के लिए अपने कई समकक्षों की मेजबानी करेंगे।

### वाशिंगटन डीसी में गोलीबारी, तीन घायल

वाशिंगटन। वाशिंगटन डीसी में शुक्रवार को एक गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों को गोली लगी। एक पुलिस प्रवक्ता ने स्पूतनिक को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा, हम गोलीबारी की खबरों पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। तीन पीड़ितों को गोली मारी गई है। इनमें दो पुरुष और एक महिला है। मुझे उनकी उम्र या स्थिति का पता नहीं है। मीडिया फुटेज में दिखाया गया है कि पुलिस अधिकारी एक व्यक्ति को हिरासत में ले रहे हैं, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि वह बंदूकधारी था या नहीं। क्षेत्र में भारी पुलिस बल है। प्रत्यक्षदर्शियों ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने करीब 20 राउंड गोलियों की आवाज सुनी। शूटिंग के बाद उत्तर पश्चिमी वाशिंगटन डीसी में दर्जनों पुलिस, दमकल और एम्बुलेंस वाहनों के साथ-साथ एक हेलीकॉप्टर को मौके पर पहुंचाया गया।

### 26 अप्रैल को लावरोव से बातचीत के लिए रूस पहुंचेंगे गुटेरेस

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 26 अप्रैल को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत के लिए मॉस्को आने वाले संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की अगवानी करेंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा, मंगलवार 26 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत के लिए मॉस्को आएंगे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा उनकी अगवानी की जाएगी।

### आरएसएस नेता श्रीनिवासन हत्याकांड में छह पीएफआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

पालक्काड। मेलमुरी के राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के जिला पदाधिकारी ए श्रीनिवासन की हत्या की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के दो और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया, जिससे मामले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या छह हो गई। इस मामले से संबंधित चार लोगों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। पीएफआई के स्थानीय नेता ए सुबैर और श्रीनिवासन की मौत की जांच कर रहे एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) विजय सखारे ने कहा कि पुलिस ने शुक्रवार को पास के पलक्कड़ शहर में रहने वाले अशरफ और अफथक को हमलावरों की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया। इस बीच, सुबैर हत्याकांड की जांच कर रही एसआईटी ने आरएसएस के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया, जो सीधे तौर पर हत्या में शामिल थे। पुलिस ने बताया कि बाकी के बचे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जांच की जा रही है।

# रूस ने अपने सैनिकों को पूर्वी यूक्रेन में भेजना शुरू किया

कीव, एजेंसी



रूस और यूक्रेन के बीच युद्धग्रस्त देश के औद्योगिक गढ़ पर नियंत्रण को लेकर संघर्ष शुरू हो सकता है क्योंकि यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया है कि रूस ने अपनी सैन्य इकाइयों को मारियुपोल बंदरगाह से पूर्वी यूक्रेन भेजना शुरू कर दिया है। इस बीच, रूस ने शुक्रवार को बताया कि युद्धपोत मोस्कवा में आग लगने के बाद एक सैनिक की मौत हो गई और 27 अन्य लापता हो गए। यह पोत एक सप्ताह पहले यूक्रेन के मिसाइल हमले के बाद डूब गया था।

रूसी सेना ने पहले बताया था कि उसमें सवार सभी लोगों को बचा लिया गया है। साथ ही शुक्रवार को, उपग्रह से ली गई तस्वीरों में मारियुपोल के पास स्थित एक शहर में एक दूसरा संभावित सामूहिक कब्रिस्तान दिखा, जहां यूक्रेनियों को एक इस्पात संयंत्र में छुपाया गया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने युद्धपोत पर एक हमले को स्वीकार नहीं किया। उसका कहना है कि गोला बारूद के विस्फोट के बाद उसमें आग लग गई। उसने हालांकि यह नहीं बताया कि यह यह कैसे हुआ। निर्देशित मिसाइल क्रूजर का नुकसान मास्को के लिए एक अपमानजनक झटका था। यह पोत रूस के काला सागर बेड़े का मुख्य पोत था।

मारियुपोल कई सप्ताह की बमबारी के बाद काफी हद तक मलबे में तब्दील हो गया है। रूसी सरकारी टीवी ने मॉस्को समर्थक डोनेट्स्क अलगाववादियों का झंडा दिखाया, जो शहर के सबसे ऊंचे बिंदु यानी टीवी टॉवर पर लगा है। इसने शहर के अजोवस्टल स्टील प्लांट की मुख्य इमारत को आग की लपटों में घिरा भी दिखाया। यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव ओलेक्सी डैनिलोव ने कहा कि क्रेमलिन ने यूक्रेन में लड़ाई में सीरिया और लीबिया से 100,000 से अधिक सैनिकों और भाड़े के सैनिकों को उतारा है और देश में हर दिन अधिक सेना तैनात कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारे समक्ष मुश्किल स्थिति है, लेकिन हमारी सेना हमारे देश की रक्षा कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि डोनबास के कई शहर और गांव और साथ ही खारकीव क्षेत्र बमबारी की चपेट में आए। यह यूक्रेन के पूर्वी इलाके में एक औद्योगिक क्षेत्र है जिसे क्रेमलिन ने युद्ध का नया केंद्र घोषित किया है। महापौर कार्यालय ने बताया कि रूसी सेना ने यूक्रेन के उन 2,000 लड़ाकों को निशाना बनाया है जो अभी भी विशाल अजोवस्टल संयंत्र के अंदर छुपे हुए हैं। मारियुपोल के मेयर के सलाहकार पेट्रो एंड्रीशचेंको ने कहा, हर दिन वे अजोवस्टल पर कई बम गिराते हैं। लड़ाई, गोलाबारी, बमबारी बंद नहीं हो रही।

अन्य घटनाक्रमों में, एक वरिष्ठ रूसी सैन्य अधिकारी ने सार्वजनिक रूप से रूसी युद्ध के उद्देश्य को रेखांकित किया जो क्रेमलिन ने हाल के हफ्तों में जो कहा है, उससे कहीं अधिक व्यापक प्रतीत होता है। रुस्तम मिनेकेयेव ने कहा कि रूस की सेना का लक्ष्य पूर्वी यूक्रेन के अलावा दक्षिणी यूक्रेन पर पूर्ण नियंत्रण रखना है और ऐसा करने से मोल्दोवा देश के लिए रास्ता खुल जाएगा, जहां रूस ट्रांसनिस्ट्रिया के क्षेत्र का समर्थन करता है।

दक्षिणी यूक्रेन से मोल्दोवा के लिए मार्ग खोलने को लेकर रूसी सेना के बारे में मिनेकेयेव की घोषणा के जवाब में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने चेतावनी दीः यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को केवल शुरूआत माना गया था; इसके अलावा, वे दूसरे देशों को हथियाना चाहते हैं। मोल्दोवा के अधिकारी यूक्रेन में पुतिन के कार्यों को सावधानी से देख रहे हैं, और जेलेंस्की के सलाहकार मायखाइलो पोडोलीक ने कहा कि रूस हमेशा हर किसी से झूठ बोल रहा था और वास्तव में, शुरू से ही, वह ट्रांसनिस्ट्रिया के लिए एक मार्ग सुरक्षित करने के लिए यूक्रेन के कुछ क्षेत्रों को हथियाना चाहता था।

मैक्सार टेक्नोलॉजीज की नवीनतम उपग्रह तस्वीरों से मारियुपोल के पास एक दूसरा सामूहिक कब्रिस्तान दिखता प्रतीत हो रहा है। मैक्सार ने एक बयान में कहा कि विनोहरदने शहर में एक कब्रिस्तान वाले स्थल पर लगभग 40 मीटर लंबी कई नयी खोदी गई समानांतर खाइयां दिख रही हैं। एक दिन पहले, मैक्सार ने मारियुपोल के बाहर मानहुश शहर में एक कब्रिस्तान के बगल में 200 से अधिक ताजा खोदी गई सामूहिक कब्रों को दिखाने वाली तस्वीरें जारी की थीं। इसके बाद यूक्रेन ने आरोप लगाया कि रूस शहर में नागरिकों की हत्या को छिपाने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेनी अधिकारियों ने अनुमान जताया कि बृहस्पतिवार को जारी तस्वीरों में देखी गई कब्रों में 9,000 शव हो सकते हैं। क्रेमलिन ने उपग्रह से ली गयी तस्वीरों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस्पात संयंत्र में यूक्रेनियों के छिपे होने के बावजूद मारियुपोल की लड़ाई में जीत की घोषणा की है।

पूर्व को नियंत्रण में करने के अभियान के कई दिन बीत चुके हैं, सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि मॉस्को की सेना अब भी बढ़ रही है और डोनबास में कोई बड़ी सफलता हासिल नहीं की है या कोई महत्वपूर्ण जमीन हासिल नहीं की है। हालांकि, दोनेत्स्क क्षेत्र में शुक्रवार को एक छोटे से शहर और दो गांवों में गोलाबारी में तीन नागरिकों की मौत हो गई, जो डोनबास का हिस्सा है। यह जानकारी क्षेत्रीय गवर्नर पावलो किरिलेंको ने एक मैसेजिंग ऐप पर दी। किरिलेंको ने कहा कि रूसियों ने क्षेत्र की कम से कम 20 बस्तियों पर गोलीबारी की। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत रुक गई है क्योंकि मॉस्को को कीव से उसके नवीनतम प्रस्तावों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है, जिसका विवरण जारी नहीं किया गया है। वार्ता में पुतिन के प्रमुख वातार्कार व्लादिमीर मेडिंस्की ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख के साथ लंबी बातचीत की। उन्होंने बातचीत का कोई ब्योरा नहीं दिया।

### दक्षिण यूक्रेन में पूर्ण कब्जे की फिराक में है रूसी सेना

**कीव।** रूस के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा है कि देश की सेना दक्षिणी यूक्रेन और पूर्वी डोनबास क्षेत्र पर पूर्ण कब्जे की तैयारी कर रही है। बीबीसी ने रूस के मेजर जनरल रुस्तम मिनेकेयेव के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। मेजर जनरल मिनेकेयेव ने कहा कि यदि रूस इसमें कामयाब हो जाता है तो देश क्रीमिया के लिए एक भूमि पुल तैयार कर सकेगा, जिसपर उसने 2014 में कब्जा कर लिया था और मोल्दोवा में रूस-समर्थित ट्रांसनिस्ट्रिया क्षेत्र को प्रवेश मार्ग भी प्रदान किया था। रूसी भाषी ट्रांसनिस्ट्रिया पश्चिम से यूक्रेन की सीमा से लगा हुआ है। सोवियत संघ के पतन के बाद इसने स्वतंत्रता का दावा किया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे मान्यता नहीं मिली इसलिए यह आधिकारिक तौर पर मोल्दोवा का हिस्सा बना हुआ है। लगभग 1,500 रूसी सैनिकों की एक छोटी टुकड़ी वर्ष 1995 से इस क्षेत्र में एक संघर्ष विराम समझौते के तहत तैनात की गई है। यह स्पष्ट नहीं है कि मेजर जनरल मिनेकेयेव की टिप्पणियों को क्रेमलिन द्वारा आधिकारिक तौर पर मंजूरी दी गई थी, लेकिन इंटरफैक्स और टास समाचार एजेंसियों सहित रूसी मीडिया में उनका व्यापक रूप से जिक्र किया गया है। इस बीच, यूरोपीय संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उनका मानना है कि रूस आने वाले दिनों में पूर्वी यूक्रेन और दक्षिणी तट पर अपने हमले तेज कर सकता है।

### नमाज के दौरान मस्जिद में बड़ा धमाका

**काबुल।** अफगानिस्तानमें एक बार फिर जुमे की नमाज के दौरान आतंकियों ने खून की होली खेली है। उत्तरी अफगानिस्तान में जुमे की नमाज के दौरान हुए एक मस्जिद में विस्फोट में 33 लोगों की मौत हो गई है। बम विस्फोट में 50 के आसपास लोग घायल भी हैं। तालिबान के प्रवक्ता ने बताया कि इस्लामिक स्टेट द्वारा दो अलग अलग घातक हमलों के दावे के एक दिन बाद यह विस्फोट हुआ है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने ट्वीट किया कि उत्तरी प्रांत कुंदुज की एक मस्जिद में हुए विस्फोट में मारे गए 33 लोगों में बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, हम इस अपराध की निंदा करते हैं। और शोक संतप्त लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई फोटोज को तुरंत सत्यापित नहीं किया जा सका है। तमाम फोटोज में कुंदुज शहर के उत्तर में सूफियों के साथ लोकप्रिय मावलवी सिकंदर मस्जिद की दीवारों को विस्फोट के बाद क्षतिग्रस्त दिखाया गया है। शवों के जगह-जगह चिथड़े व लोथड़े दिखाई दे रहे हैं। मस्जिद के पास एक दुकान के मालिक मोहम्मद एसाह ने कहा, मस्जिद का नजारा भयावह था। मस्जिद के अंदर नमाज पढ़ने वाले सभी लोग या तो घायल हो गए या मारे गए। स्थानीय जिला अस्पताल की एक नर्स ने फोन पर एएफपी को बताया कि विस्फोट में 30 से 40 लोगों के हताहत हुए हैं।

## शी ने मुझसे कहा था कि चीन के खिलाफ है क्वाड : बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग ने एक बार उनसे कहा था कि वह चीन के खिलाफ क्वाड को मजबूत कर रहे हैं।

बाइडन ने सिएटल स्थित एक निजी आवास पर पार्टी के वास्ते धन एकत्रित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, मैंने शी चिनफिंग को संकेत दिया था कि मैं क्वाड (ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका) के बीच सहयोग को बढ़ा रहा हूं। इस पर उन्होंने कहा कि आप हमें प्रभावित करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। लेकिन मैंने कहा, ऐसा नहीं है। बाइडन ने कहा कि उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि क्वाड इसलिए है, क्योंकि हम उन लोगों को एकसाथ रखने की कोशिश कर रहे हैं जिनके पास हिंद-प्रशांत में एकसाथ काम करने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि भारत समेत अन्य देशों की अपनी-अपनी समस्याएं हैं, लेकिन तानाशाह जिस बात से सबसे ज्यादा डरते हैं, वह यह धारणा है कि हम एकसाथ मिलकर काम कर सकते हैं और उनके विपरीत काम कर सकते हैं जो वास्तव में निरंकुश हैं। उन्होंने कहा कि केवल चीन और रूस की बात नहीं हो रही, बाइडन की नजर में कई देश निरंकुश बन गये हैं। बाइडन ने कहा कि जब वह निर्वाचित हुए तो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोचा कि वह आसानी से नाटो को तोड़ने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि यह शुरूआत से ही उनके उद्देश्य का एक हिस्सा था, मैं यह आठ साल से कह रहा हूं।

बाइडन ने कहा, ह्यह्यहालांकि विडंबना है कि ... उन्हें वही मिला जो वह नहीं चाहते थे। वह यूरोप पर प्रभाव जमाना चाहते थे। इसके बजाय, फिनलैंड के राष्ट्रपति ने मुझसे कहा कि वह मुझसे मिलना चाहते हैं और नाटो में शामिल होना चाहते थे, और स्वीडन भी नाटो में शामिल होना चाहता है। उनके कदम से उसके विपरीत परिणाम सामने आ रहे हैं जो वह चाहते थे।

उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि इससे सब कुछ आसान हो जाता है। लेकिन मुद्दा यह है कि हमारे पास एक ऐसी परिस्थिति है जिसमें यूक्रेनी लोग अविश्वसनीय रूप से बहादुर हैं; वे अविश्वसनीय रूप से प्रतिबद्ध हैं, न केवल प्रशिक्षित सेना बल्कि सड़कों पर उतरे लोग।

उन्होंने कहा, वे पुतिन के इस सिद्धांत का झुठला रहे हैं कि चूंकि वे पृष्ठभूमि में स्लाव हैं और कई रूसी बोलते हैं, वहां स्वागत किया जाएगा। लेकिन ठीक इसके विपरीत हुआ है।

### आर्मेनिया : 25 अप्रैल से सरकार के इस्तीफे के लिए धरना देगा विपक्ष

**येरेवान।** आर्मेनिया में विपक्ष ने फैसला किया है कि वह मौजूदा सरकार का इस्तीफा लेने के लिए और नागोर्नो-कराबाख गणराज्य पर नीति के बदलाव के लिए 25 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। आर्मेनियन संसद के उपाध्यक्ष इशखान सघतेलियन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सघतेलियन ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा, हम अपनी टीम, अपने सभी संसाधनों और हजारों समर्थकों के साथ, राष्ट्र-विरोधी अधिकारियों के इस्तीफे के लिए लड़ने के लिए सड़क पर उतर रहे हैं। 25 अप्रैल से, हम पूरे आर्मेनिया में लगातार विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां आर्मेनिया और गैर-मान्यता प्राप्त नागोर्नो-कराबाख गणराज्य दोनों के लिए विनाशकारी हैं। उन्हें डर है कि प्रधानमंत्री निकोल पशिनियन की सरकार अधिक रियायतें देकर अंततः आर्मेनिया के राज्य को खतरे में डाल सकती है। उन्होंने कहा, यह सत्ता के लिए संघर्ष नहीं है, यह आर्मेनिया के कलाख (नागोर्नो-कराबाख के लिए आर्मेनियाई उपनाम) के लिए, राज्य के लिए एक संघर्ष है... एक राष्ट्रव्यापी संघर्ष जिसे राष्ट्रव्यापी प्रतिरोध में विकसित होना चाहिए।

## यूक्रेन पर हमले के बावजूद जी-20 में रूस की सदस्यता को खतरा नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

पिछली बार रूस ने जब 2014 में यूक्रेन पर आक्रमण किया था तो इससे गुस्साए विश्व नेताओं ने उसे आठ औद्योगिक देशों के समूह से बाहर कर दिया था और तुरंत सात देशों के समूह के रूप में इसका नाम रख दिया था लेकिन इस बार जी-20 में उसकी सदस्यता जाने के आसार नहीं दिख रहे हैं। आठ साल बाद जी-7 अब भी सात देशों का समूह है जो व्यापार, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा जैसे बड़े मुद्दों पर बातचीत करने के लिए बैठक करता है।

पिछले सप्ताह जब विश्व के नेता वाशिंगटन में बैठक के लिए जुटे तब इसके संकेत मिले कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बावजूद जी-20 में उसकी सदस्यता बनी हुई है। इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, जी-7 और 20 देशों के वृहद समूह के अधिकारी शामिल हुए थे। रूस को पश्चिमी देशों द्वारा अलग-थलग करने के बावजूद वह तब तक जी-20 का सदस्य बना रहेगा जब कि कि सदस्य देश इस सहमति पर न पहुंचे कि उसे इससे बाहर करना चाहिए।

चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका समेत कई देशों ने साफ कर दिया है कि वे जी-20 में रूस की सदस्यता का समर्थन करेंगे। अब सवाल यह है कि रूस कई देशों के नकारात्मक रुख के बावजूद इस समूह में क्यों बने रहना चाहता है। इसकी झलक पिछले हफ्ते दिखी थी जब रूस ने आईएमएफ की अहम सलाहकार समिति को यूक्रेन पर उसके हमले की निंदा करने वाला परिपत्र जारी करने से रोक दिया था।

आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जिवा से जब रूस को जी-20 से बाहर करने की संभावना के बारे में पूछा गया तो वह इस सवाल से बचती नजर आयी। उन्होंने कहा, उन सवालों की सूची बनाइए जो कोई देश खुद से हल नहीं कर सकते हैं। जाहिर है कि सहयोग जारी रहना चाहिए। विश्व बैंक ने कहा है कि उसने फरवरी में हमले के बाद से रूस तथा उसके सहयोगी बेलारूस में अपने सभी कार्यक्रम रोक दिए हैं और 2014 के बाद से रूस में किसी नए निवेश को मंजूरी नहीं दी है। आईएमएफ ने कहा कि उसने दशकों से रूस को कोई कर्ज नहीं दिया है और वहां किसी कार्यक्रम के लिए सहयोग नहीं दिया है।

आईएमएफ की बैठक में विवाद उन समस्याओं को उजागर करता है जिसका सरकार के नेता नवंबर में इंडोनेशिया में सामना कर सकते हैं जब जी-20 नेता बाली में एकत्रित होंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस को समूह से बाहर निकालने का आह्वान किया है लेकिन अमेरिका ने अभी यह नहीं बताया कि अगर रूस इस बैठक में भाग लेता है तो क्या बाइडन इसका बहिष्कार करेंगे। जी-20 के सदस्य अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ हैं। स्पेन स्थायी मेहमान के तौर पर आमंत्रित है। रूस की सदस्यता के सबसे बड़े आलोचक अमेरिका और कनाडा हैं।

## जम्मू-कश्मीर के दौरे पर प्रधानमंत्री 20 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को जम्मू कश्मीर में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश के दोनों क्षेत्रों के बीच हर बारहमासी संपर्क स्थापित करने के लिए बनिहाल-काजीगुंड सड़क सुरंग का उद्घाटन भी शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि मोदी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में भाग लेने और देश भर की ग्राम सभाओं को संबोधित करने के लिए वहां जा रहे हैं। वह सांबा जिले की पल्ली पंचायत का भी दौरा करेंगे। पीएमओ के मुताबिक, देश के हर जिले में 75 जलाशयों के विकास और पुनर्जीवन के प्रयास के तहत प्रधानमंत्री अमृत सरोवर नाम से एक नई पहल शुरू करेंगे। बयान में कहा गया है कि मोदी शाम को मुंबई में मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार समारोह में शामिल होंगे, जहां उन्हें पहला लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार मिलेगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह उल्लेख किया है कि यह पुरस्कार लता मंगेशकर की स्मृति में शुरू किया गया है और राष्ट्र निर्माण में अनुकरणीय योगदान देने के लिए हर साल एक व्यक्ति को दिया जाएगा। मोदी के जम्मू कश्मीर के दौरे पर बयान में पीएमओ ने कहा कि सरकार संवैधानिक सुधारों के बाद अभूतपूर्व गति से शासन में सुधार और क्षेत्र के लोगों के लिए जीवन की सुगमता बढ़ाने के लिए व्यापक सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। पीएमओ द्वारा संवैधानिक सुधारों का उल्लेख करना अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने की ओर परोक्ष इशारा है। पीएमओ ने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जा रहा है या जिनकी आधारशिला रखी जाएगी, वे बुनियादी सुविधाओं को सुविधाजनक बनाने, आवाजाही में सुगमता और क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास को सुनिश्चित करने का काम करेंगे। मोदी 3,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनी बनिहाल-काजीगुंड सड़क सुरंग का उद्घाटन करेंगे। 8.45 किलोमीटर लंबी सुरंग बनिहाल और काजीगुंड के बीच सड़क की दूरी को 16 किलोमीटर कम कर देगी और यात्रा के समय को लगभग डेढ़ घंटे कम कर देगी। पीएमओ ने कहा कि यह एक जुड़वां ट्यूब सुरंग है जो दोनों ओर के यातायात के लिए है तथा रखरखाव एवं आपातकालीन निकासी के लिए प्रत्येक 500 मीटर पर दोनों ओर की सुरंग आपस में जोड़ी हुई हैं। पीएमओ ने कहा कि सुरंग जम्मू कश्मीर के बीच हर मौसम में संपर्क स्थापित करने और दोनों क्षेत्रों को करीब लाने में मदद करेगी।

## सिंगापुर में भारतीय नागरिक को ताक-झांक के जुर्म में जेल की सजा

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर में 28 वर्षीय भारतीय नागरिक को ताक-झांक करने के दो आरोप स्वीकार करने के बाद शुक्रवार को 11 हफ्तों की जेल की सजा सुनायी गयी। पूमलई प्रशांत को आपराधिक रूप से प्रवेश करने समेत चार अन्य आरोपों पर विचार करते हुए सजा सुनायी गयी। उसकी कंपनी ने उसे फेयरमॉन्ट सिंगापुर होटल में एलुमीनियम के पैनल की सफाई करने का काम दिया था लेकिन उसने 16 वर्षीय अमेरिकी छात्रा का वीडियो बना लिया जो वहां महिलाओं के शौचालय का इस्तेमाल कर रही थी। उसके मोबाइल फोन में तकरीबन 2,000 अन्य आपत्तिजनक वीडियो भी मिले। अपराध के वक्त पूमलई के पास काम का परमिट था। पिछले साल 11 मार्च को उसने एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल की 16 वर्षीय छात्रा को निशाना बनाया।





















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129